* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

13 जून, 2025
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, द्वितीया
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा


# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 233

भारत में अब तक के पांच बड़े प्लेन हादसे






पेज 03 देखें

अहमदाबाद में विमान डॉक्टर हॉस्टल की बिल्डिंग से टकराया

कोई देवर की शादी में आया था कोई बेटे से मिलने जा रहा था

## लंदन जा रहा एअर इंडिया विमान एआइ-171 अहमदाबाद में क्रैश

# क्रू मेंबर समेत 241 यात्रियों की मौत, एक यात्री बचा

- गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का भी हादसे में निधन
- 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, सात पुर्तगाली, एक कनाडाई नागरिक और 12 क्रू मेंबर समेत कुल 242 लोग थे सवार
- डॉक्टर हॉस्टल की बिल्डिंग से टकरायी प्लेन, कई इंटर्न डॉक्टर की हुई मौत, कई अन्य लोग घायल
- गृहमंत्री अमित शाह पहुंचे अहमदाबाद, हादसे की ली जानकारी
- रनवे 23 से दोपहर 1.38 बजे पर उड़ान भरी और 1.40 बजे 625 फीट की उंचाई पर क्रैश हो गया
- प्लेन की सीट नंबर 11-ए पर बैठे हुए भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक रमेश विश्वास कुमार हादसे में एकमात्र जिंदा बचे

आजाद सिपाही संवाददाता

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में गुरुवार दोपहर एअर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन क्रैश हो गया। इसमें 12 क्रू मेंबर समेत 242 लोग सवार थे। इसमें 241 लोगों की मौत हो गयी। इस हादसे में एकमात्र जिंदा बचे भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक रमेश विश्वास कुमार प्लेन की सीट नंबर 11-ए पर बैठे हुए थे। हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का भी निधन हो गया है।

अहमदाबाद के पुलिस कमिश्नर ने बताया है कि प्लेन की सीट नंबर 11-ए पर बैठे हुए भारतीय मूल के ब्रिटिश नागरिक रमेश विश्वास कुमार हादसे में जिंदा बच गये हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह अहमदाबाद विमान दुर्घटना स्थल पर पहुंचे। उन्होंने घटना की जानकारी ली। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू किंजरापु और गुजरात के गृह मंत्री हर्ष संघवी भी उनके साथ थे।

**रनवे 23 से 1.30 बजे भरा था उड़ान :** जानकारी के अनुसार विमान ने अहमदाबाद एयरपोर्ट के रनवे 23 से दोपहर 1.38 बजे पर उड़ान भरी। इसके कुछ देर बाद ही पायलट ने एटीसी को मेडे की कॉल की थी, लेकिन जब एटीसी ने एयरक्राफ्ट से संपर्क साधने की कोशिश की तो कोई जवाब नहीं मिला। विमान टेकऑफ के महज दो मिनट बाद 1.40 बजे क्रैश हो गया। उस समय प्लेन 625 फीट की ऊंचाई पर था। शुरुआती जानकारी के मुताबिक विमान के इंजन में तकनीकी खराबी के कारण यह हादसा हुआ।

**डॉक्टर के हॉस्टल की छत पर गिरा विमान :** प्राप्त जानकारी के अनुसार विमान में धमाका हुआ। इसके बाद यह हवाइ अड्डा परिसर के बाहर सिविल अस्पताल के डॉक्टरों के हॉस्टल की छत पर गिरा और आग लग गयी। चारों ओर धुआं फैल गया। प्लेन का हिस्सा हॉस्टल में धंस गया, जबकि इसके टुकड़े चारों ओर बिखर गये। वहां की पार्किंक में खड़ी कई गाड़ियों में भी आग लग गयी। हादसे की जगह से मिले ज्यादातर शव इतनी बुरी तरह झुलस चुके हैं कि उनकी पहचान करने में बेहद मुश्किल आ रही है। उनकी पहचान डीएनए टेस्ट के बाद ही संभव होगी।

**114 महिलाओं और 11 बच्चे हुए हादसे के शिकार :** एअर इंडिया की उड़ान संख्या एआइ-171 अहमदाबाद से लंदन जा रही थी। इसमें 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक समेत कुल 230 यात्री सवार थे। 103 पुरुष, 114 महिलाएं, 11 बच्चे और 2 नवजात शामिल हैं। बाकी 12 क्रू मेंबर्स थे।

**एक-एक करोड़ की सहायता राशि देगा टाटा संस:** इस हादसे पर टाटा संस के अध्यक्ष एन चंद्रशेखरन शोक व्यक्त किया है। टाटा समूह इस त्रासदी में जान गंवाने वाले प्रत्येक व्यक्ति के परिवारों को 1 करोड़ रुपये की सहायता राशि देगा। हम घायलों के चिकित्सा व्यय को भी वहन करेंगे और सुनिश्चित करेंगे कि उन्हें सभी आवश्यक देखभाल और सहायता मिले। इसके अतिरिक्त, हम बीजे मेडिकल के छात्रावास के निर्माण में सहायता प्रदान करेंगे।




## खंडहर हुआ हॉस्टल, कइयों की हुई मौत

बोइंग विमान जिस बिल्डिंग में टकराया, उसमें अहमदाबाद के सिविल हॉस्पिटल के रेजिडेंट डॉक्टर रहते हैं। जानकारी के मुताबिक हादसे के समय इमारत में 50 से 60 रेजिडेंट डॉक्टर मौजूद थे, इनमें 15 से ज्यादा घायल हो गये हैं। छह से अधिक डाक्टरों के मरने की सूचना आ रही है। विमान में आग लगने से उठे धुएं से हॉस्टल की बिल्डिंग पूरी तरह काली पड़ गयी। हर तरफ सिर्फ मलबा पड़ा है। हॉस्टल खंडहर जैसा हो गया है।



‘ अहमदाबाद में हुए दुखद विमान हादसे के बारे में जान कर मैं बहुत व्यथित हूं। यह एक हृदय विदारक आपदा है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं प्रभावित लोगों के साथ हैं। इस अवर्णनीय दुख की घड़ी में पूरा देश उनके साथ खड़ा है।

\- द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति



‘ अहमदाबाद में हुई त्रासदी ने हमें स्तब्ध और दुखी कर दिया है। यह शब्दों से परे दिल दहला देने वाली घटना है। इस दुखद घड़ी में, मेरी संवेदनाएं इससे प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। मैं मंत्रियों और अधिकारियों के संपर्क में हूं जो प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे हैं।’

\- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री



‘ गुजरात के अहमदाबाद में हवाई जहाज के दुर्घटनाग्रस्त होने की अत्यंत हृदयविदारक घटना से स्तब्ध हूं। दुर्घटना में हताहत हुए लोगों और उनके परिवारजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं हैं। मरांग बुरु सभी की रक्षा करें।’

\- हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री

## हादसे में बचे रमेश बोले, होश आया तो सिर्फ लाशें दिखीं



हादसे में बचे रमेश विश्वास कुमार ने कहा कि टेकऑफ के 30 सेकंड बाद ही प्लेन जबरदस्त आवाज के साथ क्रैश हो गया। मुझे होश आया तो मेरे अगल-बगल लाशें ही लाशें थीं। प्लेन के टुकड़े चारों तरफ बिखरे हुए थे। मुझे किसी ने उठाया और एंबुलेंस में डाल दिया। मेरा भाई भी मेरे साथ प्लेन में सफर कर रहा था। प्लीज उसे ढूंढने में मेरी मदद कीजिए।




## पायलट ने आखिरी समय पर ‘मे-डे’ कॉल किया था

विमान के पायलट सुमित सुब्बरवाल ने आखिरी मौके पर ‘मे-डे’ कॉल दिया था। यह एक अंतरराष्ट्रीय आपातकालीन कॉल है, जिसे पायलट उस स्थिति में भेजता है जब विमान गंभीर संकट में हो और उसे इमरजेंसी हेल्प की जरूरत हो। ‘मे-डे’ की उत्पत्ति फ्रेंच शब्द से हुई है, जिसका अर्थ होता है ‘मदद कीजिए’। इसे तीन बार दोहराया जाता है।

## पायलट को 8200 घंटे का उड़ान का अनुभव

विमान के कैप्टन सुमीत सब्बरवाल थे। उनके साथ फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर थे। कैप्टन सुमीत सब्बरवाल एक एलटीसी थे। उनके पास 8200 घंटे का उड़ान का अनुभव था। को-पायलट के पास 1100 घंटे का उड़ान का अनुभव था। एलटीसी का मतलब है लाइन ट्रेनिंग कैप्टन। ये अनुभवी पायलट होते हैं, जो दूसरे पायलटों को ट्रेनिंग देते हैं।

## पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी बेटी से मिलने जा रहे थे लंदन

आजाद सिपाही संवाददाता

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में गुरुवार को एयर इंडिया के विमान हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का निधन हो गया। गुजरात भाजपा अध्यक्ष सीआर पाटिल ने इसकी पुष्टि की है। रूपाणी अपनी बेटी से मिलने जा रहे थे। हादसे की खबर मिलने के बाद से रूपाणी के घर पर मातम पसरा हुआ था। अब उनके निधन की खबर मिलने के बाद उनके रोते-बिलखते परिजनों की तस्वीरें भी सामने आयी हैं। इससे पहले रूपाणी की एक ओर तस्वीर भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही थी, जिसमें वह विमान में बैठे हुए नजर आ रहे थे। रूपाणी 68 साल के थे। वह 2016 से 2020 तक गुजरात के मुख्यमंत्री रहे। मुख्यमंत्री बनने से पहले रुपाणी जुलाई, 2006 से 2012 के बीच राज्यसभा सदस्य रहे। साल 2014 में गुजरात के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफे के बाद प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी की जगह आनंदीबेन पटेल ने ली थी। इसके लगभग दो साल बाद अगस्त, 2016 में विजय रुपाणी मुख्यमंत्री बने थे। वह तीन साल से पंजाब और चंडीगढ़ इखढ के प्रभारी थे। उन्होंने तीन दिन पहले लुधियाना में वेस्ट हलका के उपचुनाव में पार्टी उम्मीदवार जीवन गुप्ता के लिए प्रचार किया था। इससे पहले 3 जून को पार्टी उम्मीदवार जीवन गुप्ता का नामांकन भरवाया था।


विमान में बैठे विजय रूपाणी



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
200000 Subscribers
VIEWERSHIP 5 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 13 जून, 2025
www.azadsipahi.in


# देश के हर नागरिक को सशक्त बनाना मोदी सरकार का लक्ष्य

## ■ भारत बनेगा उद्यमियों का हब, स्टार्टअप को बढ़ावा, यूनिकॉर्न में होगा इजाफा

## ■ देश के चौतरफा विकास की गाथा सुन हर किसी की आंख चमकी

## ■ न्यू इंडिया के इस दौर में नेशन फर्स्ट की पॉलिसी के तहत हो रहा विकास

## ■ इंफ्रा, हेल्थ, रोजगार, गरीब कल्याण, मिडल क्लास, से लेकर हर सेक्टर को मजबूती प्रदान कर रही मोदी सरकार

मोदी सरकार के 11 साल। इन 11 सालों में मोदी सरकार ने भारत को कई क्षेत्रों में मजबूती प्रदान की। इसमें 'सबका साथ सबका विकास' पर बल दिया गया। 'नेशन फर्स्ट' की पॉलिसी पर चलने वाली मोदी सरकार ने हमेशा देश को आगे रखा। देश सुरक्षा मामलों में कितना मजबूत हो चुका है और हो रहा है, इसका छोटा सा नमूना 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान देखने को मिला। भारत ने पाकिस्तान को ऐसा धोया कि उसका हलक सूख चुका है। मोदी सरकार का लक्ष्य है कि कैसे देश के युवाओं को एंपावर, यानी सशक्त किया जाये। इस अमृत पीढ़ी का युवा अपने पैरों पर मजबूती से खड़ा हो सके, उस पर सरकार का फोकस है। हेल्थ केयर, किसान, नारी सम्मान, मिडल क्लास, गरीब कल्याण, इंफ्रास्ट्रक्चर और देश को हर सेक्टर में मजबूत करना सरकार का फोकस रहा और आगे भी रहेगा। मोदी सरकार ने हर सेक्टर में कितना ग्रोथ किया है यह आंकड़ें भी गवाही दे रहे हैं।

**आजाद सिपाही विशेष**

तारीख 11 जून 2025। मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने के मौके पर दिल्ली के भारत मंडपम के समिट हॉल में मीडिया का जमावड़ा लगा था। देश के हर राज्य से चुनिंदा मीडिया कर्मियों को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने निमंत्रण भेजा था। शाम 6:30 तक पत्रकारों की हॉल में एंट्री हो चुकी थी। सबसे पहले भारत मंडपम में घुसते ही गुलाब का फूल और 11 साल का एक बैज दिया गया। भारत मंडपम एक अद्भुत निर्माण शैली का प्रतीक है। भव्य, देश के विकास को भी दर्शाता है। जगह-जगह भाजपा के वालंटियर मीडिया कर्मियों को मदद कर उन्हें समिट हॉल की तरफ दिशा बताने में लगे थे। करीब शाम सात बजे हॉल में जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी और अश्विनी वैष्णव की एंट्री होती है। जेपी नड्डा बीच में, राजनाथ सिंह दाहिने और नितिन गडकरी बायें में बैठे। प्रेजेंटेशन की कमान अश्विनी वैष्णव ने संभाली। गजब के कम्युनिकेशन स्किल के धनी हैं वैष्णव। वह हर मीडियाकर्मी से कनेक्ट कर रहे थे। उन्होंने मोदी सरकार के 11 साल की उपलब्धियों को आंकड़ों के साथ गिनवाया। 40 मिनट के प्रेजेंटेशन में बता डाला कि नया भारत हर सेक्टर में कितना ग्रोथ कर रहा है। प्रेजेंटेशन के बाद डिनर की भी व्यवस्था थी। राजनाथ सिंह, जेपी नड्डा, नितिन गडकरी अलग-अलग टेबल पर बैठे। साथ में मीडिया कर्मियों के लिए भी कुर्सियां लगी थीं। आजाद सिपाही का यह विशेष संवाददाता जब देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मिला, तो वह तुरंत पहचान गये। छोटी चर्चा भी हुई, अखबार के बारे में जाना भी। लगे साथ मैंने पाकिस्तान को उसकी औकात बताने के लिए बधाई भी दे डाली। वहां नितिन गडकरी से भी मुलाकात हुई। अश्विनी वैष्णव से भी परिचय का आदान-प्रदान हुआ। प्रस्तुत है मोदी के 11 साल में भारत कितना मजबूत हुआ, इसका लेखा-जोखा बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह

केंद्र में नरेंद्र मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने के मौके पर देश की राजनीतिक राजधानी दिल्ली के भारत मंडपम के समिट हॉल में 11 जनवरी को जो आयोजन हुआ, उसका उद्देश्य केवल सरकार की उपलब्धियों का बखान करना नहीं था, बल्कि मीडिया के साथ सरकार के शानदार रिश्ते को और प्रगाढ़ करना था। इसलिए केंद्र के चार मंत्री, जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी और अश्विनी वैष्णव ने पूरी शाम मीडिया से अपने रिश्तों को नया आयाम दिया और मोदी सरकार की उपलब्धियों को दुनिया के सामने रखा। इस पूरे आयोजन को यदि एक वाक्य में बताया जाये, तो यही होगा कि नया भारत अब आंत्रेप्रेन्योर, यानी उद्यमिता का हब बन गया है और मोदी सरकार का लक्ष्य देश के हर नागरिक को एंपावर, यानी सशक्त बनाना है।

इन केंद्रीय मंत्रियों ने बताया कि सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के 11 सालों में मोदी सरकार की नीतियों के कारण भारत विश्व के लिए रोल मॉडल बना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण, कृषि सुधार, महिला सशक्तिकरण पर जोर देने के साथ ही युवाओं के लिए डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया अभियान शुरू किया गया। यही कारण रहा कि जब कोरोना के समय में विश्व में महंगाई जोर पकड़ रहा था और आर्थिक विकास की गति कम हो रही थी, इसके उलट भारत में आर्थिक वृद्धि तेज और महंगाई कम रही। यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन, संकल्प और उनकी सोच के कारण संभव बना।

मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने और इन सालों में देश के विकास और जनता की भलाई के लिए किये गये कामों का लेखा-जोखा सूचना प्रसारण और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने दिया। मौके पर जेपी नड्डा, राजनाथ सिंह और नितिन गडकरी भी उपस्थित थे। उन्होंने प्रत्येक सेक्टर और मंत्रालय द्वारा गरीब कल्याण के लिए किये गये कामों का जिक्र किया और साबित किया कि पिछले 11 साल मोदी सरकार के लिए बेमिसाल रहे हैं।

### शासन का गढ़ा नया मॉडल

इन 11 सालों में सिर्फ सत्ता नहीं बदली, बल्कि देश के विकास की परिभाषा और दिशा दोनों ही बदल गयी। इस 11 साल के सफर पर सरकार की ओर से एक दस्तावेज भी बांटा गया, जिसका शीर्षक है, विकसित भारत का अमृत कालः सेवा, सुशासन, गरीब कल्याण के 11 साल। इस विषय में विस्तार से बताते हुए अश्विनी वैष्णव ने कहा कि 2014 में पीएम बनने के बाद नरेंद्र मोदी ने शासन का एक नया मॉडल गढ़ा। एक ऐसा मॉडल, जो अब दुनिया भर के लिए समावेशी विकास का उदाहरण बन गया है।

### देश की आत्मा को रखा सबसे ऊपर

प्रधानमंत्री मोदी ने देश की आत्मा, यानी गरीबों को सबसे ऊपर रखा। बिजली, पानी, शौचालय, सैनेटरी पैड जैसी बुनियादी सुविधाएं अब सिर्फ आंकड़े नहीं हैं, बल्कि सम्मान और आत्मविश्वास का आधार बन गयी हैं। कौन यह विश्वास कर सकता था कि देश के प्रधानमंत्री लाल किला के प्राचीर से स्वच्छता का संदेश देंगे, सैनेटरी पैड जरूरतमंद महिलाओं को मिले, इस विषय में इससे पहले शायद ही कभी सोचा जाता रहा है।

### सिस्टम को सेवा में बदला

81 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज देने वाली पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, 12 करोड़ शौचालयों का निर्माण, मुद्रा योजना, 112 आकांक्षी जिलों में विकास, आयुष्मान भारत, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया ये सब उसी नयी सोच का हिस्सा हैं, जिसने सिस्टम को सेवा में बदला। केंद्रीय मंत्री ने किसान और नारी शक्ति, देश की सुरक्षा और विदेश नीति, ऑपरेशन सिंदूर और राष्ट्रीय सुरक्षा, आतंकवाद, नक्सलवाद, इंफ्रास्ट्रक्चर और हेल्थ केयर का विकास, इज ऑफ लीविंग सहित उन तमाम मुद्दों पर विस्तार से बात कर पिछले 11 सालों में सरकार द्वारा किये गये कामों को बेहतरीन बताया।

### बड़े बदलाव का गवाह बना देश

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार ने पिछले 11 साल में विभिन्न क्षेत्रों में जो परिश्रम किया है, उससे देश में बड़ा परिवर्तन आया है और उसी का परिणाम है कि भारत आज विश्व की चौथी आर्थिक शक्ति बनने के नजदीक पहुंच गया है। पिछले 11 साल में सरकार ने आम लोगों के जीवन में परिवर्तन लाने का अभूतपूर्व काम किया है, गरीबों को सम्मान दिया गया है और मध्यम वर्ग पर विशेष फोकस किया है, जिसकी वजह से यह बदलाव दिख रहा है।

पिछले 11 साल में मोदी सरकार ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक विकास, अंत्योदय और मध्यम वर्ग के उत्थान, स्टार्ट अप इकोसिस्टम के विस्तार और बुनियादा ढांचा विकास के लिए जो कदम उठाये हैं, उससे देश प्रगति की राह पर तेजी से आगे बढ़ा है और उसी का परिणाम है कि भारत 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से उभरकर आज पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और दिसंबर तक भारत चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जायेगा।



दिल्ली के भारत मंडपम के समिट हॉल में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात करते आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।







### गरीबी से लेकर आंतरिक सुरक्षा तक के क्षेत्र में काम हुआ

2014 में देश की 16 प्रतिशत से अधिक आबादी गरीबी की रेखा के नीचे थी, लेकिन आज मोदी सरकार के प्रयासों के कारण गरीबों का अनुपात घटकर 2.3 प्रतिशत पर आ गया है। पिछली सरकारों ने भारत के दुश्मनों द्वारा प्रायोजित 'रेड कोरीडोर' को नियति मान कर छोड़ दिया था, लेकिन मोदी सरकार ने आधुनिक हथियारों से लैस नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई कर उन्हें चंद जिलों तक सीमित कर दिया है।

### आत्मनिर्भर भारत की धमक

मोदी सरकार के विगत 11 वर्षों में चलाये गये आत्मनिर्भर भारत की धमक 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पूरे विश्व ने अनुभव की, जब भारत के स्वदेशी यंत्रों और आयुधों ने अमेरिका, चीन और तुर्की जैसे देशों के हथियारों धूल चटा दी। रक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और आयुधों तथा रक्षा प्रणालियों के क्रेता से विक्रेता बनने की यह यात्रा नरेंद्र मोदी सरकार के नये भारत की पहचान है। केवल सीमा पार ही नहीं, वरन सीमाओं के भीतर बैठे लाल



आतंकी भी डर में हैं और अपनी अंतिम सांसें गिन रहे हैं। मोदी के नेतृत्व में अंतरिक्ष विज्ञान में भारत ने नये कीर्तिमान स्थापित किये हैं। चाहे चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर तिरंगा फहराना हो या या सूर्ययान आदित्य एल -01 की सफलता की कहानी हो, इसरो का 100 अंतरिक्ष यान भेजने का कीर्तिमान, अब तो भारत गगनयान का भी प्रक्षेपण करने जा रहा है। सर्व समावेशी, सर्व दिशीय विकास की भारत की यह गौरव यात्रा भारत को निश्चित ही विकसित भारत की ओर ले जायेगी, ऐसा प्रत्येक भारतीय का विश्वास है।

www.epaper.azadsipahi.in

13 जून, 2025
आषाढ़, कृष्ण पक्ष, द्वितीया
संवत 2082
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

रांची
शुक्रवार, वर्ष 10, अंक 233

मोदी सरकार के 11 वर्षों का कार्यकाल हर मोर्चे पर सफल : बाबूलाल



### झारखंड की बहनों को सीएम का संदेश

## अप्रैल माह की 2500 राशि खातों में पहुंचनी शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत राज्य की लाखों महिलाओं को एक बार फिर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सम्मानित किया है। मुख्यमंत्री सम्मान निधि के तहत अप्रैल माह की 2500 की सम्मान राशि महिलाओं के बैंक खातों में पहुंचनी शुरू हो गयी है।




मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि यह सिर्फ आर्थिक सहयोग नहीं, बल्कि झारखंड की हर बहन और बेटी के आत्मसम्मान और सशक्तिकरण का प्रतीक है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि अबुआ सरकार महिलाओं के हक और अधिकार को मजबूत करने के लिए हर मोर्चे पर खड़ी है

इस योजना का लाभ उन महिलाओं को मिल रहा है, जिनकी उम्र 18 से 50 वर्ष है। सरकार का उद्देश्य महिलाओं को सिर्फ आर्थिक रूप से नहीं, बल्कि सामाजिक रूप से भी सशक्त बनाना है।

### सीबीआइ का सीसीएल गिद्दी 'ए' परियोजना में छापा

## कांटा बाबू, सेल के कोषाध्यक्ष और लिपिक के घर एक साथ कार्रवाई

**कांटा बाबू के घर से दो बड़े बैग हुए जब्त, अधिकारियों, कर्मचारियों में हड़कंप**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिद्दी।** सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के गिद्दी 'ए' कोलियरी परियोजना समेत एक कांटा बाबू, एक लिपिक व रोड सेल के कोषाध्यक्ष के घर गुरुवार सुबह 10 बजे के बाद सीबीआइ ने एक साथ छापेमारी की। सीबीआइ दल में सवार होकर करीब 20 सदस्य पुरुष, महिला टीम छापेमारी में शामिल थे। छापेमारी रोड सेल गिद्दी 'ए' में व्याप्त भ्रष्टाचार का होने वाला बताया जा रहा है। बता दें कि यह तीसरी बार सीबीआइ की



छापेमारी रोड सेल को लेकर हो रही है। इससे पूर्व 26 फरवरी रेलीगढ़ा, गिद्दी 'सी', 6 मार्च को गिद्दी 'ए' कोलियरी परियोजना में सीबीआइ ने रोड सेल में व्याप्त भ्रष्टाचार मामले को लेकर छापा मारा था। सूत्रों की मानें तो भ्रष्टाचार के खिलाफ यह छापेमारी सीबीआइ ज्वाइंट डायरेक्टर राजीव रंजन के अगुवाई में की गयी है।

जांच की तरफ देखा जाये तो सीबीआइ ने बीते 6 मार्च को गिद्दी 'ए' कोलियरी परियोजना में छापामारी के बाद तीन का नाम एफआइआर में दर्ज किया था। जिनमें सुरक्षा अधिकारी सह डिस्पैच ऑफिसर अयोध्या करमाली, कांटा बाबू प्रकाश महली, लिपिक मुकेश कुमार शामिल हैं। जांच में सीबीआइ को जो ट्रेस मिला था कि इसमें सेल संचालन गिद्दी 'ए' के कोषाध्यक्ष आशीष करमाली भी शक के दायरे में थे। वहीं दूसरी ओर गिद्दी 'ए' परियोजना से जुड़े वरीय से लेकर निचले स्तर के अधिकारियों, कर्मचारियों में हड़कंप व्याप्त है। लोगों में चर्चा है कि लोकल सेल कांटाघर के माध्यम से करोड़ों रुपये की हेराफेरी की गयी है। चर्चा है की प्रति टन गाड़ियों से पांच से दस हजार रुपये की बंदरबांट होती थी। इसके अलावे कई ऐसे पत्रकार भी हैं। जो इस बंदर बांट में अपनी भागीदारी निभाए हुए हैं। वहीं सूत्र बताते हैं कि अरगड्डा- सिरका के भीटीसी सेंटर, अधिकारी के रामगढ़ आवास में भी सीबीआइ इनोवा का मूवमेंट देखा गया था।

## गोड्डा में अपराधियों ने हाइवा को किया आग के हवाले



**चालक के पैसे छीने**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** गोड्डा के ललमटिया थाना क्षेत्र के ललमटिया-बोआरीजोर मुख्य सड़क के बीच स्थित बाबुपुर गांव के पास एक हाइवा को अज्ञात अपराधियों ने आग के हवाले कर दिया। घटना बुधवार देर रात की है। ललमटिया के तरफ से आ रहा हाइवा वाहन को सड़क पर खजूर पेड़ का बोटा लगाकर रोका गया। इसके बाद दर्जनों की संख्या में अज्ञात अपराधियों ने हाइवा चालक को केबिन से उतारकर पैसा छीना और हाइवा को आग के हवाले कर दिया।

पीड़ित चालक ने स्थानीय पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना पाकर थाना प्रभारी, पुलिस निरीक्षक, महागामा एसडीपीओ मौके पर पहुंचे और मामले की जांच में जुट गये। आग को बुझाने के लिए पुलिस ने दमकल वाहन को बुलाया और फिर आग को बुझाया गया। पुलिस प्रशासन पूरे मामले की जांच कर रही है।

## सिद्धार्थ सिंघानिया के खिलाफ एसीबी कोर्ट ने जारी किया गिरफ्तारी वारंट

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** शराब घोटाला मामले में छत्तीसगढ़ के चर्चित कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया के खिलाफ एसीबी कोर्ट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया है।

एसीबी ने पूछताछ के लिए सिद्धार्थ सिंघानिया को नोटिस जारी कर एसीबी कार्यालय बुलाया था, लेकिन वह एसीबी के समक्ष उपस्थित नहीं हुए थे। जिसको लेकर एसीबी की टीम ने कोर्ट से उनकी गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आग्रह किया था।

वहीं मामले में गिरफ्तार किये गये तीन आरोपियों सुधीर कुमार दास , सुधीर कुमार और नीरज कुमार सिंह से एसीबी की टीम रिमांड पर लेकर गुरुवार से पूछताछ कर रही है। बता दें कि, छत्तीसगढ़ के मॉडल को अपनाकर झारखंड में शराब नीति बनायी गयी थी, यह वर्ष 2022 में लागू हुआ था। फर्जी बैंक गारंटी पर दो प्लेसमेंट एजेंसी को काम दिया गया था।

### जेएमएम ने मीडिया पैनलिस्टों को जारी किया निर्देश, कहा-

## खुद को 'प्रवक्ता' के तौर पर पेश न करें

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) की केंद्रीय समिति ने एक अहम कार्यालय आदेश जारी करते हुए अपने मीडिया पैनल में शामिल सदस्यों को निर्देशित किया है कि वे समाचार चैनलों, अखबारों, वेब मीडिया व अन्य प्लेटफॉर्म्स पर पार्टी का पक्ष रखते समय स्वयं को केवल पार्टी के पक्षकार (मीडिया पैनलिस्ट) के रूप में ही प्रस्तुत करें। पार्टी महासचिव विनोद कुमार पांडेय द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि 28 मई 2025 को पत्रांक जेएमएम/011/एफ-54/2025-2026 के माध्यम से घोषित पैनल के कुछ सदस्य स्वयं को प्रवक्ता या केंद्रीय प्रवक्ता बताकर मीडिया में प्रस्तुत कर रहे हैं, जो कि अनुचित है। कार्यालय ने दोहराया है कि अधिकृत प्रवक्ता का दर्जा केवल पार्टी द्वारा विशेष रूप से निर्धारित पदाधिकारियों को प्राप्त है। मीडिया पैनल में शामिल अन्य सभी सदस्य केवल पक्षकार की भूमिका में रहेंगे और किसी भी स्थिति में प्रवक्ता के रूप में दावा नहीं करेंगे। यह आदेश झामुमो की अनुशासन व्यवस्था और सार्वजनिक मंचों पर एकरूपता बनाये रखने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। पार्टी ने यह सूचना पैनल के सभी सदस्यों को सूचनार्थ और आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित कर दी है।




## अहमदाबाद में विमान डॉक्टर हॉस्टल की बिल्डिंग से टकराया

### लंच के समय हॉस्टल में 50-60 इंटर्न डॉक्टर मौजूद थे

आजाद सिपाही संवाददाता

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में एअर इंडिया का बोइंग 787 ड्रीमलाइनर प्लेन सिविल हॉस्पिटल के हॉस्टल की बिल्डिंग से टकराया था। जिनमें रेजिडेंट डॉक्टर रहते थे। घटना के दौरान हॉस्टल में 50 से 60 इंटर्न डॉक्टर मौजूद थे। ज्यादातर मेस में लंच कर रहे थे। धमाके का असर इतना ज्यादा था कि अंदर मौजूद डॉक्टरों के शव भी टुकड़ों में बिखर गये। खबर लिखे जाने तक यहां से छह शव निकाले जा चुके थे। । विमान में आग लगने से उठे धुएं से हॉस्टल की बिल्डिंग पूरी तरह काली पड़ गयी है। हर तरफ सिर्फ मलबा पड़ा है। हॉस्टल खंडहर जैसा हो गया है।



## कोई देवर की शादी में आया था कोई बेटे से मिलने जा रहा था

### कोई घूमने, तो कोई पढ़ाई के लिए जाने के लिए प्लेन में था सवार




आजाद सिपाही संवाददाता

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद प्लेन हादसा से कई परिवारों को दुख का पहाड़ गिर पड़ा है। किसी के बच्चे लंदन घुमने जा रहे थे, तो किसी के पढ़ने। कोई देवर की शादी में आया था, तो कोई बेटे से मिलने जाने की खुशी लिये प्लेन में सवार हुआ था। सभी के मंसूबे को 'काल' ने अपने में समा लिया। बख्शी परिवार की दो बेटियां अपनी नानी का जन्मदिन मनाने के लिए अहमदाबाद आयीं थीं। गुरुवार को लंदन लौट रही थीं और प्लेन हादसे का शिकार हो गयीं। वहीं, सकीनाबेन डेढ़ साल की बेटी के साथ देवर की शादी में शामिल होने 16 मई को वडोदरा आयी थीं। एयर इंडिया की फ्लाइट से लंदन लौट रही थीं। खुशबू की बीते साल जनवारी में शादी हुई थी। पति लंदन में रहते हैं। पिता मदन सिंह राजपुरोहित बेटी खुशबू को विदा करने के लिए एयरपोर्ट पर आये। साथ में तस्वीर खिंचवाई इसके कुछ देर बाद प्लेन क्रैश होने की खबर आयी। गांधीनगर में रहने वाले कुबेरभाई खेमचंदभाई पटेल पत्नी बेबीबेन के साथ लंदन जा रहे थे। दोनों लंदन में रहने वाले बेटे के घर जा रहे थे। उदयपुर के मार्बल व्यवसायी संजीव मोदी का बेटा शुभ और बेटी शगुन प्लेन में सवार थे। वे लंदन घूमने जा रहे थे। वहीं लंदन से आये पर्यटक खट्टी-मीठी याद लेकर वापस लौट रहे थे। एयरपोर्ट से वीडियो पोस्ट किया और लिखा अलविदा भारत। लंदन पहुंच कर भारत का अनुभव साझा करूंगा। पर इससे पहले ही प्लेन क्रैश हो गया।

## भारत में अब तक के पांच बड़े प्लेन हादसे


### नवंबर 1996: हरियाणा में दो प्लेन टकराये, 349 मौतें

भारत का अब तक का सबसे बड़ा प्लेन हादसा 12 नवंबर 1996 को हुआ था। हरियाणा में दो प्लेन टकराये थे। एक विमान सऊदी अरब की एयरलाइंस का था, जबकि दूसरा कजाकिस्तान का था। जिसे चर्खी दादरी विमान हादसा कहा जाता है। यह हादसा हरियाणा के चर्खी दादरी के पास उस समय हुआ, जब दो प्लेन एक-दूसरे से टकरा गये। इस टक्कर में दोनों विमानों में सवार सभी 349 लोग मारे गये थे। यह दुर्घटना पायलट और एयर ट्रैफिक कंट्रोल के बीच गलतफहमी और ऊंचाई की जानकारी सही से न समझ पाने के कारण हुई थी।



### जनवरी 1978: अरब सागर में प्लेन गिरा, 213 मौतें

1 जनवरी 1978 को मुंबई से उड़ान भरते ही बोइंग 747 अरब सागर में गिर गया। दिशा भ्रम और तकनीकी खराबी की वजह से हुए इस हादसे में 213 लोगों की जान चली गयी। प्लेन मुंबई से दुबई जा रहा था।



### मई 2010 : कर्नाटक में खाई में गिरा प्लेन, 158 यात्रियों की मौत

22 मई 2010 को एयर इंडिया एक्सप्रेस फ्लाइट 812 दुबई से कर्नाटक आ रही थी। विमान में 166 लोग सवार थे। लैंडिंग के समय मौसम ठीक था, लेकिन रनवे छोटा और थोड़ा ऊंचाई पर बना हुआ था। पायलट ने विमान को जमीन पर देर से उतारा, जिससे ब्रेक लगाने के लिए पर्याप्त जगह नहीं बची। नतीजा यह हुआ कि विमान रनवे से आगे फिसलता चला गया और खाई में गिरकर दो हिस्सों में टूट गया। हादसे में 158 लोगों की मौत हो गयी। जांच में सामने आया कि पायलट बहुत थके हुए थे और समय पर निर्णय नहीं ले सके, जिससे यह गंभीर दुर्घटना हुई।



### अप्रैल 1993: औरंगाबाद एयरपोर्ट पर ट्रक से फ्लाइट टकरायी, 55 मौतें



26 अप्रैल 1993 को इंडियन एयरलाइंस फ्लाइट 491 औरंगाबाद से मुंबई जा रही थी। जैसे ही विमान ने उड़ान भरना शुरू किया, उसी समय रनवे पर एक ट्रक मौजूद था। पायलट को ट्रक समय पर दिखायी नहीं दिया और विमान उससे टकरा गया। टक्कर के बाद विमान में आग लग गयी और वह टूट गया। हादसे में 55 लोगों की जान चली गयी, जबकि कई लोग घायल हुए।

### अगस्त 2020: एअर इंडिया एक्सप्रेस प्लेन क्रैश हुआ, 21 लोगों की मौत



केरल के कोझिकोड में 7 अगस्त 2020 को एअर इंडिया एक्सप्रेस का विमान रनवे से फिसलकर क्रैश हो गया था। इसमें 21 यात्रियों की मौत हुई थी, जबकि 110 लोग घायल हुए थे। इसमें कोरोना के दौरान वंदे भारत मिशन के तहत दुबई से भारतीयों को लाया जा रहा था।






आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 13 जून, 2025
www.azadsipahi.in




### कार्तिक उरांव फ्लाइओवर का एक और वीडियो चर्चा में

# दो युवक करते दिखे अमर्यादित टिप्पणी

## मंत्री ने लिया संज्ञान

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची में बने सिरमटोली-मेकॉन फ्लाइओवर (कार्तिक उरांव फ्लाइओवर) एक बार फिर चर्चा का केंद्र बना हुआ है। फ्लाइओवर, जो शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुगम बनाने के उद्देश्य से बनाया गया है, अब रील बनाने के शौकीनों का नया अड्डा बन गया है। कई लोग यहां वीडियो शूट करने पहुंच रहे हैं, लेकिन हाल ही में कुछ युवकों द्वारा यहां की गयी हरकत ने सोशल मीडिया पर विवाद खड़ा कर दिया है।

दरअसल, दो युवकों ने फ्लाईओवर को लेकर अमर्यादित



भाषा का प्रयोग करते हुए एक रील बनाया और उसे सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। इसे लेकर एक्स पर दीपक कुमार नामक एक व्यक्ति ने यह वीडियो साझा करते हुए राज्य के परिवहन मंत्री दीपक बिरुआ से इन युवकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इसके बाद मंत्री दीपक बिरुआ ने मामले में संज्ञान लेते हुए रांची ट्रैफिक पुलिस को कार्रवाई करने का आदेश दिया।

**पहले भी हो चुका है विवाद, स्टंट का वीडियो हुआ था वायरल :** गौरतलब है कि इस फ्लाइओवर का उद्घाटन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 5 जून को किया था। उद्घाटन के कुछ ही घंटों बाद एक युवक का फ्लाइओवर पर खतरनाक स्टंट करते हुए वीडियो वायरल हुआ था। उस समय भी मंत्री दीपक बिरुआ ने तत्काल संज्ञान लिया था और कार्रवाई के निर्देश दिये थे। ऐसे में पुलिस ने उस युवक को पकड़ था और उसकी बाइक जब्त की थी, साथ ही उसे फ्लाइओवर पर पैदल परेड भी करायी गयी थी।

### रांची ट्रैफिक पुलिस इन होनहार युवाओं को संस्कारों का ज्ञान करायें : दीपक बिरुआ

मामले को गंभीरता से लेते हुए परिवहन मंत्री दीपक बिरूआ ने अपने एक्स हैंडल पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा, बहुत पीड़ा होती है जब युवा अपने संस्कारों को छोड़कर सस्ती लोकप्रियता हेतु किसी भी हद तक जाकर असामाजिक एवं अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हैं, यह बात एक मंत्री होने के नाते नहीं ब्लकि एक पिता सह सामाजिक व्यक्ति होने के नाते कह रहा हूं। इन्हें सजा नहीं संस्कार सीखने की जरूरत है। रांची ट्रैफिक पुलिस की टीम इन होनहार युवाओं को इनके गाने हेतु सम्मानित करते हुए संस्कारों का



ज्ञान करायें। उन्होंने युवाओं से अपील करते हुए कहा कि वह परिवहन जागरूकता हेतु गीत बनायें, हमारी सरकार उसका प्राचार-प्रसार करेगी। अपने इस पोस्ट में उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, रांची डीसी मंजूनाथ भजंत्री और रांची पुलिस को टैग किया है।

# सीएमपीडीआइ में 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सीएमपीडीआइ के खेल मैदान में गुरुवार को 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन हुआ। शिविर के समापन के अवसर पर कस्तूरी महिला सभा की अध्यक्षा रूपाली गुप्ता ने सभी प्रशिक्षक और प्रशिक्षणार्थियों को पुरस्कृत किया। मौके पर श्रीमती गुप्ता ने प्रशिक्षक, अभिभावक और प्रशिक्षणार्थियों के सहभागिता एवं समर्पण की सराहना की। उन्होंने इस शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले बच्चों को जीवन में सफल होने की कामना करते हुए कहा कि धूप में कठिन परिश्रम कर-के इन सभी बच्चों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है। इस प्रशिक्षण को बच्चों द्वारा अपने दैनिक जीवन में अपनाने की आवश्यकता है। इससे बच्चे न



केवल शारीरिक एवं मानसिक रूप से तनदुरूस्त बल्कि अपने जीवन में स्व-अनुशासित रहेंगे। इस शिविर में प्रतिदिन सुबह 5.30 से 8 बजे तक 3 वर्ष से लेकर 17 वर्ष तक के लगभग 200 बच्चों को मास ड्रिल, क्रिकेट, फुटबॉल, बैडमिंटन, कैरम एवं कराटे का प्रशिक्षण दिलाया गया। सीएमपीडीआइ के विभागीय खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक सीबी सोनार, सरफराज अहमद, विक्टोरिया कुजूर, पीएन सिंह, गणेश मिस्त्री, सुनेम आइंद, आनंद प्रकाश, विजय कुमार, ओंकार पासवान एवं उनके सहायक अमन, राजश्री आदि ने बच्चों को प्रशिक्षण दिलाया। अंत में संस्थान के महाप्रबंधक (मानव संसाधन) संजय कडंबार ने आगत अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि इस शिविर के सफल आयोजन में बच्चों के अभिभावकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।

# राजधानी में जाली नोट गिरोह का पर्दाफाश
# पिता-बेटे की मिलीभगत से हो रहा था धंधा

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** रांची पुलिस ने जाली नोटों के एक संगठित नेटवर्क का खुलासा करते हुए एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में एक व्यक्ति सुभाष प्रसाद को गिरफ्तार किया है और उसके पास से 500 मूल्य के कुल 37 जाली नोट जब्त किये गये हैं। यह कार्रवाई डीआइजी सह एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा के निर्देश पर गठित विशेष पुलिस टीम द्वारा की गयी। पुलिस को यह सुराग एक स्थानीय दुकानदार जमाल की शिकायत के बाद मिला, जिसकी सुधा कॉम्प्लेक्स स्थित मोबाइल दुकान पर एक किशोर ग्राहक ने जाली नोटों से 3500 का मोबाइल खरीदा था। जमाल ने बताया कि ग्राहक ने



भुगतान के तौर पर 500 के सात नोट दिये, जिन्हें ध्यान से देखने पर वह नकली प्रतीत हुए। खास बात यह थी कि इन नोटों के सीरियल नंबर भी एक जैसे थे। उसने तुरंत अन्य दुकानदारों को सतर्क किया और किशोर से पूछताछ की।

पूछताछ में किशोर ने खुलासा किया कि ये नोट उसके पिता सुभाष प्रसाद के पास से लाये गये थे, जो कालीनगर, नामकुम थाना क्षेत्र में रहते हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने वहां छापा मारा और सुभाष के घर की तलाशी ली। सुभाष के बिस्तर के नीचे से 500-500 रुपये के 29 और जाली नोट बरामद हुए। इन नोटों की छपाई और सीरियल नंबर से यह स्पष्ट हो गया कि वे नकली हैं।

पुलिस ने सुभाष प्रसाद को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। गुरुवार को एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में पूरे मामले की जानकारी दी। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि इस जाली नोट गिरोह के पीछे कौन लोग हैं और नकली नोटों की छपाई कहां हो रही है। मामले की जांच जारी है और पुलिस अन्य संभावित आरोपियों की तलाश में छापेमारी कर रही है।

### प्रथम झारखंड स्टेट ट्राइबल सांसद वुशु प्रशिक्षण शिविर का समापन

# आदिवासी युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं : प्रदीप वर्मा

## राज्य भर से आये खिलाड़ियों ने प्राप्त किया उच्च स्तरीय प्रशिक्षण

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय, रांची स्थित जेडी बिरला सभागार में आयोजित प्रथम झारखंड स्टेट ट्राइबल सांसद वुशु प्रशिक्षण शिविर का समापन समारोह गुरुवार को संपन्न हुआ। 5 जून से प्रारंभ होकर 12 जून तक आयोजित इस सात दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में झारखंड के विभिन्न जिलों से आये पुरुष एवं महिला खिलाड़ियों ने भाग लेते हुए वुशु खेल की विभिन्न तकनीकी बारीकियों का गहन



प्रशिक्षण प्राप्त किया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद एवं झारखंड वुशु एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ प्रदीप वर्मा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि, राज्य के आदिवासी युवाओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। आवश्यकता है उन्हें उचित मंच, संसाधन एवं कुशल मार्गदर्शन प्रदान करने की। इस शिविर का आयोजन इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए किया गया है, जिससे ये खिलाड़ी राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राज्य का नाम रोशन कर सकें।

उन्होंने कहा कि सरला बिरला विश्वविद्यालय के सहयोग से आयोजित इस शिविर में अनुभवी प्रशिक्षकों एवं सीनियर पदक विजेता खिलाड़ियों द्वारा प्रतिभागियों को उन्नत तकनीकों का प्रशिक्षण प्रदान किया गया, जिससे उनकी खेल-क्षमता में महत्वपूर्ण वृद्धि होगी।

शिविर में प्रशिक्षक के रूप में एल प्रदीप कुमार सिंह एवं दीपक गोप ने विशेष योगदान दिया। शिविर में झारखंड राज्य के सीनियर पदक विजेता खिलाड़ियों की उपस्थिति ने भी प्रशिक्षण की गुणवत्ता को और अधिक समृद्ध किया।

समापन समारोह में डॉ कविता सिंह, मिथिलेश साहू, शैलेंद्र दुबे, उदय साहू एवं एल प्रदीप कुमार सिंह समेत अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। समारोह के दौरान सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिविर के संचालन का दायित्व शिवेंद्र दुबे एवं हरिदास कुमार ने सफलतापूर्वक निभाया। संपूर्ण आयोजन में सरला बिरला विश्वविद्यालय का सक्रिय सहयोग उल्लेखनीय रहा।

# तत्काल टिकट बुकिंग से पूर्व आधार वेरिफिकेशन जरूरी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**कोलकाता।** तत्काल रेल टिकट बुकिंग के नियमों में रेलवे ने बड़ा बदलाव किया है। एक जुलाई 2025 से आइआरसीटीसी की वेबसाइट या ऐप से तत्काल रेल टिकट वे ही यूजर बुक कर सकेंगे जिन्होंने आधार के जरिये वैरिफिकेशन कराया हो। वहीं, 15 जुलाई से टिकट काउंटर से भी तत्काल टिकट लेने के लिए आधार आधारित ओटीपी अनिवार्य होगा। वहीं, तत्काल विंडो खुलने के आधे घंटे बाद ही रेलवे के एजेंट टिकट बुक कर सकेंगे। मंत्रालय ने 10 जून 2025 को नोटिफिकेशन जारी कर यह जानकारी दी है।

- **रेल मंत्रालय ने दी जानकारी एक जुलाई से देश में लागू होगा नया नियम**
- **15 जुलाई से काउंटर से भी तत्काल टिकट बुक करने के लिए ओटीपी होगा आवश्यक**
- **तत्काल विंडो खुलने के आधे घंटे बाद ही एजेंट बुक कर सकेंगे टिकट**

मंत्रालय ने कहा, एक जुलाई 2025 से भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आइआरसीटीसी) की वेबसाइट या इसके इसके ऐप के माध्यम से केवल वे ही यूजर तत्काल टिकट बुक कर सकेंगे जिन्होंने आधार के जरिये सत्यापन कराया हो। वहीं, 15 जुलाई 2025 से तत्काल बुकिंग के लिए आधार-आधारित ओटीपी वैरिफिकेशन भी अनिवार्य कर दिया जायेगा। यानी रेलवे के कंप्यूटराइज्ड पीआरएस (यात्री आरक्षण प्रणाली) काउंटरों और अधिकृत एजेंटों के माध्यम से भी बुकिंग तब ही हो सकेगी जब यात्री आधार आधारित ओटीपी बतायेगा जो बुकिंग के समय ही जेनरेट होगा। एक बड़ा बदलाव यह भी किया गया है कि रेलवे के ऑथराइज्ड बुकिंग एजेंट्स को भी तत्काल बुकिंग विंडो खुलने के पहले 30 मिनट के दौरान टिकट बुक करने की अनुमति नहीं होगी।

# झारखंड में भी बने फीस नियंत्रण के लिए सशक्त कानून: अजय राय

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** दिल्ली सरकार द्वारा हाल ही में पारित दिल्ली स्कूल एजुकेशन आर्डिनेंस 2025 के तहत निजी स्कूलों में मनमानी फीस वृद्धि पर अंकुश लगाने के फैसले का झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने स्वागत किया है। संगठन के अध्यक्ष अजय राय ने झारखंड सरकार से भी इसी तरह का कानून अविलंब लागू करने की मांग की है। कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा लाया गया नया अध्यादेश एक ऐतिहासिक कदम है जो लाखों अभिभावकों को राहत देगा। झारखंड में भी वर्षों से निजी स्कूलों द्वारा फीस के नाम पर लूट मचायी जा रही है,



जिसे रोकने के लिए अब सरकार को कठोर कदम उठाना होगा। झारखंड पेरेंट्स एसोसिएशन ने राज्य सरकार से मांग करते कहा है कि राज्य में त्रि-स्तरीय फीस नियामक प्रणाली लागू हो। स्कूल स्तरीय, जिला स्तरीय व राज्य स्तरीय समिति में माता-पिता के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाये। बिना अनुमोदन बढ़ी फीस अवैध घोषित हो।

# राज्यस्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में डीएवी गांधीनगर बना उपविजेता

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड राज्य सब जूनियर खो-खो प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल सीसीएल गांधीनगर के छात्रों ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। यह प्रतियोगिता हजारीबाग में आयोजित हुई थी। इस अंतरविद्यालयीय प्रतियोगिता में हरीश कुमार,आदित्य लकड़ा, अनुभव कुमार झा आदि छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्राचार्य प्रदीप कुमार झा ने विजेता टीम को बधाई दी और कहा कि खेलों से शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक शक्ति का विकास होता है। आज खेल केवल मनोरंजन के साधन ही



नहीं हैं अपितु इनसे पद, प्रतिष्ठा पैसा आदि भी मिलते हैं। यदि खेलों में उत्कृष्टता के साथ अध्ययन के प्रति भी उचित तालमेल हो तो सोने पर सुहागा है। इस अवसर पर खेल प्रशिक्षक गोविंद झा, कौशल कुमार, शरदनाथ उपाध्याय आदि शिक्षक उपस्थित थे।

# झारखंड के करदाताओं का 59% हिस्सा केंद्र सरकार को, बदले में मिलता है सौतेला व्यवहार : धीरज दुबे

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के पक्षकार धीरज दुबे ने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 280 देश में वित्त आयोग की स्थापना का प्रावधान करता है। वर्तमान में 15वें वित्त आयोग के तहत करों (टैक्स) में झारखंड के करदाताओं का 59% हिस्सा केंद्र सरकार को जाता है, लेकिन इसके बदले में राज्य को अपेक्षित संसाधन और सहयोग नहीं मिलता। केंद्र सरकार राज्य के साथ सौतेला व्यवहार करती है।

**श्री दुबे ने कई मौकों पर केंद्र सरकार पर सौतेला व्यवहार करने का आरोप लगाया है। इसके पीछे मुख्य रूप से निम्नलिखित कारण बताये हैं:**

**निधियों का आवंटन:** केंद्र सरकार राज्यों को फंड आवंटन में भेदभाव करती है, खासकर उन राज्यों के साथ जहां भाजपा की सरकार नहीं है। झारखंड जैसे पिछड़े राज्यों को बजट आवंटन में कम हिस्सा मिलता है, जबकि गुजरात जैसे राज्यों को अधिक



राशि मिलती है। केंद्र से विभिन्न योजनाओं के तहत मिलने वाले फंड में भी कमी की गयी है।

**कोयले की रॉयल्टी और अन्य बकाया:** केंद्र पर कोयला खनन से संबंधित 1.36 लाख करोड़ से अधिक का बकाया है जो वर्तमान में ब्याज सहित 1.40 लाख करोड़ हो गया है। कोयला खनन से हमारे लोग विस्थापित होते हैं, प्रदूषण एवं पलायन का दंश झेलते हैं। कोयला खनन के दौरान होने वाले हादसे में जान गंवाते हैं। परंतु जब हमारी हिस्सेदारी देने की बात आती है तो केंद्र सरकार इसे रोक कर बैठी हुई है।

**केंद्रीय योजनाओं में अपर्याप्त सहायता:** जल जीवन मिशन जैसी केंद्रीय योजनाओं के लिए केंद्र से अपेक्षित राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा है। उदाहरण के लिए, जल जीवन मिशन के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में झारखंड को 2114 करोड़ से अधिक मिलने थे, लेकिन केवल 70 करोड़ ही मिले। झारखंड के आवास का पैसा को रोककर रखा गया। सहयोग करने की बजाय राज्य सरकार को रोकने एवं परेशान करने का भरपूर प्रयास किया।

**आपदा प्रबंधन और स्वास्थ्य सेवाओं में कमी:** श्री दुबे ने आरोप लगाया है कि कोविड-19 महामारी के दौरान भी केंद्र ने झारखंड के साथ भेदभाव किया। उन्होंने दावा किया कि राज्य ने रेमेडिसिविर, वेंटिलेटर और वैक्सीन की बड़ी मात्रा में मांग की थी, लेकिन उसे बहुत कम आपूर्ति की गयी। जबकी राज्यवासियों ने पीएम केयर फंड में भरपूर सहयोग उपलब्ध कराये थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने देश में ऑक्सीजन सप्लाई में भरपूर मदद कया था।

**केंद्रीय बजट में उपेक्षा:** झामुमो ने केंद्रीय बजट 2025-26 को लेकर भी आरोप लगाया है कि इसमें झारखंड और उसके लोगों को पूरी तरह से नजरअंदाज किया गया है, जबकि पड़ोसी राज्यों को कई परियोजनाएं मिली हैं। चुनावी लाभ के लिए घोषणाओं की बरसात कर दी गयी।

श्री दुबे ने यह भी बताया कि नैतिकता के आधार पर झारखंड वासियों के हक-अधिकार की मांग को लेकर कोई भी भाजपा के सांसद-विधायक गतिशील नहीं है। विगत तीन लोकसभा चुनाव में जनता के अपार समर्थन के बावजूद भी उनके हितों की मांग को लेकर भाजपा नेता शिथिल नजर आते हैं। प्रदेश की भाजपा इकाई नकारात्मक राजनीति में इतनी धंस चुकी है की ना तो इनको जनता की अपेक्षा नजर आती है और ना ही राज्य सरकार द्वारा चलायी जा रही जनहित की योजनाएं।

केंद्र सरकार के 11 साल पूर्ण होने पर प्रदेश की भाजपा इकाई विभिन्न जगहों पर डुगडुगी बजा रही है लेकिन इन 11 सालों में केंद्र सरकार की नोटबंदी, जीएसटी नुकसान, कोरोना महामारी के दौरान कुप्रबंधन और ताली-थाली बजवाने, विदेश नीतियों की नाकामी, पड़ोसी देश श्रीलंका, बांग्लादेश से रिश्ते बिगड़ने, संघीय ढांचा पर प्रहार, मणिपुर हिंसा, विपक्षी पार्टियों को तोड़ने की साजिश, सूचना का अधिकार को कमजोर करने और स्वतंत्र संस्थाओं को प्रभावित करने जैसी घटनाओं पर कुछ नहीं बोल रहे।

# 22 जून को आजसू मनायेगी बलिदान दिवस : सुदेश महतो

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश महतो ने कहा है कि 22 जून को पार्टी बलिदान दिवस के रूप में मनायेगी। यह दिन पार्टी के ऐतिहासिक योगदान और झारखंड आंदोलन के शहीदों को समर्पित होगा। इस अवसर पर केंद्रीय स्तर पर समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। श्री महतो ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित केंद्रीय कार्यसमिति की बैठक के बाद पत्रकारों से बात करते हुए उक्त जानकारी दी। बैठक में श्री महतो के अलावा सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक निर्मल महतो, पूर्व विधायक लंबोदर महतो, डॉ देवशरण भगत, प्रवीण प्रभाकर, हसन अंसारी, बुद्धिजीवी मंच के अध्यक्ष डोमन सिंह मुंडा, मुकुंद चंद्र मेहता आदि नेता उपस्थित थे।

बैठक में कई अहम राजनीतिक, सामाजिक और सांगठनिक निर्णय लिये गये। पार्टी ने सभी जिलाध्यक्षों और केंद्रीय नेताओं को निर्देश दिया है कि वे बलिदान दिवस को लेकर



अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापक प्रचार-प्रसार करें और अधिकतम संख्या में कार्यकर्ताओं को 22 जून के आयोजन में शामिल करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर पार्टी कार्यकर्ता और नेता एकजुट होकर झारखंड की अस्मिता और अधिकारों की रक्षा के लिए संकल्पित होंगे।

पार्टी प्रमुख सुदेश महतो ने कहा, बलिदान दिवस न केवल हमारी विरासत को याद करने का दिन होगा, बल्कि यह आत्ममंथन का भी अवसर होगा कि झारखंड गठन के बाद आज राज्य की स्थिति क्या है और क्या यह वास्तव में जनता की आकांक्षाओं पर खरा उतरा है।

बैठक में राज्य की मौजूदा वित्तीय स्थिति को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की गयी। पार्टी ने सरकार को सुझाव दिया कि वित्तीय प्रबंधन में सुधार करे और राज्य के संसाधनों का सही तरीके से उपयोग करे। श्री महतो ने कहा कि राज्य की वित्तीय स्थिति में सुधार के लिए सरकार को कड़े कदम उठाने होंगे। श्री महतो ने पेसा कानून के क्रियान्वयन में राज्य सरकार की सुस्ती पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि अभी तक इस कानून की नियमावली भी नहीं बनायी गयी है। तैयार ड्राफ्ट को सार्वजनिक नहीं किया गया है। मूलवासी और आदिवासी जनता के अधिकारों के प्रति सरकार गंभीर नहीं है।




आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 13 जून, 2025
www.azadsipahi.in


# अहमदाबाद विमान हादसे पर राज्यपाल संजय सेठ और बाबूलाल ने जताया दुख





आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा है कि गुजरात के अहमदाबाद में हुई भीषण विमान दुर्घटना का समाचार अत्यंत दुखद और मर्माहत करने वाला है। दिवंगतों के परिजनों के प्रति मैं अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं और ईश्वर से प्रार्थना करता हूं कि वे उन्हें इस दुःख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

**बहुत दुखद घटना है: संजय सेठ**

अहमदाबाद में हुए विमान दुर्घटना पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कहा कि घटना बहुत दुखद है। हमने अपने सारे कार्यक्रम स्थगित कर दिये हैं। हम सब भगवान से प्रार्थना करते हैं कि जो भी घायल हुए हैं, वो जल्दी से जल्दी ठीक हो जायें पूरा देश पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा है'।

**हादसे ने हम सभी को झकझोर कर रख दिया : बाबूलाल**

नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि अहमदाबाद में जो भयावह त्रासदी घटी, उसने हम सभी को झकझोर कर रख दिया है। इस कठिन समय में हमारी प्रार्थनाएं पीड़ित परिवारों के साथ हैं। हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि घायल जल्द से जल्द स्वस्थ हों और जिन परिवारों ने अपनों को खोया है, उन्हें यह असहनीय दुख सहने की शक्ति मिले।

# कुख्यात अपराधी संदीप थापा और आदित्य सिंह गिरफ्तार

**हथियार और जमीन के फर्जी दस्तावेज जब्त**

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** जमीन के धंधे में धमकी देते हुए रंगदारी वसूलने वाले कुख्यात अपराधी संदीप थापा सहित दो अपराधी गिरफ्तार किये गये हैं। सुखदेवनगर थाना की पुलिस ने 30 कांडों में आरोपित संदीप थापा और नौ कांडों में शामिल आदित्य सिंह उर्फ बिट्टू सिंह को गिरफ्तार किया है। इनके पास से पुलिस ने दो रायफल, 23 जिंदा गोलियां, कार समेत कई अन्य सामान बरामद किये हैं।

डीआइजी सह एसएसपी चंदन सिन्हा ने गुरुवार को बताया कि 11 जून को गुप्त सूचना मिली थी कि कुख्यात अपराधकर्मी संदीप प्रधान उर्फ सदीप थापा ने बाहर से कई रायफलें मंगवायी हैं। वह रांची जिले के कई व्यक्तियों को औने पौने दाम में जमीन देने के लिए धमका रहा है। वह जमीन के धंधे में धमकी देते हुए रंगदारी वसूलने का काम करवा रहा है। संदीप थापा हत्या, रंगदारी, हत्या का प्रयास, डकैती जैसे लगभग 30 कांडों में आरोपित है। अपराधकर्मी बिट्टू सिंह उर्फ आदित्य सिंह कुल नौ कांडों में आरोपित है। दोनों एक साथ भी कई कांडों में आरोपित हैं। संदीप थापा पूर्व में भी भू माफिया के रूप में चिह्नित है। इस खबर के बाद एसएसपी ने कोतवाली डीएसपी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। टीम ने संदीप थापा के रातू स्थित घर में छापा मारा। उसे वहां से गिरफ्तार किया, छापेमारी के क्रम में संदीप थापा के घर से दो रायफल और 23 चक्र जिंदा गोली, एक काले रंग की मर्सिडिज बेंज कार बरामद किया है। संदीप थापा के घर से जमीन खरीद बिक्री से संबंधित तीन एकरारनामे भी बरामद किये गये। संदीप थापा के निशानदेही पर अपराधकर्मी आदित्य सिंह उर्फ बिट्टू के घर पर छापामारी की गयी। वहां से अलग-अलग दो पैन कार्ड, एक ही व्यक्ति के तीन मतदाता पहचान पत्र, बैंक ऑफ इंडिया का अकाउंट सहित अन्य सामान बरामद हुआ।

**दक्षिण पूर्व रेलवे-निविदा**

**ई-निविदा सूचना सं.: एम-41आर-एमसीसी-ओबीएचएस-2वीबी-आरएनसी-58, दिनांक: 10.06.2025;** भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल यांत्रिक अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, राँची-834003 द्वारा निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। **कार्य का नाम:** 2 अदद वंदे भारत ट्रेन सेट (रांची-हावड़ा-रांची एवं रांची-वाराणसी-रांची) के लिए चार वर्षों की अवधि हेतु मार्ग में यांत्रिक कोच सफाई, पानी भरना, ओबीएचएस, कचरा संग्रहण एवं उसका निपटान। **कार्य की अनुमानित लागत** (जीएसटी सहित): रु. 4,25,45,627.45; **बयाना राशि:** रु. 3,62,700; **ई-निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 04.07.2025 को अपराह्न 03.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण एवं ब्यौरा: www.ireps.gov.in.** (PR-259)

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक/इंजी/चक्रधरपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे, चक्रधरपुर द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के लिए खुली निविदा के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। इन निविदाओं के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं है तथा इस तरह के प्राप्त किसी भी मैनुअल प्रस्तावों पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **क्रमांक एवं निविदा सूचना सं., कार्य का नाम, निविदा मूल्य, ईएमडी (1) सीकेपी-वेस्ट-25-26-03, दिनांक 11.06.2025;** चक्रधरपुर मंडल के तहत किमी. 233.880 से 515.117 के बीच पैदल यात्री/पशु/2-पहिया अंडर पास के लिए पुशिंग पद्धति द्वारा आरसीसी बॉक्स के साथ सबवे (आकार 2.5 मी x 2.5 मी = 59 अदद) का प्रावधान; रु. 88,04,51,780.81; रु. 45,52,300; **(2) सीकेपी-सेंट्रल-25-26-09, दिनांक 11.06.2025;** (I) राजखरसावां-सोनुआ- 1 इन 12 = 14 अदद तथा 1 इन 8.5 = 9 अदद के लिए टीटीआर (टीएसआर)। (II) चक्रधरपुर मंडल-एसएसई/पी.वे/चक्रधरपुर के क्षेत्राधिकार के अधीन राजखरसावां-बड़ाबाम्बो-चक्रधरपुर स्टेशन के बीच किमी: 300.072 से 305.101 (अप), 310.100 से 312.400 (अप) एवं 295.940 से 312.900 (डाउन) तक टीएफआर-24.289 किमी। (III) राजखरसावां-सोनुआ-एसएसई/पी.वे/चक्रधरपुर के क्षेत्राधिकार के अधीन सीएमएस क्रॉसिंग का डब्ल्यूसीएमएस क्रॉसिंग में रूपांतरण; रु. 1,15,34,083.31; रु. 2,07,700; **(3) सीकेपी-सेंट्रल-25-26-10, दिनांक 11.06.2025;** (I) एसएसई/पी.वे/डूमेत्रा के अधीन डूमेत्रा-बिमलगढ़, डूमेत्रा-लिंक सी के बीच टीएफआर 21.638 किमी। (II) एडीईएन/बंडामुंडा के अधीन किमी. 452.00-456.00 एस/एल तक 35 सेमी तक बैलास्ट कुशन को ऊंचा करने/डीप स्क्रीनिंग के साथ किमी से 4.00 किमी के लिए सम्पूर्ण बैलास्ट नवीनीकरण। (III) सहायक मंडल अभियंता/बंडामुंडा के क्षेत्राधिकार के अधीन ए केबिन बंडामुंडा-बिमलगढ़-बरसुआँ के बीच पीएससी (आरटी-8746) पर नए 60 किग्रा 260 मीटर रेल द्वारा 13.702 किमी के लिए सीटीआर (पी) प्रति किमी 1660 अदद (मौजूदा पीएससी स्लीपर); रु. 3,52,45,683.32; रु. 3,26,200; **(4) सीकेपी-सेंट्रल-25-26-011, दिनांक 11.06.2025;** एसएसई/पी.वे-II/बंडामुंडा के क्षेत्राधिकार के अधीन राजखरसावां जंक्शन-सोनुआ (डाउन) - टीआरआर (पी)-10.322 टीकेएम तथा सोनुआ-मनोहरपुर-11.435 टीकेएम; रु. 3,03,17,186.48; रु. 3,01,600; **(5) सीकेपी-सेंट्रल-25-26-12, दिनांक 11.06.2025;** (I) एसएसई/पी.वे-II/बंडामुंडा के क्षेत्राधिकार के अधीन महत्वपूर्ण पुलों तथा उसके पहुंच सड़कों पर अत्यंत पुरानी रेल का नवीनीकरण 7.661 किमी का टीआरआर(पी) (II) सहायक मंडल अभियंता/वेस्ट/चक्रधरपुर के क्षेत्राधिकार के अधीन राजखरसावां-बंडामुंडा-प्वाइंटों तथा क्रॉसिंगों का सम्पूर्ण बैलास्ट नवीनीकरण; रु. 1,57,95,195.16; रु. 2,29,000/-। **(6) सीकेपी-सेंट्रल-25-26-13, दिनांक 11.06.2025;** एसएसई/पी.वे-II/बंडामुंडा के क्षेत्राधिकार के अधीन महत्वपूर्ण पुलों तथा उसके पहुंच सड़कों पर अत्यंत पुरानी रेल के 7.661 किमी के टीआरआर(पी) के तहत ट्रैक के साथ ड्रेन के निर्माण की लागत; रु. 2,03,78,793.54; रु. 2,51,900; **निविदा प्रपत्र की कीमत:** प्रत्येक के लिए रु. 0.00। **खुलने की तारीख:** क्रमांक 1 के लिए 30.06.2025, क्रमांक 2 एवं 3 के लिए 07.07.2025 एवं क्रमांक 4 से 6 के लिए 11.07.2025। निविदा वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है। निविदादाताओं/बोलीदाताओं के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन पंजीकृत होना चाहिए। सिर्फ पंजीकृत निविदादाता/बोलीदाता ई-निविदा प्रणाली में भाग ले सकते हैं। **टिप्पणी:** सभी निविदादाताओं को ई-निविदा प्रपत्र निःशुल्क जारी किए जाएंगे। (प्राधिकारी-रेलवे बोर्ड पत्रांक 2020/सीई-I/सीटी/3ई/जीसीसी/पॉलिसी दिनांक 16.07.2020). (PR-260)

# विमान दुर्घटना के मृतकों को श्रद्धांजलि सभी घायल जल्दी स्वस्थ हों : बंधु तिर्की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** पूर्व मंत्री, झारखंड सरकार की समन्वय समिति के सदस्य एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने अहमदाबाद में एयर इंडिया की हुई विमान दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। श्री तिर्की ने कहा कि इस भीषण दुर्घटना में सभी दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए वे ईश्वर से प्रार्थना करते हैं और भरोसा जताया कि सभी घायल जल्द-से-जल्द स्वस्थ होंगे। श्री तिर्की ने विशेष रूप से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से अपील की है कि देश में विमान यात्रा को और भी ज्यादा सुरक्षित बनाने के लिए युद्ध स्तर पर काम किया जाये क्योंकि विमानन सुरक्षा के क्षेत्र में बहुत अधिक अनुसंधान की जरूरत है।

# भोजपुरी, मगही भाषाई अस्मिता के साथ अन्याय सीएम हेमंत सोरेन करें पुनर्विचार : कैलाश यादव

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** प्रदेश राजद महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सरकार को सुझाव दिया कि पलामू गढ़वा में भोजपुरी मगही हिंदी स्थानीय लिपि/भाषाई अस्मिता के साथ छेड़छाड़ करना बिल्कुल अनुचित है। एकीकृत बिहार के समय से पलामू गढ़वा में बहुसंख्यक आबादी वाले लोग भोजपुरी मगही भाषा बोलते है। वहां का रहन सहन खाना पीना बोलचाल की संस्कृति बिहार से मिलता है। उन्होंने लिखा है कि हेमंत सरकार जेटेट परीक्षा में जनजातीय भाषा को अनिवार्य करने को लेकर पुनर्विचार करने की जरूरत है और भाषाई अस्मिता का ख्याल कर वहां के लोगों की भावनाओं और जेटेट परीक्षा ने छात्र के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होना चाहिये। भोजपुरी मगही हिंदी भाषा की प्राथमिकता बरकरार रखने की जरूरत है। यादव ने कहा कि राजद जनजातीय भाषा का समर्थक है उन लोगों के लिए स्कूल कॉलेज में पढ़ाई और शिक्षकों की बहाली हो अकादमिक काउंसिल का गठन किया जाय, लेकिन राज्य में स्थानीय स्तर पर क्षेत्रीय भाषा को नजरअंदाज करना सही नहीं है। उम्मीद है जल्द उचित फैसला लिया जायेगा अन्यथा बेवजह भाषाई एकता में विद्रोह आपसी मतभेद और सामाजिक एकता को कमजोर करने की कड़ी हो सकती है।

# ऐसे हादसों को रोकने की प्रणाली विकसित हो : सुदेश

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने और यात्रियों और आम लोगों के हताहत होने पर आजसू प्रमुख सुदेश महतो ने गहरी संवेदना जाहिर की है और कहा है कि लंदन जा रहे एयर इंडिया के विमान का अहमदाबाद हवाई अड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त होना अत्यंत पीड़ादायक और मन को विचलित करने वाली घटना है। श्री महतो ने कहा कि इस कठिन घड़ी में उनकी संवेदनाएं सभी पीड़ितों और उनके परिजनों के साथ हैं। भविष्य में ऐसे हादसे न हों, इसके लिए विशेष कदम उठाये जाने चाहिए और सुरक्षित प्रणाली विकसित की जाये। पार्टी के अन्य नेताओं सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक निर्मल महतो, पूर्व विधायक लंबोदर महतो, डॉ देवशरण भगत, प्रवीण प्रभाकर, हसन अंसारी, डोमन सिंह मुंडा आदि ने भी हादसे पर दुःख जताया है।

# डीबीसीए जूनियर प्रीमियर लीग का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** डीबीसीए जूनियर प्रीमियर लीग का उद्घाटन गुरुवार को जागरण नगर गाड़ी होटवार खेलगांव हुआ। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि के रूप में डीबीसीए के प्रेसिडेंट जागरण कच्छप शामिल हुए। साथ ही झारखंड, रणजी खिलाड़ी विकास विशाल, प्रभात कुमार यादव, ऋषिकेश तिवारी सहित अन्य खिलाड़ी उपस्थित थे। डीबीसीए जूनियर प्रीमियर लीग का पहला मैच डीबीसीए रॉयल चैलेंजर और डीबीसीए इंडियंस के बीच खेला गया, जिसमें डीबीसीए रॉयल चैलेंजर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। डीबीसीए रॉयल चैलेंजर ने 20 ओवर में पांच विकेट खोकर कुल 149 रन बनाया। इसके जवाब में डीबीसीए इंडियंस 133 रन पर ही पूरी टीम सिमट गयी। इस मैच के मैन ऑफ द मैच प्राची प्रसाद हुई। इन्होंने चार ओवर में मात्र 24 रन देकर पांच विकेट ली। जिसमें डीबीसीए रॉयल चैलेंजर की तरफ से प्रतीकक्षा कुमारी ने (37) गेंदो पर 60 रनों की अर्धशतकीय पारी खेली। इस टूर्नामेंट के प्रायोजक इंफ्राकॉन प्राइवेट लिमिटेड, पीएचयू कंस्ट्रक्शन डवलपर्स, भोजपुर क्लासिक बस, श्री साईं इंटर प्राइजेज और आयुष बुक सेंटर शामिल है।

# रबींद्रनाथ महतो ने प्लेन दुर्घटना पर शोक-संवेदना प्रकट की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने अहमदाबाद से लंदन जा रही प्लेन दुर्घटना में मारे गये यात्रियों और दुर्घटना से प्रभावित घायल जनों के लिए अपनी शोक संवेदनाएं प्रकट की हैं। उन्होंने कहा कि अहमदाबाद विमान दुर्घटना एक विकराल हादसा है। भारत सहित अन्य देशों में भी इस दुर्घटना को लेकर शोक व्याप्त है। हादसे में लोगों की अकाल मृत्यु और घायल यात्रियों के लिए मैं प्रार्थना करता हूं। उन्होंने कहा कि दुर्घटना से प्रभावित यात्रियों के परिजनों के लिए मैं अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट करता हूं।

# दिल्ली में कटा चालान, स्कूटी खड़ी थी झारखंड में! शख्स ने प्रशासन से लगायी न्याय की गुहार

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के पटमदा ब्लॉक स्थित ग्राम बागुरदा निवासी जगदीश कुमार ने दिल्ली के ट्रैफिक पुलिस द्वारा जारी किये गये एक इ-चालान के खिलाफ प्रशासन से न्याय दिलाने की मांग की है। जगदीश कुमार के अनुसार, उनके नाम पर निबंधित स्कूटी (वाहन संख्याः जेएच 05 सीटी 0906) पर दिल्ली के धौलाकुआं क्षेत्र में 31 मार्च 2025 को शाम 6:48 बजे ट्रैफिक नियमों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए गलत चालान जारी किया गया है। जबकि यह वाहन न तो कभी झारखंड से बाहर गया है और न ही मालिक स्वयं दिल्ली गये हैं।

उक्त चालान की जानकारी उन्हें एसएमएस के माध्यम से प्राप्त हुई और ी ॅ''ल्ल.स्त्रं१५ॅल्ल.ङ्ग५.ल्ल वेबसाइट पर भी यह चालान दर्ज है। इसमें 12 जुलाई 2025 को पटियाला हाउस कोर्ट, नयी दिल्ली में पेश होने का निर्देश भी दिया गया है। जगदीश कुमार ने इस घटना को पूर्णतः त्रुटिपूर्ण और संभवतः नंबर प्लेट की क्लोनिंग का मामला बताया है। उनका कहना है कि संबंधित तारीख और समय पर वे स्वयं बागुरदा में थे और स्कूटी भी वहीं मौजूद थी।

उन्होंने इस मामले की शिकायत पटमदा प्रखंड के कमलपुर थाना और साइबर थाना, जमशेदपुर में दर्ज करायी है, ताकि इसकी न्यायिक और तकनीकी जांच हो सके। शिकायत में उन्होंने मांग की है कि उक्त गलत चालान को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाये। वाहन संख्या के दुरुपयोग या क्लोनिंग की जांच की जाये। साथ ही इस प्रकार के मामलों से आम जनता को बचाने के लिए ट्रैफिक सिस्टम को और सशक्त और पारदर्शी बनाया जाये।

## मुकेश नायक और संदीप टाइगर नायक की पहल पर जरूरतमंद को मिला ब्लड

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** सेवा सदन अस्पताल में पुंदाग निवासी सिता देवी का पित की थैली फट जाने के कारण तत्काल चार युनिट ब्लड की जरूरत पड़ी। सीता देवी के दामाद विजय नायक ने जब घासी नायक युवा कल्याण समिति झारखंड प्रदेश के अध्यक्ष संदीप टाइगर नायक और कार्यकारी अध्यक्ष मुकेश नायक से संपर्क किया तब मानवता की मिशाल पेश करते हुए युवा टीम सोशल मीडिया प्रभारी बबलू नायक, सदस्य विजय कुमार नायक, सनी नायक, अंकित नायक को जल्द से सेवा सदन जाकर चार यूनिट रक्तदान किया। इस मौके पर मुकेश नायक ने कहा कि रक्तदान महादान है और संदीप टाइगर नायक ने कहा कि किसी जरूरतमंद की जान बचाना सौभाग्य की बात है।

## 10 करोड़ रुपये की अफीम-ब्राउन शुगर और 23.60 लाख नगदी के साथ महिला गिरफ्तार

**चतरा (आजाद सिपाही)।** पुलिस ने लगभग 10 करोड़ रुपये मूल्य के अफीम व ब्राउन शुगर और 23 लाख 60 हजार 700 नगद रुपये के साथ एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार महिला तस्कर पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र के कुमार टोली निवासी उदेश कुमार दांगी की पत्नी है। यह जानकारी गुरुवार को पुलिस अधीक्षक सुमित कुमार अग्रवाल ने समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि पत्थलगड्डा के कुम्हार टोली में एक घर में तस्करी के लिए काफी मात्रा में अफीम और ब्राउन शुगर रखा हुआ है। इस सूचना पर कार्रवाई हुई।

# पुलिस ने 10 लाख का डोडा लदा ट्रक किया जब्त

**चालक और उपचालक गिरफ्तार, पूछताछ**



**मांडू (आजाद सिपाही)।** रामगढ़ एसपी अजय कुमार के निर्देश पर मांडू पुलिस ने गुरुवार को डोडा लदा एक 6 चक्का ट्रक जब्त किया। साथ ही चालक एवं उपचालक को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। सूचना मिली थी कि उक्त ट्रक पर डोडा चूर्ण लोडकर टाटा चौका से लुधियाना पंजाब जा रहा है। सूचना के आलोक में रामगढ़ एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में टीम गठित कर जिले के मांडू प्रखंड मुख्यालय के निकट वाहनों की जांच की गयी। जांच के दौरान ट्रक नंबर पीबी 13 बीएफ/8675 पर अवैध डोडा चूर्ण पाया गया। उक्त गाड़ी के चालक और उप चालक भागने का प्रयास करने लगे। भागने के क्रम में पुलिस ने गाड़ी चालक व उपचालक को पकड़ कर हिरासत में लिया। जब उससे कड़ाई से पूछताछ की गयी तो उसने बताया कि गाड़ी में आठ बोरा डोडा केमिकल पाउडर के पीछे छिपा कर रखा गया है, जिसका वजन 128 किलो के आसपास है। जब्त डोडा का बाजार मूल्य लगभग दस लाख बताया जा रहा है। मौके पर प्रशिक्षु डीएसपी फैजान अहमद, पुलिस निरीक्षक रजत कुमार, थाना प्रभारी सदानंद कुमार अपने बल के साथ मौजूद थे।

**125 बोरा केमिकल पाउडर पुलिस ने बरामद किया**

पुलिस ने गाड़ी की जांच की तो भारी मात्रा में डोडा मिला, जिसे बरामद किया। साथ ही 125 बोरा केमिकल पाउडर भी बरामद किया गया है। ट्रक चालक का नाम परमेल सिंह और उपचालक रेशम सिंह है, जो लुधियाना पंजाब का रहने वाला है।

## श्रीकांत शर्मा महाराज का भव्य स्वागत



रांची (आजाद सिपाही)। अग्रसेन भवन के सभागार में 13 जून से 19 जून तक दोपहर 3:00 से 7:30 बजे तक श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर कोलकाता से पधारे श्रीकांत शर्मा महाराज श्रीमद भागवत कथा करायेंगे। प्रातः 8 बजे श्री राणी सती मंदिर से श्रीमद् भागवत कथा सह कलश शोभायात्रा निकाली जायेगी। जो नगर भ्रमण करते हुए अग्रसेन भवन कथा स्थल पहुंचेगी। यह जानकारी निरंजन केडिया, प्रमोद सारस्वत ने दी।

**AFFIDAVIT**

As per Affidavit Ref. No. 1259 date 10.06.2025, I, Dukhani Manjhi Wife of Sadhu Charan Manjhi Resident of Village Singhpur Purana Hat Bagan Chhota Muri, P.O. Chhota Muri P.S. Silli District Ranchi Jharkhand 835101 do hereby solemnly affirm and declare as follows: 1. That I am an Indian Citizen. 2. That I am residing-at aforesaid address. 3. That my actual name is Dukhani Manjhi mentioned in my Voter ID being No LKL 6726715 4. That my nick name RINA DEVI entered in my Adhar Card being Adhar No 9708 2474 9539. 5. That I will be known by my actual name i.e. Dukhani Manjhi for ever and every where according to my Voter ID & my actual name shall be published in News Paper for my further Identification as such this affidavit. 7. That foregoing statements are true and genuine if any found untrue I shall be responsible.
Sworn and signed at Ranchi on dt 10.06.2025

**पूर्व मध्य रेल**

**निविदा सूचना**

**ई–निविदा सूचना संख्याः 03-MC-RSP-DoorSpl-25-26** धनबाद, दिनांक: 11.06.2025

वरीय मण्डल यांत्रिक अभियंता (समाडी), पूर्व मध्य रेल धनबाद के द्वारा निम्नलिखित कार्यों के निष्पादन के लिए ई–खुली निविदा (e-open tender) Two Packet System में IREPS Portal में आमंत्रित की जाती है।

1. कार्य का नाम : BOXN, BOXNHL और उनके विभिन्न प्रकार के वैगनों में दो तिरछे विपरीत दरवाजों को बंद करना तथा शेष दो दरवाजों की ऊंचाई कम करना। 2. संविदा की अवधि : 18 महीना। 3. कार्य–स्थान: धनबाद डिवीजन के फ्रेट डिपो BRWD, OBRA, PTRU और PEH या धनबाद डिवीजन के भीतर कोई अन्य स्थान जैसा कि वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर (समन्वय)/धनबाद द्वारा तय किया गया हो। 4. अनुमानित बोली मूल्यः रु. 13,12,54,105.00/– (रुपये तेरह करोड़ बारह लाख चौवन हजार एक सौ पांच) मात्र। 5. निविदा दस्तावेज मूल्य: 0.00 (शून्य) 6. बयाना राशि (निविदा सूचना के तद्नुसार): रु. 8,06,300/– (रुपये आठ लाख छह हजार तीन सौ) मात्र। 7. ई–निविदा जमा करने का तारीख तथा समय: तारीख 18.06.2025 से 02.07.2025 को 12:00 बजे तक। 8. ई–निविदा खुलने का तारीख तथा समय: 02.07.2025 को 12:30 बजे। 9. वेबसाईट का विवरण: http://www.ireps.gov.in (ई–निविदा के तहत मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।)

कृते वरीय मंडल यांत्रिक अभियंता(समन्वय)
पूर्व मध्य रेल/ धनबाद
पीआर/0392/डीएचएन/टी/25–26

# गलत राह पर पाकिस्तान

पाकिस्तान ने अपने रक्षा बजट में 20% का इजाफा किया है। इससे उसकी प्राथमिकता साफ हो जाती है कि उसके लिए अपनी जनता का कल्याण और विकास नहीं, भारत के खिलाफ आक्रामकता ज्यादा जरूरी है। यह बात और है कि बजट का 14.5% सिर्फ डिफेंस पर खर्च करके वह अपनी मुश्किलें ही बढ़ायेगा।

**कर्ज पर गुजारा :** लोन और आर्थिक मदद की वजह से ही पाकिस्तान अभी तक दिवालिया होने से बचा हुआ है, लेकिन इसकी वजह से उस पर 269 बिलियन डॉलर का कर्ज चढ़ चुका है, जबकि उसके मौजूदा बजट का आकार है केवल 63 बिलियन डॉलर। एक लोन चुकाने के लिए दूसरा लोन लेने की आदत ने पाकिस्तान को ऐसे दुष्चक्र में फंसा दिया है, जहां अब उसे अपने बजट का करीब आधा हिस्सा कर्ज की किस्तों और ब्याज भरने के लिए देना पड़ेगा। अब जो रकम बचती है, उसमें से भी लगभग एक तिहाई, 9.17 बिलियन डॉलर उसने डिफेंस के लिए रख लिया है।

**लोन और आर्थिक मदद की वजह से ही पाकिस्तान अभी तक दिवालिया होने से बचा हुआ है, लेकिन इसकी वजह से उस पर 269 बिलियन डॉलर का कर्ज चढ़ चुका है, जबकि उसके मौजूदा बजट का आकार केवल 63 बिलियन डॉलर है।**

**भारत से तुलना :** इस्लामाबाद में नयी दिल्ली के साथ होड़ करने की बेचैनी और उतावलापन है। लेकिन सच यही है कि इतने भारी खर्च के बावजूद भारत के 77 बिलियन डॉलर के डिफेंस बजट के सामने पाकिस्तान का रक्षा बजट बहुत मामूली है। हां, यह जरूर है कि यह होड़ उसे कर्ज, खास कर चीन के कर्ज के जाल में और फंसा रही है। पाकिस्तान पर सबसे बड़ी देनदारी चीन की है, लगभग 15 बिलियन डॉलर।

**चीन का फायदा :** पाकिस्तान अपने लगभग 80% सैन्य साजो-सामान और हथियार चीन से खरीदता है। चीन जे-35 स्टेल्थ फाइटर जेट भी पाकिस्तान को देने जा रहा है। यानी उसके सैन्य बजट का एक बड़ा भाग चीन की जेब में जायेगा। यही नहीं, शहबाज शरीफ सरकार ने बजट में कर्ज अदायगी के लिए जो रकम रखी है, उससे भी सबसे बड़ा हिस्सा चीन को मिलेगा। विडंबना है कि भारत के साथ टकराव के दौरान पाकिस्तान को चीनी डिफेंस सिस्टम की वजह से ही नुकसान और शर्मिंदगी उठानी पड़ी थी।

**आर्थिक मुश्किलें :** पाकिस्तान को हथियार से ज्यादा रोजगार, निवेश और अन्न की जरूरत है। उसकी इकॉनमी एक अरसे से जड़ बनी हुई है। 2025 में जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 2.7% है। आर्थिक मोर्चे पर उसकी सबसे बड़ी खुशी यह है कि आइएमएफ ने हाल में एक नए बेलआउट पैकेज को मंजूरी दे दी है। पाकिस्तान का बजट भारत की चिंताओं की पुष्टि करने के साथ आइएमएफ और वर्ल्ड बैंक जैसी संस्थाओं को भी आईना दिखाता है। ये संस्थाएं बार-बार भरोसा टूटने के बावजूद पाकिस्तान के किसी नये वादे के झांसे में आकर मदद देती रहती हैं। क्या अब वे सबक लेंगी?

अभिमत
आजाद सिपाही

**आज संपूर्ण देश ऐसी नीतियों और प्रयासों का साक्षी बना है, जो किसानों की समृद्धि व आत्मनिर्भरता के लिए अटूट प्रतिबद्धता दर्शाते हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार का हर कदम-हर योजना-हर निर्णय किसान कल्याण के लिए समर्पित है। बीते दशक में केंद्र सरकार ने किसान कल्याण के लिए ऐतिहासिक कदम उठाये हैं, जिनसे न केवल किसानों की आय बढ़ी, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी सुदृढ़ हुआ है। चाहे न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में अभूतपूर्व वृद्धि हो, फसलों की खरीद में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हो या तकनीकी नवाचारों के माध्यम से खेती को आधुनिक बनाने का प्रयास; केंद्र सरकार ने हर क्षेत्र में किसानों के लिए दिन-रात काम किया है।**

# बीज से बाजार तक : किसान कल्याण को समर्पित सरकार



**शिवराज सिंह चौहान**



भारत एक कृषि प्रधान राष्ट्र है, जहां किसान केवल अन्नदाता नहीं, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था और सामाजिक संरचना का एक मजबूत स्तंभ है। जब किसान मिट्टी को जोतता है तो वह सिर्फ फसल नहीं, बल्कि देश के करोड़ों नागरिकों के लिए जीवन और समृद्धि का बीज बोता है। कृषि क्षेत्र करोड़ों लोगों को आजीविका देता है। साथ ही, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण विकास का प्रमुख आधार भी है। ऐसे में राष्ट्र की प्रगति के लिए हमारे किसान भाइयों- बहनों की उन्नति आवश्यक है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल और दूरदर्शी नेतृत्व में केंद्र सरकार ने कृषि और किसान कल्याण को नीति-निर्माण की सर्वोच्च प्राथमिकता में स्थान दिया है। किसानों की मेहनत को उचित सम्मान मिले, उनकी फसल को सही दाम मिले और उनका जीवन खुशहाली से भरा हो, इसके लिए केंद्र सरकार संकल्पित है।

आज संपूर्ण देश ऐसी नीतियों और प्रयासों का साक्षी बना है, जो किसानों की समृद्धि व आत्मनिर्भरता के लिए अटूट प्रतिबद्धता दर्शाते हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार का हर कदम-हर योजना-हर निर्णय किसान कल्याण के लिए समर्पित है। बीते दशक में केंद्र सरकार ने किसान कल्याण के लिए ऐतिहासिक कदम उठाये हैं, जिनसे न केवल किसानों की आय बढ़ी, बल्कि उनका आत्मविश्वास भी सुदृढ़ हुआ है। चाहे न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में अभूतपूर्व वृद्धि हो, फसलों की खरीद में रिकॉर्ड बढ़ोतरी हो या तकनीकी नवाचारों के माध्यम से खेती को आधुनिक बनाने का प्रयास; केंद्र सरकार ने हर क्षेत्र में किसानों के लिए दिन-रात काम किया है। किसान हितैषी नीतियों, तकनीकी के उपयोग, नवाचार और बाजार तक सुगम पहुंच के माध्यम से भारत एक ऐसी कृषि व्यवस्था की ओर बढ़ रहा है, जो टिकाऊ, समावेशी और भविष्य उन्मुख हो।

**किसानों की उपज का उचित दाम; मोदी सरकार की गारंटी**

पहले के समय में हमारे किसान फसल लागत से नाममात्र का लाभ कमा पाते थे, पर प्रधानमंत्री ने स्पष्ट नीति बनायी कि हर फसल पर उसकी लागत से ऊपर, कम से कम 50% मुनाफा सुनिश्चित होगा। आज खरीफ व रबी की प्रमुख फसलों के एमएसपी में 1.8 से 3.3 गुना तक की वृद्धि की गयी है। कभी धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2013-14 में ?1310 प्रति क्विंटल था, जो 2025-26 में बढ़ कर 2369 हो गया है। इसी तरह ज्वार का एमएसपी 1500 से बढ़ कर 3699, बाजरा 1250 से 2775, रागी 1500 से 4886, मक्का 1310 से 2400, तूर (अरहर) 4300 से 8000, मूंग 4500 से 8768, उड़द 4300 से 7800, मूंगफली 4000 से 7263, सूरजमुखी बीज 3700 से 7721, सोयाबीन (पीला) 2560 से 5328, तिल 4500 से 9846, रामतिल 3500 से 9537, कपास 3700 से 7710 रुपये प्रति क्विंटल हो गया है। रबी फसलों में गेहूं का एमएसपी 1400 से 2425, जौ 1100 से 1980, चना 3100 से 5650, मसूर 2950 से 6700, रेपसीड/सरसों 3050 से 5950, कुसुम्भ 3000 से 5940, पटसन 2400 से 5650 और कोपरा 5250 से 11582 रुपये प्रति क्विंटल तक बढ़ाया गया है। इन सभी फसलों के एमएसपी में ऐतिहासिक वृद्धि हुई है, जिससे किसानों को उनकी मेहनत का पूरा दाम मिलना सुनिश्चित हुआ है।

2004-14 के मुकाबले 2014-2025 के दौरान एमएसपी पर खरीदी गयी फसलों की मात्रा और भुगतान में भी रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। धान की खरीद 45 करोड़ 90 लाख मीट्रिक टन से बढ़ कर 76 करोड़ 8 लाख मीट्रिक टन (1.7 गुना), गेहूं 22 करोड़ 54 लाख से 33 करोड़ 37 लाख (1.4 गुना), दलहन 6 लाख 29 हजार से 1 करोड़ 80 लाख (28.6 गुना), तिलहन 47 लाख 75 हजार से 1 करोड़ 27 लाख (2.7 गुना), वाणिज्यिक फसलें 35 लाख 27 हजार से 80 लाख 83 हजार (2.3 गुना) और सभी एमएसपी फसलें मिला कर 69 करोड़ 87 लाख से 113 करोड़ 92 लाख मीट्रिक टन (1.6 गुना) हो गयी हैं। किसानों को भुगतान की गयी एमएसपी राशि भी सभी फसलों के लिए 7 लाख 41 हजार करोड़ से बढ़ कर 23 लाख 61 हजार करोड़ रुपये (3.2 गुना) हो गयी है। धान के लिए 4 लाख 44 हजार करोड़ से 14 लाख 16 हजार करोड़ (3.2 गुना), गेहूं के लिए 2 लाख 56 हजार करोड़ से 5 लाख 65 हजार करोड़ (2.2 गुना), दलहन के लिए 19 सौ करोड़ से 98 हजार करोड़ (51 गुना), तिलहन के लिए 9 हजार करोड़ से 65 हजार करोड़ (7.1 गुना), वाणिज्यिक फसलों के लिए 26 हजार करोड़ से 1 लाख 33 हजार करोड़ (5 गुना) रुपये का भुगतान हुआ है। ये आंकड़े किसानों के प्रति मोदी सरकार की प्रतिबद्धता, किसानों की मेहनत का सम्मान और उनकी आर्थिक मजबूती का प्रमाण हैं।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि दलहन, तिलहन और वाणिज्यिक फसलों जैसे तिल, मूंगफली और सूरजमुखी में भी रिकॉर्ड एमएसपी वृद्धि हो, ताकि किसानों को फसल विविधता का लाभ मिले और उनकी आय में स्थिरता आये। केंद्र सरकार ने केवल एमएसपी बढ़ाने तक ही खुद को सीमित नहीं रखा, बल्कि यह भी सुनिश्चित किया है कि यह लाभ सीधे किसानों के खाते में पहुंचे। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण के माध्यम से हमने पारदर्शिता और गति के साथ किसानों को उनकी मेहनत का पूरा दाम दिलाया है। यह एक ऐसी कृषि क्रांति है, जो हमारे किसान भाइयों-बहनों का जीवन व खेती की दशा-दिशा बदल रही है। अब किसान निश्चिंत होकर खेती करता है, क्योंकि उसे पता है कि उसकी फसल का उचित मूल्य व समय पर भुगतान सुनिश्चित मिलना है।

आज केंद्र सरकार बीज से बाजार तक, हर कदम पर किसानों के साथ खड़ी है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड से किसानों को अपनी मिट्टी की सेहत जानने और सही फसल चुनने में मदद मिल रही है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना प्राकृतिक आपदाओं से आर्थिक सुरक्षा दे रही है।

ई-नाम के जरिए डिजिटल बाजार से जुड़कर किसानों को बेहतर दाम मिल रहा है। ड्रोन और स्मार्ट सिंचाई तकनीक खेती को आसान और आधुनिक बना रहे हैं।

इसके साथ ही, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण, और कृषि यंत्रों पर अनुदान के माध्यम से हमने किसानों को आत्मनिर्भर बनाने का हरसंभव प्रयास किया है। सरकार ने किसानों को ब्याज सहायता के तहत किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से 3 लाख रुपये तक का अल्पकालिक ऋण 7% ब्याज पर उपलब्ध कराया है, समय से चुकाने पर 3% अतिरिक्त छूट मिलती है, जिससे प्रभावी ब्याज दर 4% रह जाती है। देश में 7.75 करोड़ से अधिक ङउउ खाते हैं, जिससे किसानों को सस्ता व सुलभ ऋण मिल रहा है। मृदा स्वास्थ्य कार्ड, ई-नाम, ड्रोन, स्मार्ट सिंचाई, प्राकृतिक खेती, कृषि यंत्रों पर अनुदान आदि के माध्यम से खेती को आधुनिक-टिकाऊ बनाया जा रहा है। चना, मसूर, उड़द और अरहर जैसी फसलों की खरीद और भुगतान की व्यवस्था को और मजबूत किया गया है, ताकि किसानों को समय पर उसका पूरा हक मिले।

प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के तहत मूल्य समर्थन योजना, मूल्य न्यूनता भुगतान योजना, बाजार हस्तक्षेप योजना और मूल्य स्थिरीकरण निधि को लागू किया गया हैं। पीएसएस के तहत दलहन, तिलहन व कोपरा की टरढ पर खरीद सीधे किसानों से की जाती है। 2024-25 में सोयाबीन की 19.97 लाख मीट्रिक टन व मूंगफली की 17.73 लाख मीट्रिक टन खरीद की गयी, जो अब तक की सबसे अधिक है। तूर, उड़द और मसूर की 100% खरीद सुनिश्चित की गयी है, जिससे इन फसलों की खेती को बढ़ावा मिला है। पीडीपीएस के तहत तिलहन किसानों को एमएसपी एवं बाजार मूल्य के अंतर की भरपाई सीधे उनके खाते में की जाती है।

राज्यों को खरीद के लिए पर्याप्त मात्रा स्वीकृत की गयी है और आवश्यकता अनुसार समय-सीमा भी बढ़ायी जाती है। टक्र के तहत अदरक की खरीद कर्नाटक में, लाल मिर्च की खरीद आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में, टमाटर की खरीद मध्यप्रदेश, ओड़िशा, छत्तीसगढ़ और आंध्र प्रदेश में एनसीसीएफ एवं एनएएफएडी के माध्यम से की गयी है। गुजरात को चना खरीद के लिए 3.27 लाख मीट्रिक टन की स्वीकृति दी गयी। महाराष्ट्र में तूर और असम में सरसों की खरीद की अवधि बढ़ायी गयी है।

कर्नाटक में अदरक की खरीद के लिए एमआइएस लागू किया गया है। सरकार ने मिशन आत्मनिर्भरता इन पल्सेज के तहत ढरर के लिए सरकारी गारंटी 45,000 करोड़ से बढ़ाकर 60,000 करोड़ रुपये करने का प्रस्ताव भी रखा है, ताकि खरीद व भंडारण की प्रक्रिया को और मजबूत किया जा सके। साथ ही, खरीदी गई फसलों के शीघ्र निपटान के लिए भी दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं।

प्रधानमंत्री के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने टीओपी (टमाटर, प्याज, आलू) फसलों के भंडारण और परिवहन लागत की प्रतिपूर्ति के लिए भी नयी व्यवस्था लागू की है। आज का युग विज्ञान और तकनीक का है। खेती को उन्नत और विकसित बनाने के लिए हमारे वैज्ञानिक कई तरह के प्रयोग कर रहे हैं। लैब में होने वाली रिसर्च लैंड तक पहुंचे और किसान सीधे विज्ञान से जुड़े, इसके लिए देशभर में विकसित कृषि संकल्प अभियान शुरू किया गया है। इसके तहत 29 मई से 12 जून तक देश के 700 से अधिक जिलों में 16 हजार वैज्ञानिक गांव-गांव जाकर किसान भाइयों-बहनों को उन्नत खेती की तकनीक, बेहतर बीज, जैविक खाद और जलवायु अनुकूल खेती के तरीकों की जानकारी दे रहे हैं, जिससे न सिर्फ उत्पादन बढ़ेगा, बल्कि उन्नत कृषि के माध्यम से भारतीय अर्थव्यवस्था को भी और गति मिलेगी। इन सभी पहलों और उपलब्धियों के साथ, मोदी सरकार ने किसानों के हित में ऐतिहासिक एवं निर्णायक कदम उठाये हैं।

तकनीकी नवाचारों के साथ ये पहलें किसानों को आत्मनिर्भर, समृद्ध एवं खुशहाल बनाने की दिशा में मील का पत्थर हैं। यह प्रतिबद्धता भविष्य में भी अटूट रहेगी, ताकि हमारे किसान सशक्त बने एवं देश कृषि महाशक्ति की ओर अग्रसर हो।

**(लेखक : केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री हैं।)**

## कोल्हान की खबरें

# मोदी सरकार के 11 वर्षों का कार्यकाल हर मोर्चे पर सफल : बाबूलाल मरांडी

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने गुरुवार को बिष्टुपुर स्थित चैंबर भवन में प्रेस वार्ता कर केंद्र की मोदी सरकार के 11 वर्षों की उपलब्धियों को ऐतिहासिक बताते हुए कहा सरकार ने गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, आतंकी जवाब, रक्षा उत्पादन, और बुनियादी विकास के सभी मोर्चों पर उल्लेखनीय काम किया है। बाबूलाल मरांडी ने कहा भारत अब चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। उग्रवाद में 70% की कमी आयी है और 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर निकाले गए हैं। आयुष्मान भारत, उज्ज्वला, प्रधानमंत्री आवास जैसी योजनाओं से लोगों को सीधा लाभ मिला है। श्री मरांडी ने राज्य की गिरती स्वास्थ्य व्यवस्था पर भी चिंता जतायी। उन्होंने झारखंड में बदलाव की जरूरत बतायी। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष सुधांशु ओझा, प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले सहित भाजपा के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

# पोटका विधायक संजीव सरदार ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना की शुरुआत की

## 51 किसानों के बीच बत्तख वितरित किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**पोटका/जमशेदपुर।** झारखंड सरकार की मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना के अंतर्गत पोटका प्रखंड में बत्तख वितरण योजना का शुभारंभ स्थानीय विधायक संजीव सरदार ने की। गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय सभागार में आयोजित कार्यक्रम में विधायक ने 51 किसानों को प्रति किसान 15-15 बत्तख वितरित कर योजना की शुरूआत की। इस अवसर पर विधायक ने कहा यह योजना किसानों को खेती के अतिरिक्त आय का साधन प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने ग्रामीणों से स्वरोजगार के लिए इस योजना से जुड़ने की अपील की। विधायक श्री सरदार ने बताया आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में ग्रामीणों द्वारा किए गए आवेदनों के आधार पर यह योजना लागू की गयी है। इस मौके पर अंचलाधिकारी निकिता बाला, बीडीओ अरुण कुमार मुंडा, पशुपालन पदाधिकारी डॉ. अशोक कुमार, थाना प्रभारी मनोज मुर्मू सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# विधायक समीर कुमार मोहंती ने चाकुलिया में धान बीज वितरण कार्यक्रम का किया उद्घाटन



**चाकुलिया (आजाद सिपाही)। चाकुलिया नोडल लैंपस परिसर में बहरागोड़ा विधायक समीर कुमार मोहंती ने धान बीज वितरण कार्यक्रम का फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने किसानों से वैज्ञानिक पद्धति से खेती कर उत्पादन बढ़ाने की अपील की। लैंपस सचिव अरुण कुमार राय ने बताया 550 क्विंटल एमयूटी 7029 किस्म का धान बीज 20 रुपये प्रति किलो की रियायती दर पर उपलब्ध कराया गया। बीज वितरण केवल निबंधित किसानों को आधार कार्ड की छाया प्रति के आधार पर किया जायेगा। कार्यक्रम में प्रखंड प्रमुख धनंजय करूणामय सहित कई जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।**

# जून में दर्जनों ट्रेनें रद्द, कई के मार्ग बदले

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर, खड़गपुर व आद्रा मंडलों में जारी विकास कार्यों के कारण जून माह में दर्जनों ट्रेनों को रद्द और कई को डायवर्ट किया गया। टाटानगर से होकर गुजरने वाली 18 एक्सप्रेस ट्रेनों सहित कई पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ है। आद्रा डिवीजन में 13 जून को तीन ट्रेनें रद्द रहेंगी, जबकि खड़गपुर-रांची ट्रेन को शॉर्ट टर्मिनेट किया गया है। चक्रधरपुर मंडल में 16 से 24 जून तक 8 ट्रेनें अस्थायी रूप से रद्द रहेंगी। रेलवे ने अहमदाबाद-हावड़ा, रांची-हावड़ा,तिनसुकिया-ताम्ब्रम समेत चार ट्रेनों के मार्ग में परिवर्तन किया है। इस्पात एक्सप्रेस, उत्कल एक्सप्रेस और साउथ बिहार एक्सप्रेस का संचालन भी आंशिक रूप से प्रभावित रहेगा। गम्हरिया-सीनी रेलखंड पर मेगा ब्लॉक के कारण कई ट्रेनों के मार्ग और समय में बदलाव किया गया है।**

# नवनियुक्त एसएसपी पीयूष पांडेय से मिला प्रतिनिधिमंडल, किया सम्मानित



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)। एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ वर्ल्ड के प्रतिनिधियों ने गुरुवार को नवनियुक्त एसएसपी पीयूष पांडेय से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान उन्हें गुलदस्ता और पौधा भेंट कर सम्मानित किया। प्रतिनिधियों ने उनके कार्यकाल में अपराध और नशाखोरी पर अंकुश की उम्मीद जतायी।**

# आपसी विवाद में युवक पर भुजाली से हमला

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** मानगो थाना क्षेत्र के मुंशी मोहल्ला में गुरुवार सुबह मामूली विवाद ने हिंसक का रूप ले लिया। वकील नामक युवक ने अफाक आलम अंसारी पर भुजाली से हमला कर दिया। गले और शरीर पर गंभीर चोटें आने से अफाक को एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गयी। स्थानीय लोगों ने मुहल्ले में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की।

# श्याम महोत्सव कल

**जमशेदपुर।** टेल्को सबुज कल्याण संघ परिसर में 14 जून को बाबा श्याम का भव्य दरबार सजेगा। इसका आयोजन (श्याम महोत्सव 2025) शहर की धार्मिक एवं सामाजिक संस्था श्याम युवा मंडल टेल्को द्वारा किया जा रहा है। बाबा के दरबार में आमंत्रित कलाकार कोलकाता से विवेक शर्मा (जीतू), अनिल लाटा सहित जमशेदपुर के महावीर अग्रवाल मुन्ना भजनों की अमृत वर्षा करेंगे।

# अंसार खान की पहल रंग लायी, गुलाब बाग फेस-2 में नाली निर्माण कार्य शुरू



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** मानगो गुलाब बाग फेस-2 में वर्षों से लंबित नाली निर्माण कार्य आखिरकार शुरू हो गया। पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अंसार खान की लगातार पहल के बाद मानगो नगर निगम ने यह कार्य प्रारंभ किया।

# सरायकेला-खरसावां में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन



**सरायकेला (आजाद सिपाही)।** सरायकेला-खरसावां जिले के बिरसा मुंडा स्टेडियम में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का चयन किया गया।इस अवसर पर सब-जूनियर और जूनियर वर्ग के 57 खिलाड़ियों ने भाग लिया। पारदर्शी चयन प्रक्रिया के बाद दोनों श्रेणियों के कुल 29 खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया।सब-जूनियर वर्ग की प्रतियोगिता 15 से 19 जून और जूनियर वर्ग की प्रतियोगिता 20 से 24 जून तक होगी।इस अवसर पर जिला हॉकी संघ के अध्यक्ष सह पूर्व विधायक अरविंद सिंह सहित कई पदाधिकारी एवं कोच मौजूद रहे। उन्होंने चयनित खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

# साकची थाना प्रभारी को हटाने की मांग को लेकर जन सुविधा मंच का प्रदर्शन



**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** साकची में बढ़ते अपराध, अतिक्रमण और नशे के खिलाफ जन सुविधा मंच ने सैकड़ों लोगों के साथ थाना परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। गुरुवार को प्रदर्शन के दौरान मंच ने थाना प्रभारी आनंद मिश्रा को हटाने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल उठाते हुए कहा थाना क्षेत्र में अपराध और नशाखोरी बेकाबू हो गयी है। थानेदार ने आरोपों को निराधार बताया और दो पुरानी घटनाओं को विरोध की वजह बताया। प्रदर्शन के दौरान बैनर फाड़े जाने पर उन्होंने कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी। मंच ने कहा कि अगर कार्रवाई नहीं हुई तो जिला मुख्यालय पर भी धरना दिया जायेगा।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 13 जून, 2025
www.azadsipahi.in
07

# अहमदाबाद विमान दुर्घटना पर अलखनाथ पांडेय ने जताया शोक

**यह केवल एक हादसा नहीं, संपूर्ण राष्ट्र की असहनीय पीड़ा है : अलखनाथ पांडेय**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** देश को स्तब्ध कर देने वाली भीषण विमान दुर्घटना पर वरिष्ठ भाजपा नेता अलखनाथ पाण्डेय ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा है कि यह समाचार हर एक भारतीय के हृदय को गहराई तक झकझोर देने वाला है। इस हादसे में जान गंवाने वाले सभी यात्रियों को मैं अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करता हूँ। ईश्वर से प्रार्थना है कि वे दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें तथा शोक संतप्त परिवारों को इस असीम पीड़ा को सहने की शक्ति दें। यह केवल एक हादसा नहीं है, बल्कि पूरे राष्ट्र का सामूहिक दुःख है, जिसकी पीड़ा लंबे समय तक महसूस की जाती रहेगी।

## राजद जिलाध्यक्ष सूरज सिंह पर फर्जी तरीके से पद हथियाने का लगा आरोप



**गढ़वा।** गढ़वा में राजद कार्यकतोओं ने प्रेसवार्ता कर नवनिर्वाचित राजद जिलाध्यक्ष सूरज सिंह पर फर्जी तरीके से पद हथियाने का गंभीर आरोप लगाया। इस दौरान नेताओं ने लोकतांत्रिक प्रक्रिया की अनदेखी और संगठन को व्यक्तिगत हितों से चलाने की बात कही। राजद युवा नेता प्रताप यादव ने कहा कि पार्टी के संस्थापक लालू प्रसाद यादव ने राजद को संघर्ष और लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर खड़ा किया था, लेकिन आज पार्टी की स्थानीय इकाई में इन मूल्यों को ताक पर रखकर जिला कमेटी सिर्फ कागजों पर बनाई जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला अध्यक्ष द्वारा प्रखंड अध्यक्षों का चयन कहीं भी लोकतांत्रिक तरीके से नहीं किया गया है, बल्कि घर बैठे ही मनमाने तरीके से नियुक्तियां की गयी हैं। उन्होंने कहा कि पार्टी के नाम पर फर्जी तरीके से कागजात तैयार किये जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि जिला अध्यक्ष चुनाव में भी चुनाव प्रभारी की मिलीभगत से फर्जी तरीके से चुनाव कराया गया। प्रताप यादव कहा कि यह चुनाव फिक्स था। कार्यकर्ताओं की राय नहीं ली गयी, सब कुछ पहले से तय था। अब पार्टी में जो लोग आवाज उठाते हैं, उन्हें दरकिनार कर दिया जाता है। प्रताप ने आरोप लगाया कि 2024 के विधानसभा चुनाव में राजद के जिला अध्यक्ष रहते हुए उन्होंने सपा का प्रचार किया था। उन्होंने कहा कि जिला अध्यक्ष अपने संगठनात्मक दायित्वों से हटकर काम कर रहे हैं और मनमानी तरीके से अपने आवास पर राजद कार्यालय खोलकर उसका संचालन कर रहे हैं। प्रताप ने मांग की कि ऐसे लोगों को पार्टी से बर्खास्त किया जाये और फिर से जिला अध्यक्ष का चुनाव कराया जो, ताकि पार्टी की खोई हुई साख बहाल हो सके। प्रेसवार्ता के दौरान मौजूद राजद पूर्व नगर मंडल अध्यक्ष रमजान हाशमी ने भी इस प्रक्रिया को अनुचित और एकतरफा बताया।

## डीसी ने रंका प्रखंड कार्यालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का किया औचक निरीक्षण



**रंका (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला के नवनियुक्त उपायुक्त दिनेश कुमार यादव ने 11 जून को दोपहर लगभग 2:00 बजे रंका अनुमंडल के प्रखंड सह अंचल कार्यालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र( रेफरल) का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान उन्हें कई विभागों में अनियमितताओं की शिकायत मिली। सबसे पहले उपायुक्त ने रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (रेफरल) का निरीक्षण किया, जहां स्थानीय लोगों ने उन्हें बाउंड्री वॉल की कमी, एक्स-रे मशीन की अनुपलब्धता तथा डॉक्टर की कमी जैसी समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने अस्पताल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और कई आवश्यक निर्देश दिए। इसके बाद उपायुक्त भंडारिया प्रखंड की ओर प्रस्थान कर गये। तत्पश्चात लौटते वक्त पुणः रंका प्रखंड कार्यालय पहुंचे जहां निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने मनरेगा आदि योजनाओं में हो रही अनियमितताओं की शिकायत की। भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष बसंत गुप्ता ने आरोप लगाया कि पदाधिकारी के द्वारा मनरेगा योजनाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बरती जा रही है। उस समय बीपीओ गढ़वा डीसीसी की बैठक में गये हुए थे। साथ ही ग्रामीणों ने भूमि सुधार उप समाहर्ता रंका के आदेश के बावजूद अंचल कार्यालय में मोटेशन (नामांतरण) कार्य नहीं होने की शिकायत भी की। इस पर उपायुक्त ने कहा कि यदि किसी को मोटेशन से संबंधित परेशानी हो रही है, तो वह सीधे उनके कार्यालय में आकर शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

## बीडीओ ने मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित



**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रशांत कुमार ने प्रखंड क्षेत्र के मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं सम्मानित करने के लिए बुधवार को प्रखंड कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें प्रखंड क्षेत्र के मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 में प्रखंड स्तरीय टॉप 3 मेधावी छात्र-छात्राओं को अंचलाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रखंड विकास के द्वारा मेडल और मोमेंटो से सम्मानित किया। जिसमें लोहिया समता उच्च विद्यालय केतार, पल्स टू विद्यालय परसोडीह में मैट्रिक एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2025 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को बुधवार को प्रखंड कार्यालय में एक सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बीडीओ ने कहा कि ये छात्र-छात्राएं पूरे प्रखंड का नाम रोशन कर रहे हैं। और इनकी सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक है।

## सर्पदंश से मासूम डिंपल की हुई मौत



मृत डिंपल की फाइल फोटो।

**भवनाथपुर (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मकरी गांव निवासी भीम पासवान की चार वर्षीया पुत्री डिंपल कुमारी की मौत सर्पदंश से हो गयी। परिजनों द्वारा उसे ईलाज के लिए तुंबागडा ले जाने के दौरान उसकी मौत हो गयी। बच्ची की मौत की सूचना मिलने पर मुखिया पति धनंजय साह, जेएमएम के जिला उपाध्यक्ष लल्लू राम, पूर्व बीससूत्री अध्यक्ष सह वरिष्ठ नेता ब्रजेश सिंह, प्रमोद चंद्रवंशी, नवलेश पासवान सहित अन्य लोग भीम पासवान के घर पहुंचकर शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाया।

### बजरंगबली मंदिर की जमीन को लेकर राजनीतिक बहस

# मंदिर की जमीन को बलपूर्वक कब्जा किया जा रहा है : विधायक

**वर्तमान विधायक ने पूर्व मंत्री को चंगेज खां कहा**

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत दुलदुलवा चामा गांव के बॉर्डर पर स्थित बजरंगबली मंदिर की जमीन को लेकर बड़ा विवाद खड़ा हो गया है। गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने इस मुद्दे पर पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर पर गंभीर आरोप लगाये हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व मंत्री सड़क निर्माण के नाम पर मंदिर की जमीन जबरन हड़पने की कोशिश कर रहे हैं। जबकि सड़क निर्माण के लिए पहले से ही सर्वे में चिह्नित मार्ग मौजूद है।

विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि बहुसंख्यक समाज की धार्मिक भावनाओं को आहत करते हुए मंदिर की पवित्र जमीन को बलपूर्वक कब्जा किया जा रहा है। पूर्व मंत्री मिथिलेश ठाकुर सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर एक वर्ग विशेष को खुश करने के लिए यह अनुचित कार्य कर रहे हैं। उनकी भूमिका इतिहास के क्रूर शासक चंगेज खान जैसी प्रतीत होती है।

उन्होंने आगे बताया कि पूर्व की दिशा के बैठक में यह स्पष्ट रूप से तय किया गया था कि पुरानी सर्वे वाली सड़क पर ही नये निर्माण कार्य कराये जायेंगे। इसके बावजूद, मुस्लिम तुष्टिकरण के उद्देश्य से पूर्व मंत्री ने सुरक्षा कर्मियों और संबंधित विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में स्वयं खड़े होकर मंदिर की जमीन पर कब्जा करवाया।

**अतिक्रमण हटाने की बजाय मंदिर की जमीन पर नजर :** विधायक ने कहा कि उन्होंने अपने पूर्व कार्यकाल के दौरान इसी स्थान पर स्थित सर्वे के रोड को अतिक्रमण से मुक्त कराया था। लेकिन अब अधिकारी उन लोगों पर कार्रवाई नहीं कर रहे हैं जो सरकारी जमीन पर अवैध दुकान, मकान या ठेला लगाकर कब्जा किए हुए हैं। इसके उलट वे मिथिलेश ठाकुर के दबाव में आकर मंदिर की जमीन पर सड़क बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

**प्रशासन को चेतावनी :** विधायक श्री तिवारी ने गढ़वा के पदाधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जो लोग मिथिलेश ठाकुर के इशारे पर पुलिस बल का भय दिखाकर सर्वे वाले मार्ग में सड़क नहीं बनने दे रहे हैं, उन्हें सावधान रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह इस मुद्दे को विधानसभा में भी उठायेंगे, और हर हाल में सर्वे के अनुसार निर्धारित मार्ग पर ही सड़क बनवायेंगे। साथ ही बजरंगबली मंदिर की जमीन को कब्जा मुक्त करवा कर हिंदू समाज की धार्मिक भावनाओं का सम्मान बनाए रखेंगे।

# अबुआ आवास के 17 लाभुकों पर प्राथमिकी दर्ज

आजाद सिपाही संवाददाता



**मेराल।** अबुआ आवास योजना के ऐसे लाभार्थी जो पैसे लेकर आवास का निर्माण नहीं करवा रहे हैं, उन हठी लाभुकों पर प्रशासन ऐक्शन लेना शुरू कर दिया है। बुधवार को बीडीओ सतीश भगत के निर्देश पर पंचायत सचिव परमा नंन्द पाठक द्वारा गोंदा पंचायत के 17 अबुआ आवास के लाभुको पर थाना में प्राथमिकी दर्ज कराया गया। थाना में दिये गये आवेदन के अनुसार गोन्दा पंचायत के 17 अबुआ आवास के लाभुको को 2023-24 में आवास योजना के क्रियान्वयन के लिए सभी को प्रथम किस्त तीस हजार रुपये दिया गया था। परंतु अभी तक इन सभी लाभुको द्वारा आवास निर्माण का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है। कहा गया है कि इन सभी लाभुको को आवास का कार्य प्रारंभ करने के लिए कई बार प्रखंड कार्यालय से नोटिस दिया गया, बावजूद लाभुकों के द्वारा आवास का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया। बाध्य होकर लाभार्थी शकुंतला देवी, चंद्रावती देवी, सिलवंती देवी, सुमन देवी, मनोईया देवी, उदय भुइयां, राजकुमारी देवी, राहुल पांडे, प्रियंका देवी, अनीता देवी, गुड्डू उरांव, मंजू देवी, बाबूलाल कुजूर, सुनीता देवी, उषा देवी, जीतन देवी, शिवेंद्र कुमार द्विवेदी पर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराया गया है।

# भाषा मामले में युवाओं की भावनाओं से मुख्यमंत्री को अवगत करायेंगे : झामुमो

आजाद सिपाही संवाददाता



**गढ़वा।** झामुमो जिला कमिटि, गढ़वा और वरिष्ट सदस्यों की बैठक पूर्व मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर के आवास के सभागार में जिला अध्यक्ष, शंभू राम की अध्यक्षता में किया गया। चर्चा हुई कि भाषा की वजह से पलामू प्रमण्डल के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को नियुक्तियों में परेशानी का सामना करना पड़ेगा। यहां की जनभावनाओं को देखते हुए पलामू प्रमंडल के युवाओं के हित में हिंदी को जोड़ने के लिए सहानुभूतिपूर्वक विचार करने हेतु माननीय मुख्यमंत्री से आग्रह करने का निर्णय लिया गया। ताकि पलामू प्रमण्डल के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को तृतीय एवं चतुर्थ वर्ग में नियुक्ति हो सके। इस बैठक में जिला सचिव, मो शरीफ अंसारी, तनवीर आलम खान, मनोज ठाकुर, राजकिशोर यादव, ताहिर अंसारी, श्रवण कुमार सिंह उर्फ संजय छोटू, शांति देवी, रेखा चौबे, अराधना सिंह, अंजली देवी, दीपमाला, बिरेंद्र प्रसाद, प्रकाश चंद्र पाठक, मनोज, रामचंद्र राम, सुनिल, अखिलेश जायसवाल आदि उपस्थित थे।

## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग

### झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग

74वीं औपबंधिक सूची
जिला– लातेहार (पार्ट–2)

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी श्री सूर्यदेव भगत द्वारा माननीय सदस्य नरसिंह मुर्मू के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 64. | 1. आवेदन क्र0–71/25 2. आवेदक–प्रदीप कुमार कुशवाहा , पिता–मोती महतो<br>3. ग्राम–जाटा , पोस्ट–कल्याणपुर , थाना–गढ़वा , प्रखण्ड–गढ़वा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह– दाया हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 65. | 1. आवेदन क्र0–159/25 2. आवेदक–अशोक चौधरी , पिता–जगेशर चौधरी<br>3. ग्राम–मुरूप , पोस्ट– मुरूप , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह– बाया आंख के उपर कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 66. | 1. आवेदन क्र0–342/25 2. आवेदक–संजय कुमार वर्मा , पिता–शिवनाथ राम<br>3. ग्राम–जोरार बस्ती , पोस्ट–नामकुम , थाना–नामकुम , प्रखण्ड–नामकुम<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह– अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 67. | 1. आवेदन क्र0–160/25 2. आवेदक–सुखमनी देवी , पति–प्रदीप उराँव<br>3. ग्राम–मंगरा , पोस्ट– मुरूप , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–महिला , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह– गाल में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी सुर्यदेव भगत द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | | |
| 68. | 1. आवेदन क्र0–161/25 2. आवेदक–असगर आलम , पिता–मो0अख्तर हुसैन<br>3. ग्राम–हेठ बेसरा , पोस्ट–उदयपुरा , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 69. | 1. आवेदन क्र0–162/25 2. आवेदक–रयाज अन्सारी , पिता–सरफुद्दीन अंसारी<br>3. ग्राम–तिन्दिर , पोस्ट–डेम , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी अनिल मनोहर केरकेट्टा एवं आरडीयन खाखा द्वारा आयोग के माननीय सदस्य भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | | |
| 70. | 1. आवेदन क्र0–163/25 2. आवेदक–अमृत टोप्पो , पिता–पियुस टोप्पो<br>3. ग्राम–मायापुर , पोस्ट–बरेसंध , थाना–बरेसंध , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–बाया गाल पर मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 71. | 1. आवेदन क्र0–164/25 2. आवेदक–पंखरसियुस टोप्पो , पिता–स्व0 सुखु टोप्पो<br>3. ग्राम–मायापुर , पोस्ट–बरेसंध , थाना–बरेसंध , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 72. | 1. आवेदन क्र0–165/25 2. आवेदक–आनन्द बरवा , पिता–स्व0 बेंजामिन बरवा<br>3. ग्राम–मायापुर , पोस्ट–बारेसांड़ , थाना–बारेसांड़ , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–64 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां गाल पर घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 73. | 1. आवेदन क्र0–166/25 2. आवेदक–रशीद खलीफा , पिता–इमामन खलीफा<br>3. ग्राम–मायापुर , पोस्ट–बारेसांड़ , थाना–बारेसांड़ , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 74. | 1. आवेदन क्र0–167/25 2. आवेदक–अएनुल हक , पिता–स्व0 रोज मुहम्मद अंसारी<br>3. ग्राम–मायापुर , पोस्ट–बारेसांड़ , थाना–बारेसांड़ , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–43 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाया पैर से लंगड़ा । | कंडिका–2(ix) |
| 75. | 1. आवेदन क्र0–168/25 2. आवेदक–जहीरूद्दीन अंसारी , पिता–स्व0 सरफती अंसारी<br>3. ग्राम–मायापुर , पोस्ट–बारेसांड़ , थाना–बारेसांड़ , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–71 वर्ष, पहचान चिन्ह–नाक पर मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 76. | 1. आवेदन क्र0–169/25 2. आवेदक–विष्णु यादव , पिता–तीमन यादव<br>3. ग्राम–पहाड़कोचा , पोस्ट–बारेसांड़ , थाना–बारेसांड़ , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 77. | 1. आवेदन क्र0–170/25 2. आवेदक–फलोरा एक्का , पति–जोन टोप्पो<br>3. ग्राम–धांगर टोला , पोस्ट–गारू , थाना–गारू , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–महिला , आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–गले पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 78. | 1. आवेदन क्र0–171/25 2. आवेदक–जसिन्ता ठिठियो , पति–मेमियास मुण्डा<br>3. ग्राम–धांगर टोला , पोस्ट–गारू , थाना–गारू , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–महिला , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 79. | 1. आवेदन क्र0–172/25 2. आवेदक–जामुन्ती देवी , पति–महेश्वर उराँव<br>3. ग्राम–समोध टोला , पोस्ट–गारू , थाना–गारू , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–महिला , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां हथेली पर मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 80. | 1. आवेदन क्र0–173/25 2. आवेदक–ईमिलिया मिंज , पति–जोन कुजूर<br>3. ग्राम–धांगर टोला , पोस्ट–गारू , थाना–गारू , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–महिला , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–ठोढी पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 81. | 1. आवेदन क्र0–174/25 2. आवेदक–सुंता देवी , पति–बोलोवा उराँव<br>3. ग्राम–दलदलिया , पोस्ट–कारवाई , थाना–गारू , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–महिला ,आयु–49वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने आँख के बगल में मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 82. | 1. आवेदन क्र0–175/25 2. आवेदक–मालती देवी , पति–सुनील उराँव<br>3. ग्राम–दलदलिया , पोस्ट–कारवाई , थाना–गारू , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–महिला ,आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दोनों पैर में मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 83. | 1. आवेदन क्र0–176/25 2. आवेदक–प्रभा लकड़ा , पति–मरियानुस एक्का<br>3. ग्राम–धांगर टोला , पोस्ट– गारू , थाना–गारू , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–महिला ,आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 84. | 1. आवेदन क्र0–177/25 2. आवेदक–आशा देवी , पति–फुलचन्द उराँव<br>3. ग्राम–सुरकुमी , पोस्ट– गारू , थाना–गारू , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–महिला ,आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 85. | 1. आवेदन क्र0–178/25 2. आवेदक–सुसाना लकड़ा , पति–सेलबेस्तर मिंज<br>3. ग्राम–खम्मीखास , पोस्ट– लात , थाना–छिपादोहर , प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–महिला ,आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां कान के पास मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 86. | 1. आवेदन क्र0–179/25 2. आवेदक–उर्मिला देवी , पति–सुरेश प्रसाद<br>3. ग्राम–धांगर टोला , पोस्ट– गारू , थाना–गारू , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–महिला ,आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां बाह में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 87. | 1. आवेदन क्र0–180/25 2. आवेदक–अजीरन बीबी , पति–स्व0 खरीदन अंसारी<br>3. ग्राम–मायापुर , पोस्ट–बारेसांड़ , थाना–बारेसांड़ , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–महिला ,आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां हाथ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 88. | 1. आवेदन क्र0–181/25 2. आवेदक–राजमतिया देवी , पति–स्व0 विगन सिंह<br>3. ग्राम– बारेसांड़ , पोस्ट–बारेसांड़ , थाना–बारेसांड़ , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–महिला ,आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 89. | 1. आवेदन क्र0–182/25 2. आवेदक–फेकन बीबी , पति–स्व0 समसुदीन अंसारी<br>3. ग्राम–मायापुर , पोस्ट–बारेसांड़ , थाना–बारेसांड़ , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–महिला ,आयु–76 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 90. | 1. आवेदन क्र0–183/25 2. आवेदक–नकुलन बीबी , पति–नसीरूद्दीन अंसारी<br>3. ग्राम–मायापुर , पोस्ट–बारेसांड़ , थाना–बारेसांड़ , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–महिला ,आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां गाल पर मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 91. | 1. आवेदन क्र0–184/25 2. आवेदक–समीमा नाज , पति–मो0 मजीद खान<br>3. ग्राम–डरूवा , पोस्ट– डरूवा , थाना–डरूवा , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–महिला ,आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां हसथ्स में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 92. | 1. आवेदन क्र0–185/25 2. आवेदक–मेमियास मुण्डा , पिता–दानिएल मुण्डा<br>3. ग्राम–धांगर टोला , पोस्ट– गारू , थाना–गारू , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां गाल पर तिल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 93. | 1. आवेदन क्र0–186/25 2. आवेदक–राजू उराँव , पिता–धाना उराँव<br>3. ग्राम–दलदलिया , पोस्ट–करवाल , थाना–गारू , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 94. | 1. आवेदन क्र0–187/25 2. आवेदक–महेन्द्र उराँव , पिता–स्व0 रामवृक्ष उराँव<br>3. ग्राम–पुरनी झरमू , पोस्ट– गारू , थाना–गारू , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 95. | 1. आवेदन क्र0–188/25 2. आवेदक–रामकेश्वर उराँव , पिता–स्व0 सुखदेव उराँव<br>3. ग्राम– गारू , पोस्ट– गारू , थाना–गारू , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे पर चोट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 96. | 1. आवेदन क्र0–189/25 2. आवेदक–मारकुस कुजूर , पिता–स्व0 रोधा कुजूर<br>3. ग्राम– धांगर टोला , पोस्ट– गारू , थाना–गारू , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां कान के पास मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 97. | 1. आवेदन क्र0–190/25 2. आवेदक–विशुणदेव उराँव , पिता–रामलाल उराँव<br>3. ग्राम–पुरनी आरमु , पोस्ट– गारू , थाना–गारू , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने नाक में मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 98. | 1. आवेदन क्र0–191/25 2. आवेदक–धन लाल उराँव , पिता–बिफरा उराँव<br>3. ग्राम–पुरनी आरमु , पोस्ट– गारू , थाना–गारू , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 99. | 1. आवेदन क्र0–192/25 2. आवेदक–किशुन उराँव , पिता–रामलाल उराँव<br>3. ग्राम–पुरनी आरमु , पोस्ट– गारू , थाना–गारू , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 100. | 1. आवेदन क्र0–193/25 2. आवेदक–लालजी उराँव , पिता–स्व0 गन्दू उराँव<br>3. ग्राम–पुरनी आरमु , पोस्ट– गारू , थाना–गारू , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां घुटने में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 101. | 1. आवेदन क्र0–194/25 2. आवेदक–रमेश उराँव , पिता–स्व0 बलदेव उराँव<br>3. ग्राम–पुरनी आरमु , पोस्ट– गारू , थाना–गारू , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां अंगुठा में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 102. | 1. आवेदन क्र0–195/25 2. आवेदक–मरियानुस एक्का , पिता–स्व0 सेलबेस्तर एक्का<br>3. ग्राम–धांगर टोला , पोस्ट– गारू , थाना–गारू , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–40 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 103. | 1. आवेदन क्र0–196/25 2. आवेदक–सुनील केरकेट्टा , पिता–स्व0 अलेकजेंडर केरकेट्टा<br>3. ग्राम– गारू , पोस्ट– गारू , थाना–गारू , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–46 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 104. | 1. आवेदन क्र0–197/25<br>2. आवेदक–विमल कुजूर(आश्रित पुत्र) , पिता–स्व0 अनस्तासियुस कुजूर<br>3. ग्राम– पुरनी आरमु , पोस्ट– गारू , थाना–गारू , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–38 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 105. | 1. आवेदन क्र0–198/25 2. आवेदक–फुलचन्द उराँव , पिता–स्व0 करीमन उराँव<br>3. ग्राम–सुरकुमी , पोस्ट– गारू , थाना–गारू , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–आँख के पास तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 106. | 1. आवेदन क्र0–199/25 2. आवेदक–रामसहाय उराँव , पिता–स्व0 वंशी उराँव<br>3. ग्राम–करवाई , पोस्ट– करवाई , थाना–गारू , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां आँख के निचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 107. | 1. आवेदन क्र0–200/25 2. आवेदक–सुनील उराँव , पिता–स्व0 सुकरा उराँव<br>3. ग्राम–दलदलिया , पोस्ट–करवाई , थाना–गारू , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ में जला का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 108. | 1. आवेदन क्र0–201/25 2. आवेदक–टीबर सिंह , पिता–स्व0 प्रमेश्वर सिंह<br>3. ग्राम–मुकुन्दपुर , पोस्ट–सरयू , थाना–गारू , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 109. | 1. आवेदन क्र0–202/25 2. आवेदक–जोसेफ गुड़िया , पिता–स्व0 फिलिप गुड़िया<br>3. ग्राम–सुखलकथा , पोस्ट–सरयू , थाना–छिपादोहर , प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–ओठ के निचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 110. | 1. आवेदन क्र0–203/25 2. आवेदक–अघन सिंह , पिता–स्व0 प्रबोध सिंह<br>3. ग्राम–चातम , पोस्ट–सरयू , थाना–छिपादोहर , प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने आँख के निचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 111. | 1. आवेदन क्र0–204/25 2. आवेदक–राजेश्वर सिंह , पिता–स्व0 शिवनदन सिंह<br>3. ग्राम–कोरवा टोली , पोस्ट–सरयू , थाना–सरयू , प्रखण्ड–बरवाडीह<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 112. | 1. आवेदन क्र0–205/25 2. आवेदक–जॉन कुजूर , पिता–स्व0 पतरस कुजूर<br>3. ग्राम–धांगर टोला , पोस्ट– गारू , थाना–गारू , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिने पैर में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 113. | 1. आवेदन क्र0–206/25 2. आवेदक–सेलबेस्तर मिंज , पिता–स्व0 स्तेफन मिंज<br>3. ग्राम–खम्मीखास , पोस्ट–लात , थाना–गारू , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–53 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां कान के पास मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 114. | 1. आवेदन क्र0–207/25 2. आवेदक–मरतियुस मिंज , पिता–स्व0 जोसेफ मिंज<br>3. ग्राम–नवरनागू , पोस्ट–लात , थाना–गारू , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–66 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे पर मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 115. | 1. आवेदन क्र0–208/25 2. आवेदक–जयराम उराँव , पिता–स्व0 जगदीश उराँव<br>3. ग्राम–नयकीडबरी , पोस्ट–सरयू , थाना–सरयू , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाया गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 116. | 1. आवेदन क्र0–209/25 2. आवेदक–राजेश उराँव , पिता–स्व0 रामदयाल उराँव<br>3. ग्राम–नयकीडबरी , पोस्ट–सरयू , थाना–सरयू , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां पैर में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 117. | 1. आवेदन क्र0–210/25 2. आवेदक–अलाउद्दीन खलीफा, पिता–स्व0 इमामन खलीफा<br>3. ग्राम–हेसाग , पोस्ट– गारू , थाना–गारू , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–63 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथे पर गूमड़ का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 118. | 1. आवेदन क्र0–211/25 2. आवेदक–दिनेश प्रसाद , पिता–श्री कुंजबिहारी प्रसाद<br>3. ग्राम–धांगर टोला , पोस्ट– गारू , थाना–गारू , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां पैर में कटे का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 119. | 1. आवेदन क्र0–212/25 2. आवेदक– कुंजबिहारी प्रसाद , पिता–स्व0 देवकी साव<br>3. ग्राम–धांगर टोला , पोस्ट– गारू , थाना–गारू , प्रखण्ड–गारू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–79 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां गाल पर मासा का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 120. | 1. आवेदन क्र0–213/25 2. आवेदक–मो0 मजीद खां , पिता–नइम खां<br>3. ग्राम–डुडुवा , पोस्ट–लातेहार , थाना–लातेहार , प्रखण्ड–लातेहार<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायां हाथ में घाव का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 121. | 1. आवेदन क्र0–428/25 2. आवेदक–श्यामलाल उराँव , पिता–स्व0 रामजन्म उराँव<br>3. ग्राम–चियाँकी , पोस्ट– चियाँकी , थाना–मेदनीनगर , प्रखण्ड–पलामू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–56 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |

नोट :– 1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

| | | |
|---|---|---|
| (भुवनेश्वर महतो)<br>सदस्य | (नरसिंह मुर्मू)<br>सदस्य | (दुर्गा उराँव)<br>अध्यक्ष |

PR 354734 Home (25-26)_D

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 13 जून, 2025
www.azadsipahi.in


# 2047 तक भारत दुनिया का सबसे विकसित राष्ट्र होगा : समीर उरांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** अनुसूचित जनजाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व राज्यसभा सदस्य समीर उरांव ने कहा कि आजादी के 100 वर्ष पूरे होने तक यानि 2047 तक भारत दुनिया में नम्बर वन हो जाए, इस दिशा में प्रधानमंत्ररी नरेंद्र मोदी लगातार काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार विकास के लिए समर्पित है और सभी क्षेत्रों में इसका असर दिख रहा है, चाहे रक्षा का क्षेत्र हो, कृषि हो अथवा तकनीक। समीर उरांव गुरुवार को जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रोफेशनल मीट कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी बहुत सारी कल्याणकारी योजनाएं लेकर चल रहे हैं। भारत की विकास यात्रा में नारी शक्ति को सबसे आगे रखा है। सरकार ने एक विकास मॉडल को आगे बढ़ाया है, जिसका उद्देश्य समावेशिता सुनिश्चित करना है और किसी को भी पीछे नहीं छोड़ना है। किसानों के हित सुनिश्चित करना, मध्यम वर्ग का जीवन सुदृढ़ करना, राष्ट्रीय सुरक्षा और विदेश नीति को मजबूती से आगे बढ़ाना, सभी के लिए किफायती सुलभ स्वास्थ्य सेवाए आदि कई विकास योजनाओं के साथ सरकार लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रही है। पत्रकारों को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने कहा कि विकास मांगने का चीज नहीं है। कर्तव्य निभाने की चीज है। प्रधानमंत्री ने संकलप लिया है कि हमें सभी समाज का विकास करना है। लिंग भेद, जाति भेद, कुव्यवस्था में सुधार करने की आवश्यकता है, तभी देश सही मायने में विकास करेगा। चुनाव से पहले हमने राम मंदिर निर्माण का संकल्प लिया, धारा 370 को हटाने का संकल्प लिया, नारी को समानता दिलाना हो या सेना को सशक्त बनाने का हमने संकल्प लिया और सिद्धी तक पहुंचाया। मोदी का सरकार बनी, तो उन्होंने कहा था कि देश में कोई भूखा नहीं सोयेगा और इस संकल्प को सिद्धि तक पहुंचाते हुए प्रधानमंत्री ने 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज देने का काम किया। देश में जब पहलगाम आतंकी हमला हुआ, इसके बाद भारत की जवाबी कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर को दुनिया ने देखा और समझा कि भारत कितना सशक्त है। भारत के बिना आगे नहीं बढ़ा जा सकता है। भारत को नजरंदाज करना अब मुश्किल है। प्रोफेशनल मीट कार्यक्रम से पहले मोदी सरकार के गौरवमयी 11 वर्ष की उपलब्धि की जानकारी प्रेस कॉन्फ्रेंस में अनुसूचित जनजाति आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व राज्यसभा सांसद समीर उरांव और प्रदेश उपाध्यक्ष बालमुकुंद सहाय ने दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हअुए जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता ने विषय प्रवेश कराया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री संजय साहू ने और धन्यवाद ज्ञापन जिला महामंत्री निखिल कंडुलना ने किया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ मुंडा, जिला मंत्री गोपाल स्वर्णकार, जिला कोषाध्यक्ष प्रियांक भगत, मीडिया सह प्रभारी महावीर राम, मंडल अध्यक्ष परशुराम दास, अर्जुन पाहन, जिला मोर्चा अध्यक्ष संजय मुंडा, योगेंद्र नायक, रोहित साहू, मदन मोहन मिश्रा, आदर्श अंशुल, कंचन सिंह, शंकर प्रधान, विनय गुप्ता, सुदर्शन भोगता, लखिंदर नायक, रूकमिला सारू, नूतन देवी, शंकर दास, मनोज गुप्ता, प्रशांत कुमार, बिनोद जयसवाल, दिलीप, प्रदीप, मुकेश, प्रशांत, शशांक राज, रवींद्र, सुमित, अरिंदम, गिरीश, अशोक, पूर्णेंदु जयसवाल आदि उपस्थित थे।



# प्रधान मुख्य वन संरक्षक सतिकर ने किया पिपरवार क्षेत्र का दौरा

**अशोक परियोजना खुली खदान के विस्तारीकरण को लेकर किया स्थल का निरीक्षण**

आजाद सिपाही संवाददाता

**पिपरवार।** वन एवं पर्यावरण विभाग के प्रधान मुख्य वन सरंक्षक सतिकर समांता ने गुरुवार को सीसीएल पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान पिपरवार पहुंचने पर बचरा संगम विहार में पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार ने फूलों का गुलदस्ता देकर उनका स्वागत किया। इसके बाद उन्होंने अशोका परियोजना कोयला खदान के विस्तारीकरण को लेकर वन भुमि अपयोजन प्रस्ताव हेतु स्थल का निरीक्षण किया। बताया गया कि अशोक कोयला खदान विस्तारीकरण का यह परियोजना 20 मिलियन टन क्षमता की है। जिसके लिए वन भुमि अपयोजन प्रस्ताव के लिए वन एवं पर्यावरण विभाग के प्रधान मुख्य वन सरंक्षक सतिकर समांता ने स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय सीसीएल अधिकारियों से कई बातों की जानकारी ली, साथ ही कई आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। इसके अलावा उन्होंने स्थानीय पिपरवार क्षेत्र के सीसीएल अधिकारियों के साथ बैठक कर कई बातों पर चर्चा की। बैठक के दौरान नयी परियोजना विस्तारीकरण से संबंधित बातों की जानकारी ली गई। इस मौके पर पिपरवार क्षेत्र के महाप्रबंधक संजीव कुमार, क्षेत्रीय पर्यावरण पदाधिकारी संजय कुमार सहित कई स्थानीय सीसीएल अधिकारी मौजूद थे।


परियोजना विस्तारीकरण को लेकर स्थल का निरीक्षण करते अधिकारी।

## विमान हादसे में मारे गये लोगों ने जतायी संवेदना

खूंटी (आजाद सिपाही)। राज्य के पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री नीलकंठ सिंह मुंडा, तोरपा के पूर्व विधायक कोचे मुंडा, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष काशीनाथ महतो, जिला उपाध्यक्ष संजय साहू सहित कई लोगों ने अहमदाबाद में हुए भीषण विमान हादसे में मारे गये लोगों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि यह दुर्घटना हृदय विदारक घटना काफी दर्दनाक है। उन्होंने दुर्घटना में मारे गये गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी, क्रू मेंबर, डॉक्टरों और अन्य यात्रियों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि भगवान उनके परिवारों को दुःख सहने की शक्ति दे। पूर्व विधायक काचे मुंडा ने कहा कि यह दुर्घटना इतना दिल दहला देनेवाली है कि कि टीवी पर खबर देखने की हिम्मत नहीं हो रही है। काशीनाथ महतो ने कहा कि इस दुखद घटना अत्यंत पीड़ा दायक है।

## कांग्रेस पार्टी की संविधान बचाओ बैठक आयोजित



बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू के कुशवाहा भवन में कांग्रेस पार्टी द्वारा संगठन सृजन एवं संविधान बचाओ बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष डॉ राकेश किरण महतो उपस्थित हुए। जिसमें प्रखंड स्तरीय 11 सदस्या कमेटी को नियुक्ति पत्र दिया गया। जिला अध्यक्ष ने कहा कि प्रखंड स्तर पर पार्टी को मजबूती प्रदान करना है। लोगों की समस्याओं को सुनना और उनका समाधान भी करना है। मौके पर प्रखंड कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मनोहर महतो, गोपाल साहू, अनिल मंडल तीर्थनाथ सिंह मुंडा, बलदेव महतो, हरिहर लोहरा, मधुसूदन सिंह मुंडा, जीवनाथ महली, सुनीता देवी, रॉकी मछुआ, दुख हरण मछुआ, जहरू, गुरुदेव, बलदेव, जितेन सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया गया

ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के चंदनपुर गांव में जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने गुरुवार को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया। इस अवसर पर पीएलवी गंगासागर पाल ने कहा कि बाल श्रम उनके मानसिक और शारीरिक विकास को वाधित करता है। उनके स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। शिक्षा से वंचित रहता है। उन्होंने कहा बाल श्रम एक कानूनी अपराध भी है, इससे बचे।

## मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने किया इवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण

खूंटी (आजाद सिपाही)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने खूंटी की जिला निर्वाचन पदाधिकारी आर रॉनिटा के साथ शुक्रवार को त्रैमासिक ईवीएम वेयर हाउस निरीक्षण कार्यक्रम में भाग लिया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने ईवीएम वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी मॉनिटरिंग, अग्निशमन यंत्रों एवं लॉग बुक की जांच की एवं तैनात सुरक्षाकर्मियों को सतर्क और अनुशासित रहने का निर्देश दिया। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने वेयर हाउस में ईवीएम के रख-रखाव का भौतिक निरीक्षण किया। साथ ही भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ईवीएम, वेयर हाउस के रख रखाव के लिए जारी सभी दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ खूंटी जिला प्रशासन और उप निर्वाचन पदाधिकारी तथा जिला निर्वाचन कार्यालय के पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

# डीसी ने किया सदर अस्पताल का निरीक्षण, दिये कई निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता



**खूंटी।** उपायुक्त आर रॉनिटा ने गुरुवार को सदर अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान उपायुक्त ने विभिन्न वार्डों, विभागों और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उपायुक्त ने जांच घर, मातृ शिशु अस्पताल, ऑपरेशन कक्ष, एसएनसीयू, चाइल्ड वार्डआइसीयू, ओपीडी, फिजियोथेरेपी सहित अन्य विभागों का निरीक्षण किया। उन्होंने मरीजों और उनके परिजनों से मुलाकात कर फीडबैक प्राप्त किया और मरीज के परिजनों को बैठने की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ओपीडी संचालन की विस्तृत जानकारी लेते हुए उन्होंने विभागवार डॉक्टरों की संख्या और उपस्थिति की समीक्षा की तथा निर्देश दिया कि ओपीडी का संचालन बेहतर ढंग से हो और डॉक्टर मरीजों का अच्छा से इलाज करें। मरीजों के पंजीकरण प्रक्रिया को सुलभ बनाने को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिया गया, जिससे मरीजों का जल्द पंजीकरण कर इलाज प्रारंभ कराया जा सके। उपायुक्त ने पूरी तत्परता के साथ मरीजों के इलाज का निर्देश दिया। उन्होंने लैब संचालन की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया कि प्रयोगशालाएं पूरी क्षमता के साथ कार्य करें। जो मशीनें वर्तमान में उपयोग में नहीं हैं, उनकी समीक्षा कर उन्हें क्रियाशील बनाने को कहा। निरीक्षण के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी, सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी, डीसीएलआर अरविंद ओझा समेत अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# विधायक प्रतिनिधि ने की खलारी में कार्यकर्ताओं के साथ बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** कांके के विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि गोपाल तिवारी ने खलारी में कार्यकर्ताओं और विधायक प्रतिनिधि के साथ बैठक किया। बैठक में कांग्रेस के कार्यकर्ता गण के साथ ही साथ विधायक प्रतिनिधिगण शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता खलारी प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि मोनू रजक ने किया। विधायक सुरेश कुमार बैठा के निर्देशानुसार खलारी प्रखंड के विभिन्न पंचायत का विधायक प्रतिनिधि द्वारा जायजा लिया गया और आने वाले दिनों में विकास कार्यों पर अति शीघ्र कार्य करने की बात कही। कांके विधायक खलारी के संपूर्ण विकास कार्य के लिए तत्पर हैं और खलारी के पंचायत के ग्रामीण जिनके क्षेत्र का विकास पिछले कई सालों से नहीं हुआ है। ऐसे क्षेत्र को चिन्हित करके विधायक के मद से उस क्षेत्र में विकास के कार्यों को किया जायेगा। कांग्रेस पार्टी के संगठन सृजन कार्यक्रम के तहत गोपाल तिवारी ने कांग्रेस कमेटी के संगठन को भी मजबूत करने की बात कही। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से रांची जिला अध्यक्ष एससी मोर्चा रोशन लाल, रांची जिला महासचिव राजेश सिंह मिंटू, रांची जिला कोऑर्डिनेटर गोपाल सिंह, खलारी प्रखंड अध्यक्ष साबिर अंसारी, विधायक प्रतिनिधि बशीर अहमद, राम लखन गंझु, विक्की सिंह, वीरेंद्र यादव, सलामत वरिष्ठ कांग्रेसी संजय राम और कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# आयरन पैराडाइज जिम का उद्घाटन



आजाद सिपाही संवाददाता

**बुंडू।** बुंडू कॉलेज मोड़ के निकट आयरन पैराडाइज जिम का उद्घाटन अंतर्राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग के सचिव इंद्रजीत सिंह के द्वारा फीता काटकर किया गया। इस मौके पर इंद्रजीत सिंह ने कहा कि अभी हाल के दिनों में कोरोना महामारी के समय वही व्यक्ति बच पाए जो शारीरिक रूप से तंदुरुस्त थे जिम युवाओं के लिए वरदान साबित होता है इससे शरीर स्वस्थ रहता है इस मौके पर पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर ने कहा कि युवाओं को नशा के जगह जिम का उपयोग करना चाहिए मौके पर दीपक कुमार संदीप मांझी राम दुर्लभ सिंह मुंडा बंटी सिंह मुंडा रोशन महतो सुरेंद्र महतो अटकू चौधरी ललित साहू अभिषेक कुमार आयुष कुमार अनुप साहू अनंत साहू कैलाश हलवाई जीतु कुमार आदि उपस्थित हुए।

# खूंटी नगर पंचायत में हो नियमित जलापूर्ति : आर रॉनिटा




**खूंटी।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त आर रॉनिटा ने गुरुवार को नगर पंचायत की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। बैठक में नगर पंचायत की कार्यपालक पदाधिकारी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान उपायुक्त ने नगर पंचायत क्षेत्र के सभी वार्डों में चल रही योजनाओं की समीक्षा की। इनमें पेयजल आपूर्ति, साफ-सफाई व्यवस्था, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, नालियों की सफाई, स्ट्रीट लाइट की मरम्मत, प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी), राजस्व संग्रहण सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदु शामिल थे। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि क्षेत्र में नियमित पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और जिन घरों में अब तक कनेक्शन नहीं दिया गया है, उन्हें अविलंब जोड़ा जाए। सभी स्ट्रीट लाइट्स को शत-प्रतिशत क्रियाशील बनाया जाए तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लंबित आवासों का निर्माण पूर्ण कराया जाए। साथ ही योजना के अंतर्गत समय पर किस्त राशि का भुगतान किया जाए। वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का संचालन गुणवत्तापूर्ण ढंग से सुनिश्चित करने पर भी बल दिया गया। उपायुक्त ने रेवेन्यू कलेक्शन की स्थिति की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप संग्रहण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त नगर भवन सहित अन्य सार्वजनिक भवनों के जीर्णोद्धार की संभावनाओं पर भी विस्तृत चर्चा की गयी। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी कार्य समयबद्ध एवं पारदर्शी तरीके से पूर्ण हों, ताकि जनता को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

# बिजली-पानी की समस्या से परेशान लोगों ने रोहिणी खदान का काम कराया बंद

आजाद सिपाही संवाददाता



**खलारी।** धमधमिया कॉलोनी में बिजली पानी की समस्या से परेशान होकर कॉलोनी के लोगो ने गुरुवार को रोहिणी परियोजना का काम तीन घंटे बंद करा दिया। मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार की सुबह नौ बजे धमधमिया कॉलोनी के महिला पुरूष रोहिणी खदान पंहुचे और खदान का काम बंद करा दिया। लोगों ने खदान के मुख्य सड़क पर सभी होलपेक डंपर को खड़ा करा दिया। और अपनी बिजली पानी की समस्या को लेकर जमकर नारेबाजी की गयी। बंदी की जानकारी मिलने रोहिणी परियोजना पदाधिकारी दीपक कुमार भी आये और आंदोलन कर रहे लोगो से बातचीत की। लोगों ने परियोजना पदाधिकारी को बताया गया कि धमधमिया कॉलोनी में काफी समय से बिजली पानी की समस्या व्याप्त है, लेकिन किसी भी अधिकारी ने उस पर ध्यान नहीं दिया है। वहीं पुरनाडीह परियोजना पदाधिकारी संजय कुमार भी धमधमिया आये। रोहिणी और पुरनाडीह परियोजना पदाधिकारी ने अपने विभागीय अधिकारी कर्मचारियों से इस मामले पर जानकारी ली और इसे ठीक करने का निर्देश दिया। लोगों ने बताया कि धमधमिया में बिजली की लचर व्यवस्था है प्रतिदिन रोहिणी से धमधमिया कॉलोनी का बिजली काट दिया जाता है। रोहिणी ई एंड एम के एक अधिकारी के व्यवहार को लेकर भी लोगों ने कड़ी नाराजगी जताई है। कहा कि बिजली संबंधित समस्या पर उक्त अधिकारी कोई फोन नही उठाते हैं। वहीं धमधमिया कॉलोनी में बिजली विभाग में कर्मचारियों की भी काफी कमी है। बिजली घर के सामान भी जर्जर हो चुके हैं। समय से कॉलोनी में पानी नहीं चलता है। 15-20 दिनों के अंतराल में पानी सप्लाई किया जाता है। इसके बाद दोनों परियोजना पदाधिकारी ने धमधमिया बिजली घर का निरीक्षण कर स्थिति से अवगत हुए। इसके बाद रोहिणी पीओ ने रोहिणी फिल्टर प्लांट का निरीक्षण कर पंप हाउस से फिल्टर और फिल्टर से कॉलोनी में पानी सप्लाई की जानकारी ली।

उन्होंने कहा कि प्रबंधन कॉलोनी में बिजली पानी की समस्या के निदान के लिए गंभीर है। इसके लिए विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया गया है और हर आवश्यक कदम उठाया जायेगा और कॉलोनी में बिजली पानी की समस्या को ठीक किया जायेगा। वार्ता में सकारात्मक आश्वासन के बाद दोपहर में 12 बजे कार्य शुरू हुआ। इस मौके पर प्रबंधन की ओर से रोहिणी पीओ दीपक कुमार, पुरनाडीह पीओ संजय कुमार, पुरनाडीह ई एंड एम प्रोजेक्ट इंजीनियर राजीव रंजन, रोहिणी प्रोजेक्ट इंजीनियर पीके सिंह तथा मुखिया संतोष कुमार महली, पंचायत समिति सदस्य सहदेव महली, उमाकांत सिंह, गोपाल सिंह, सुधीर सिंह, शंकर सिंह, मुकद्दर लोहरा, विनय उरांव, गणेश मोदी, धर्मेंद्र पासवान, जीतू बाउरी, बिनोद कुमार, आशीष यादव, नेमिया देवी रेखा देवी, सुबास देवी, अंजली देवी, सुनील पासवान, रामप्रसाद महतो,संतोष महतो, इंद्रजीत साव, सुरेंद्र गंझु, राजेंद्र साव, चंद्रू मुंडा, भुनेश्वर रमेशर, सोनू, विवेक प्रजापति सहित कई लोग मौजूद थे।


# विश्व बाल मजदूर दिवस पर खूंटी और अड़की में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



आजाद सिपाही संवाददाता

**खूंटी।** नालसा और झालसा रांची के निर्देश पर धान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा अध्यक्ष रषीकेस कुमार के मार्गदर्शन में गुरुवार को विश्व बाल मजदूर दिवस के उपलक्ष में खूंटी और अड़की प्रखंड के मासांग ग्राम में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने कहा कि हर साल की तरह इस साल भी 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जा रहा है। इस दिन की थीम है चलो अपनी प्रतिबद्धताओं पर काम करें, बाल श्रम को खत्म करें। इस दिन बाल श्रम को खत्म करने और बच्चों को शोषण से बचाने के लिए सामूहिक कार्रवाई की आवश्यकता पर जोर दिया जाता है। सभागार में उपस्थित लोगों से उन्होंने अपील की कि जहां भी छोटे बच्चों से बाल मजदूरी कराई जाती है, उस पर रोक लगाएं। सभी कोई अपने-अपने क्षेत्र में इस विषय पर लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक करें और अपने क्षेत्र, गांव और देश को बाल मजदूरी से मुक्त कराएं। कार्यक्रम में खूंटी ब्लॉक के कर्मचारी, प्लान इंडिया के मैनेजर अमित गुप्ता, डीएलएसए पीएलवी चंदन कुमार, देवगी धान, स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, अड़की ब्लॉक के मांसंगा के ग्रामीण उपस्थित थे। यह जानकारी डालसा सचिव राजश्री अपर्णा कुजूर ने दी।

## साहित्य के उपासक समूह की ओर से हुआ ऑनलाइन साहित्यिक संध्या का आयोजन




**नामकुम (आजाद सिपाही)।** साहित्यिक प्रेमियों के लिए एक मनोहारी शाम का आयोजन साहित्य के उपासक समूह की ओर से आभासी माध्यम (ऑनलाइन प्लेटफॉर्म) पर किया गया, जिसमें देशभर के अनेक कवियों एवं साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं से कार्यक्रम को जीवंत कर दिया। संध्या का शुभारंभ जबलपुर की प्रख्यात रचनाकार अर्चना द्विवेदी 'गुदालू' की गणेश वंदना और उज्जैन के प्रशांत माहेश्वरी द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से हुआ। इंदौर की कवियित्री सोनम उपाध्याय ने अपनी प्रेरणादायक कविता 'जहां हर फूल महकता हो ऐसा चमन' से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। वहीं, नई दिल्ली की निशि अरोड़ा ने भगवान श्रीकृष्ण को समर्पित रचना प्रस्तुत कर कार्यक्रम में भक्तिरस की अनुभूति करायी। जबलपुर की अर्चना द्विवेदी 'गुदालू' की दूसरी प्रस्तुति 'ऋतु अनुकूल चाय बनती है' भी श्रोताओं को खूब पसंद आई। जबकि सिवनी की कविता नेमा की प्रस्तुति 'सभी को यहां लिखना बड़ी सुंदर कहानी है' आकर्षण का केंद्र रही। रायबरेली की नवोदित कवियित्री गरिमा सिंह ने 'कोमल सी सताई हुई वैतरिणी' कविता से अपने गहन भावों की छाप छोड़ी। झांसी के प्रमोद कुमार अग्रवाल ने सैनिकों की वीरता को समर्पित रचना प्रस्तुत कर वीर रस का संचार किया। कानपुर की मधु प्रधान ने अपनी भावुक कविता 'मुझको अपना छोटा कस्बा बहुत याद आता है' के माध्यम से श्रोताओं को उनके अपने अतीत से जोड़ दिया। वहीं, उज्जैन के प्रशांत माहेश्वरी ने 'हे मेघों की रानी' कविता के माध्यम से वर्षा की कामना की और सावन की प्रतीक्षा को सुंदर रूप दिया। लखनऊ की ऋचा उपाध्याय ने 'नीम की मोटी डाली पर जब पड़ता झूला' रचना के माध्यम से सावन की छटा बिखेरी। रायबरेली की गीता पांडेय और संगरूर की रजनी शर्मा की प्रस्तुतियां भी अत्यंत सराहनीय रही। कार्यक्रम का संचालन समूह के संस्थापक प्रशांत माहेश्वरी ने किया। अंत में सभी रचनाकारों एवं श्रोताओं का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

## जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन बालक-बालिका खो-खो प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** रांची जिला सुपर स्पीड खो-खो एसोसिएशन के तत्वाधान में 15 दिवसीय निःशुल्क जिला ग्रीष्मकालीन बालक-बालिका खो-खो प्रशिक्षण शिविर गुरुवार को रांची के धूर्वा सेक्टर-2 स्थित बंगीय सांस्कृतिक परिषद उच्च विद्यालय प्रांगण में संपन्न हुआ। जिसमें रांची जिले के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 80 बालक-बालिकाओं ने भाग लेकर खो-खो खेल के नये-नये कौशल्य को सीखा। मुख्य प्रशिक्षक अजय झा, सहायक प्रशिक्षक वरीय राष्ट्रीय खिलाड़ी विवेक कुमार एवं निखिल कुमार थे। इस अवसर पर मुख्य प्रशिक्षक अजय झा ने सभी खिलाडियों को सर्वप्रथम बेसिक स्कील के तहत चेन खो, पोल टू पोल रनिंग, कोभरिंग, पोल डाईव, पोल टर्न, डाईव, रिंग, 3-2-3 ,2-3-2 एवं मैच के दौरान कैसे विरोधी खिलाड़ी को चकमा देना है कि बारीकी को सिखाया। इस दौरान समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बीएसपी विद्यालय धुर्वा के विद्यालय सचिव सजल बनर्जी और विशिष्ट अतिथि खेल प्रेमी सह स्थानीय भोजपुरी गायक आशुतोष द्विवेदी, समाजसेवी सह खेल प्रेमी अनिल राम शामिल हुए। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन रांची जिला खो-खो संघ के अध्यक्ष डॉ अजय झा और धन्यवाद ज्ञापन रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के महासचिव विवेक कुमार ने किया। मौके पर दिव्या रानी गुप्ता ,श्रीकांत महतो और मंगरू उरांव आदि उपस्थित थे।

# पीएलएफआइ के उग्रवादियों ने टाइल्स फैक्ट्री पर की गोलीबारी

## सीसीटीवी फुटेज में कैद हुई पूरी वारदात, जांच में जुटी पुलिस

आजाद सिपाही संवाददाता

**नामकुम।** खरसीदाग ओपी क्षेत्र अंतर्गत खूंटी रोड स्थित हिंदुस्तान टाइल्स फैक्ट्री में बुधवार रात करीब 8.30 बजे उग्रवादियों ने दहशत फैलाने की नीयत से गोलीबारी की। फैक्ट्री के मुख्य गेट पर पहुंचे दो अज्ञात बाइक सवारों ने पीएलएफआई का पर्चा फेंकते हुए दो राउंड फायरिंग की और फरार हो गए। घटना फैक्ट्री में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में स्पष्ट रूप से देखा जा रहा कि बाइक चला रहा युवक फैक्ट्री गेट के पास रुका और पीछे बैठे युवक ने अचानक गेट पर फायरिंग की। इसके तुरंत बाद दोनों खूंटी की ओर फरार हो गये। उधर, घटना की जानकारी मिलते ही खरसीदाग ओपी प्रभारी भावेश कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है। इस संबंध में फैक्ट्री प्रबंधन की ओर से रांची के डोरंडा थाना क्षेत्र के थर्ड स्ट्रीट शुक्ला कॉलोनी निवासी ऋषिकेश रायपत के लिखित आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस इस घटना को पीएलएफआई की गतिविधियों से जोड़कर गंभीरता से जांच कर रही है। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है।




फायरिंग कर भागते उग्रवादियों की सीसीटीवी कैमरे में कैद तस्वीर।

## फुटबॉल-हाकी को भी प्रमोट करे जेएससीए : जैलेंद्र कुमार



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** भाजपा के पूर्व रांची जिलाध्यक्ष जैलेंद्र कुमार गुरुवार को जेएससीए (झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन) के अध्यक्ष अजयनाथ शाहदेव से मिले। उन्होंने क्रिकेट के विकास को लेकर अजयनाथ शाहदेव को अवगत कराया। जैलेंद्र कुमार ने जेएससीए अध्यक्ष से क्रिकेट के साथ ही ग्रामीण इलाके में फुटबाल एवं हाकी को प्रमोट करने की अपील की। उन्होंने सभी प्रखंडों में क्रिकेट एकेडमी का निःशुल्क प्रशिक्षण देने, सभी प्रखंड में एक क्रिकेट स्टेडियम का निर्माण, अंपायरिंग के प्रशिक्षण केंद्र प्रखंड स्तर पर खोलने, ट्रायल कैंप का प्रखंड स्तर पर आयोजन एवं इसमें चयनित खिलाड़ी को अत्याधुनिक प्रशिक्षण देने की मांग की। साथ ही प्रखंड स्तर के टाप टेन खिलाड़ियों को छात्रवृत्ति देने की मांग की। इसपर अजयनाथ शाहदेव ने आश्वासन दिया कि मैदान उपलब्ध कराये पूरा मैंटेन जेएससीए करेगा साथ ही अंपायर प्रशिक्षण सेंटर भी खोला जायेगा।

## मंडा पूजा हमें एक सूत्र में पिरोता है : स्वामी देवेंद्र प्रकाश



**बुढ़मू (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के उमेडंडा में गुरुवार को झूलन के साथ मंडा पूजा का समापन हुआ। इस आयोजन में भोक्ताओं को एक लंबे लकड़ी के खंभे में बारी-बारी से झुलाया गया और आसमान से आस्था के फूल बरसाए। फूलों को पाने के लिए महिलाओं ने अंचल फैलाई। मंडा पूजा के भव्य आयोजन के लिए केंद्रीय मंडा पूजा समिति झारखंड की ओर से सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों को अंग वस्त्र एवं प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इसमें केंद्रीय मंडा पूजा समिति झारखंड के संरक्षक एवं भाजपा नेता देवेंद्र प्रकाश स्वामी जी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए बनाए गए मंच का उद्घाटन किया। इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष राजकुमार महतो ने कहा कि मंडा पूजा हमारी सांस्कृतिक धार्मिक धरोहर है। सभी जाति के लोग शामिल होकर एक साथ सौहार्द के साथ मंडा पर्व मनाते हैं। इस आयोजन में केंद्रीय महासचिव उदय पासवान, संरक्षक हरदेव साहू, रतन प्रकाश सिंह, भाजपा नेता उत्पल सहदेव, दिनेश प्रसाद साहू, शंकर महतो, मनोज साहू, पंकज सिंह, उमेडंडा मंडा पूजा समिति के अध्यक्ष रोहित उरांव मुख्य रूप से शामिल हुए।

# ओरमांझी के मुखिया ने केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री से की शिष्टाचार मुलाकात, समस्याओं से कराया अवगत

आजाद सिपाही संवाददाता

**ओरमांझी।** प्रखंड के मुखिया संघ के अध्यक्ष दीपक बड़ाइक के नेतृत्व में मुखियाओं ने गुरुवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ से शिष्टाचार मुलाकात की। उन्हें अंग वस्त्र एवं भगवान बिरसा मुंडा का मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस दौरान मुखियाओं ने केंद्रीय मंत्री को रांची लोकसभा का मान बढ़ाने के लिए बधाई दी। लगे हाथ अपनी समस्याओं से भी अवगत कराया। कहा कि राज्य सरकार एक भी पैसा पंचायतों के विकास कार्य के लिए नहीं दे रही है। मनरेगा का हाल भी बुरा है। मुखियाओं ने अपनी-अपनी पंचायतों की विभिन्न समस्याओं से केंद्रीय मंत्री को विस्तार से अवगत कराया। जिसमें जल आपूर्ति की समस्या के अलावा खराब सड़कें जिवका पिछले कई वर्ष पहले शिल्यानस तो हुआ, लेकिन आज तक काम नहीं हुआ शामिल थे। वहीं, ओरमांझी थाना की ओर से शांति समिति की बैठक की भी जानकारी जनप्रतिनिधियों को नहीं देने की बात से अवगत कराया। योजनाओं के क्रियान्वयन में आ रही बाधाओं की ओर मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट कराया। बताया कि वर्षों से कई मूलभूत सुविधाओं की कमी बनी हुई है, जिससे आमजन को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इस पर केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने मुखियाओं की बातों को गंभीरता से सुना और आश्वासन दिया कि सभी समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। कहा कि जनप्रतिनिधियों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है। सरकार जनहित में हरसंभव प्रयास कर रही है। इस दौरान मुखिया गणों ने एक ज्ञापन भी सौंपा, जिसमें समस्त समस्याओं को बिंदुवार प्रस्तुत किया गया है। इस मौके पर सुनील उरांव, रमेश बेदिया, शिवनाथ मुंडा, रीना देवी, पुनम देवी, सावित्री देवी, पूर्व सांसद प्रतिनिधि राजेश गुप्ता, वीरेंद्र मुंडा, सुफल महली, पार्वती देवी, दशमी मिंस, उप मुखिया संतोष कुमार गुप्ता, नाजनीन परवीन, दसमीं मिंज रोजलीन लकड़ा शामिल थे।



## विकसित कृषि अभियान का समापन

**सिकिदीरी (आजाद सिपाही)।** कृषि वैज्ञानिको ने रांची के 135 गांवो में विकसित कृषि संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। गुरुवार को रांची कृषि विज्ञान केंद्र के आइसीएआर एवं 'आत्मा' के सहयोग से रांची जिले के ओरमांझी प्रखंड के नौ ग्रामों में विकसित कृषि संकलप अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम का गुरुवार को समापन हुआ। दिव्यायन कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान सह वरीय वैज्ञानिक डॉ अजीत कुमार सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत प्रत्येक ग्राम में खरीफ से पहले उगाये जाने वाले फसलों जैसे धान, अरहर, उरद, मूंगफली, सरगुजा, सोयाबीन, सब्जी की खेती आदि की विस्तृत जानकारी दी गयी। बताया गया कि कौन-कौन से फसलों की कौन-कौन सी प्रजाति लगानी है। फसल की प्रमुख बीमारियों को नियंत्रण करने और फसल की कटाई के बाद बीजो के रखरखाव आदि विषयों पर प्रकाश डाला गया। रांची के कुल 135 गांव में उक्त कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें कुल 3 टीम थी। इसमें रांची कृषि विज्ञान केंद्र के 6 वैज्ञानिक एवं आईसीएआर के चार संस्थानों जैसे निशा, आइआइएबी, हार्प, एनबीपीजी आर के एक-एक वैज्ञानिक शामिल थे। 15 दिवसीय अभियान में कुल 135 गांव में करीब 25000 से अधिक किसानों से संवाद किया गया। जिसका उद्घाटन केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने 29 मई को किया था।

# गहरे कुएं में गिरी दो किशोरियां, कड़ी मशक्कत के बाद निकाली गयीं बाहर

आजाद सिपाही संवाददाता

**लापुंग।** प्रखंड के फतेहपुर निवासी दो किशोरियां खुशी कुमारी (15) और आंचल कुमारी (17) गुरुवार की शाम छह बजे कुंआ से पानी भर रही थी, तभी कुंआ के ऊपर पैर रखने के लिए बने सिमेंट का पोल टूट जाने से दोनों 35 फीट गहरे कुएं में गिर गयी, जिससे उन्हें काफी चोट आयी है। हालांकि कुएं में पानी कम होने एवं गांव के युवक निशांत साहू, पंकज साहू, सूरज साहू और विजय साहू ने तत्परता दिखाते हुए गहरे कुएं में उतर कर दोनों को पानी से उपर रखने की कोशिश की। युवकों की इस बहादुरी से दोनों किशोरियों की जान बच गई। बाद में ग्रामीणों की मदद से घंटों मशक्कत के बाद दोनों को बांस का झोडा. के सहारे बाहर निकाल लिया गया। वहीं, घायल किशोरी खुशी और आंचल को इलाज के लिए पत्रकार रामप्रसाद साहू एवं अस्पताल के एक ममता वाहन से इलाज के लिए सीएचसी लापुंग भेजा गया है। जहां से बेहतर इलाज के लिए रिम्स अस्पताल रेफर कर दिया गया। हालांकि घटना के बाद ग्रामीणों द्वारा 108 एंबुलेंस में संपर्क करने के बाद भी एंबुलेंस की कमी के कारण वाहन नहीं मिला। वहीं, बता चला है कि अंचल कुमारी को कमर, सिर और पैर में गंभीर चोट लगी है। ग्रामीणों ने बताया कि लापुंग में दो एंबुलेंस उपलब्ध था, लेकिन सरकार की उदासीनता के कारण ककरिया स्वास्थ्य केंद्र की ऐम्बुलेंस को दूसरे प्रखंड को दे दिया गया। ग्रामीणों ने घटना के बाद पेयजल समस्या पर आक्रोश व्यक्त किया।



## पिठोरिया से कार चोरी

**पिठोरिया (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र से कार चोरी होने का मामला सामने आया है। इस बाबत गुरुवार को पिठोरिया थाना में शिकात दर्ज करायी गयी है। वादी विश्वनाथ कुमार ने बताया कि एपी बाजार के सामने बुधवार की दोपहर दो बजे बोलेरो पिकअप खड़ी की थी, जो गुरुवार को चोरी हो गयी। काफी छानबीन करने के बाद भी जब गाड़ी का पता नहीं चला तो पिठोरिया थाना में मामला दर्ज करवाया है।**

# पड़हा व्यवस्था समाज की रीढ़: महादेव कुजूर

- बेड़ो में केंद्रीय पड़हा संचालन समिति की समीक्षा बैठक
- पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था को मजबूत करने पर जोर

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड के बारीडीह गांव स्थित पड़हा जतरा मैदान में गुरुवार को केंद्रीय पड़हा संचालन समिति की समीक्षा बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता कार्यकारी अध्यक्ष एतवा उरांव ने की। बैठक में पड़हा समाज राजा महतो कोटवार सहित पड़हा के विभिन्न प्रतिनिधियों और पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया। इसमें पारंपरिक स्वशासन व्यवस्था को सुदृढ़ करने और समाज के विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। बैठक में संरक्षक नीलमणी भगत ने तीन जून को पड़हा जतरा समीक्षा करते हुए लेखा जोखा की जानकारी दी। इस अवसर पर 21 पड़हा राजा महादेव कुजुर ने कहा कि पड़हा व्यवस्था आदिवासियों की सामाजिक, सांस्कृतिक और पारंपरिक पहचान की रीढ़ है। इस बात पर जोर दिया कि हमें अपनी इस प्राचीन स्वशासन प्रणाली को हर हाल में जीवित रखना होगा। कहा कि हमारे पूर्वजों ने एक सुव्यवस्थित और न्यायपूर्ण समाज के संचालन के लिए पड़हा व्यवस्था की स्थापना की थी। आज की युवा पीढ़ी को इसके महत्व को समझना और इसे आगे बढ़ाना होगा। वहीं, केंद्रीय पड़हा संचालन समिति के अध्यक्ष जुगेश उरांव ने बैठक के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समिति का मुख्य लक्ष्य गांवों में पड़हा संचालन समितियों का गठन कर आदिवासी समाज का सर्वांगीण विकास करना है। कहा कि संगठित होकर ही हम समाज में व्याप्त शोषण और अत्याचार जैसी कुरीतियों को समाप्त कर सकते हैं। हमें शिक्षा और जागरूकता के माध्यम से समाज को सशक्त बनाना होगा।

**धरोहर को सहेजना हम सबका कर्तव्यः नीलमणी भगत :** समिति के संरक्षक नीलमणी भगत ने पड़हा व्यवस्था को पुरखों की अनमोल धरोहर बताते हुए इसे सहेजने और संरक्षित करने की अपील की। कहा कि पड़हा व्यवस्था हमारी पहचान और गौरव है। यह व्यवस्था न केवल न्याय प्रदान करती है, बल्कि हमारी संस्कृति, भाषा और परंपराओं को भी अक्षुण्ण बनाए रखती है। कहा कि आधुनिकता की दौड़ में हमें अपनी जड़ों को नहीं भूलना चाहिए और पड़हा के सिद्धांतों को अपनाकर ही एक मजबूत संगठित समाज का निर्माण किया जा सकता है। बैठक में भौआ उरांव, सचिव धनंजय कुमार राय, 12 व 21 पड़हा के सचिव चरवा उरांव ने भी अपने विचार रखे और पड़हा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सुझाव दिए। वहीं मुख्य संरक्षक डॉ दिवाकर मिंज एवं नीलमणी भगत ने केंद्रीय पड़हा संचालन समिति के सभी कमिटी को भंग करने की घोषणा की और अगले बैठक में रूपरेखा तैयार कर नयी कमेटी बनाने की घोषणा की। इस मौके पर 12 पड़हा राजा विशाल उरांव, अल्फ्रेड मिंज, सुका उरांव, विनोद उरांव, सोमरा उरांव, चरवा उरांव, जगरनाथ उरांव, जतरु उरांव, डहरु उरांव, मंगरा पहान, महावीर कच्छप, बबलू उरांव, मस्तराम धनवार, पड़हा अध्यक्ष बंधना उरांव, पीटर तिर्की, घिनु उरांव, बंदे उरांव, चारो उरांव, सुका उरांव, पंचू उरांव, सुका महतो, हल्लू उरांव, धनेश्वर उरांव, मंटू उरांव, सुजीत कुमार राय, कपिल उरांव, डहरु उरांव, चंपा केरकेट्टा, लीला मुंडा, विजय भगत, विनोद टोप्पो, बसंत मुंडा, नीलमणी टोप्पो, सोमरी मुंडाईन, बिरसी देवी, गंदरी कुमारी, नीतू मुंडा, मंजू धान, शीला उरांव आदि मौजूद थे।

## शादी का झांसा देकर यौन शोषण का आरोप, मामला दर्ज



**अनगड़ा (आजाद सिपाही)।** नामकुम थाना क्षेत्र के लाली गांव निवासी तीर्थलाल महतो के पुत्र रोहित महतो के खिलाफ चिलदाग लालगढ़ निवासी एक युवती ने शादी करने का झांसा देकर यौन शोषण का आरोप लगाते हुए अनगड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि रोहित से उसकी दोस्ती सोशल मीडिया के जरिए डेढ़ महीना पहले ही हुई थी। इसके बाद रोहित ने शादी का प्रलोभन देकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया और बाद में शादी करने से इंकार कर दिया। वहीं, थाना प्रभारी हीरालाल साह ने बताया कि युवती के आवेदन पर मामला दर्ज कर लिया गया है। शुक्रवार को उसका मेडिकल जांच कराया जाएगा। इधर, पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गयी है।

# बेड़ो में सब्जियों की कीमतों में लगातार गिरावट से किसान मायूस

## कोल्ड स्टोरेज के अभाव में किसान लागत से भी कम कीमत पर सब्जियां बेचने को मजबूर

### बेड़ो सब्जी मंडी का भाव

| सब्जी | किलो | कीमत (रुपया) |
|---|---|---|
| मिर्च | एक | 10 से 12 |
| खीरा | एक | तीन से चार |
| बोदी | एक | दो रुपया |
| पत्तागोभी | एक | दो रुपया |

आजाद सिपाही संवाददाता



**बेड़ो।** प्रखंड मुख्यालय में इन दिनों हरी सब्जियों के लगातार गिरते भाव से किसानों के चेहरे पर मायूसी छाई है। उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। सबसे अधिक नुकसान बोदी एवं पत्तागोभी की खेती करने वाले किसानों को हो रही है। इन दोनों के खरीदार तक नहीं मिल रहे हैं। किसान इन दोनों फसलों को खेतों में ही छोड़ दे रहे है। जबकि प्रखंड के 17 पंचायत के ग्रामीण क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर सब्जियों की खेती की जाती हैं। इसमें फूलगोभी, भिंडी, मिर्च, बैंगन, टमाटर, कद्दू, नेनुआ, करेला, खीरा और मूली साग आदि शामिल हैं। किसानों की जीविका का एक मात्र साधन उत्पादित सब्जी को बेचकर मिलने वाला मुनाफा ही है। लेकिन इन्हें आजकल सब्जी बेचने पर आमदनी नहीं हो रही है। गुरुवार को बेड़ो सब्जी मंडी में मिर्चा 10 से 12 रुपये, खीरा 3 से 4 रुपये, बोदी दो रुपये और पत्तागोभी दो रुपए प्रति किलो की दर से मजबूरन किसानों को बेचना पड़ा है। किसानों का कहना है कि उक्त फसलों को उगाने में लगी पूंजी भी नहीं निकल पा रही है। मेहनत भी बेकार जा रहा हैं। प्रखंड के किसान पंकज कुजूर, विशेश्वर मिंज, गोरे उरांव, शनिका उरांव, सुबोध ओहदार, शंभु गोप, हरिमोहन गोप, रमेश ओहदार और सुधीर मुंडा ने बताया कि हाड़ तोड़ मेहनत के अलावा सब्जियों के बीच, खाद एवं कीटनाशक की कीमतें निरंतर बढ़ रही है। ऊपर से मजदूरी एवं परिवहन खर्च भी महंगा हो गया है। बाजार में सब्जियों को बेचने से लागत खर्च भी नहीं निकल पा रहा है। मिर्चा, बोदी, पत्तागोभी के महंगे बीज लेकर खेतों में लगाया था। खाद डाला गया। पटवन की गयी, जिसमें काफी खर्च हुआ। लेकिन इनकी कीमत गिरने से काफी नुकसान हो रहा है। व्यापारी भी बोदी को खरीदने को तैयार नहीं हैं। प्रखंड के किसान इस समय आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं, क्योंकि उन्हें अपनी उगाई सब्जियों की लागत मूल्य भी नहीं मिल रही है। वहीं, कोल्ड स्टोरेज नहीं होने के कारण किसान अपनी उपज को कोल्ड स्टोरेज में रखने के बजाय उसे सस्ते दाम पर बेचने को मजबूर हैं। किसानों ने कहा कि इसी तरह सब्जी के दाम में गिरावट आती रही तो खेती करना छोड़ देंगे और दूसरे धंधा में लग जायेंगे। इधर, सब्जियां बेचने आई महिलाओं का कहना है कि सब्जी के दाम गिरने से किसानों को भारी नुकसान हो रहा हैं। सभी सब्जियों के दाम में भारी गिरावट आई है, जिससे किसानों के लिए अपनी पूंजी निकालना भी मुश्किल हो गया है। वहीं, किसानों का कहना है कि गांव और प्रखंड में कोल्ड स्टोरेज बनाया जाए, किराया कम किया जाए, ताकि उनकी मेहनत का सही मूल्य मिल सके।

# चैनपुर में अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई, दो विक्रेता गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**चैनपुर।** चैनपुर में उत्पाद विभाग ने गुरुवार को अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की। इस दौरान चैनपुर बाजार टाड़ से दो शराब विक्रेताओं को गिरफ्तार किया गया और उनके घर से 5 लीटर शराब भी जब्त की गई। गिरफ्तार किए गए शराब विक्रेताओं में सुमित टोप्पो और मेरी टोप्पो शामिल हैं। उत्पाद विभाग के अधिकारी ने बताया कि यह कार्रवाई क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार को रोकने के लिए की गई थी। इस कार्रवाई के दौरान विभाग की टीम ने चैनपुर बाजार टाड़ में छापेमारी की और दो शराब विक्रेताओं को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई के बाद शराब विक्रेताओं में हड़कंप मच गया है और कई विक्रेताओं ने अपने कारोबार को बंद करने पर विचार करना शुरू कर दिया है। उत्पाद विभाग ने चेतावनी दी है कि अवैध शराब के व्यवसाय में लिप्त पाए जाने पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बता देगी गुरुवार को चैनपुर में साप्ताहिक बाजार लगता है इस दिन बड़े पैमाने पर अवैध शराब की बिक्री भी होती है। गुरुवार को चैनपुर बाजार हजारों की संख्या में ग्रामीण क्षेत्र से लोग पहुंचते हैं। इस दौरान अंधाधुन शराब की बिक्री की जाती है। शराब के नशे के कारण प्रत्येक गुरुवार चैनपुर क्षेत्र में सड़क दुर्घटना एवं अन्य घटनाएं देखने को मिलती है। गुरुवार को उत्पाद विभाग के द्वारा किए गए इस कार्रवाई से नशा में रोक लगाने में मदद मिलेगी। ग्रामीण क्षेत्र से बाजार करने चैनपुर आए लोग सही सलामत अपने घर जा सकेंगे। स्थानीय लोगों ने उत्पाद विभाग की इस कार्रवाई का स्वागत किया है और उन्हें उम्मीद है कि इससे चैनपुर क्षेत्र में अवैध शराब के कारोबार पर पूरी तरह से रोक लग जाएगी। उत्पाद विभाग के अधिकारी ने बताया कि अवैध शराब के कारोबार पर नकेल कसने के लिए आगे भी कार्रवाई जारी रहेगी। विभाग की टीम लगातार क्षेत्र में गश्त करेगी और अवैध शराब के कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेगी।

## खेतान अजिंकिया कंपनी से 18 लाख की चोरी के मामले में एक गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता



**आदित्यपुर।** आदित्यपुर के औद्योगिक क्षेत्र फेज-6 स्थित खेतान अजिंकिया कंपनी से 18 लाख 3 हजार 706 रुपये मूल्य के 6572.490 किलोग्राम एल्यूमिनियम एंगल चोरी के मामले का आदित्यपुर पुलिस ने खुलासा कर दिया। गुरुवार को पुलिस ने एक आरोपी तबरेज खान को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। घटना बीते 23 अप्रैल की है। अज्ञात अपराधकर्मियों ने फर्जी कागजात, नंबर प्लेट, ड्राइविंग लाइसेंस और आधार कार्ड का इस्तेमाल कर बड़ी मात्रा में एल्यूमिनियम एंगल चोरी कर ली थी। एसपी मुकेश कुमार लुनायत के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी समीर कुमार सवैया के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। तकनीकी साक्ष्यों और गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी तबरेज खान को धर दबोचा। साथ ही घटना में प्रयुक्त आइसर ट्रक और 337.50 किलोग्राम खेतान मार्का एल्यूमिनियम एंगल की बरामदगी कर ली। पुलिस अनुसंधान में चोरी घटना में उत्तर प्रदेश और बिहार के अंतरराज्यीय गिरोह का हाथ सामने आया है। आरोपी के विरुद्ध असम, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश और बिहार में पहले से कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। फिलहाल अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की छापेमारी कर रही है।

## सामाजिक कार्यकर्ता ने जन्मदिन पर 500 पौधे लगाये, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** भगवती इंटरप्राइजेज के प्रोपराइटर सह समाजिक कार्यकर्ता राहुल जायसवाल ने अपने जन्मदिन के अवसर पर चैनपुर/ डुमरी शंख नदी के आसपास के क्षेत्र में 500 फलदार और इमारती पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया है। अपने जन्मदिन की खुशी के अवसर पर गरीबों के बीच साड़ियों का वितरण भी किया। उन्होंने कहा कि पेड़ हमें ऑक्सीजन देते हैं और हमें उनका संरक्षण करना चाहिए। पेड़ लगाने से हमें कई लाभ होते हैं, जैसे कि वायु प्रदूषण कम होता है, मिट्टी का क्षरण रुकता है, और जीव-जन्तुओं को आश्रय मिलता है। राहुल जायसवाल ने अपने जन्मदिन की खुशी मनाने के लिए एक अनोखा तरीका अपनाया। उन्होंने पौधारोपण और साड़ी वितरण जैसे कामों से लोगों का दिल जीत लिया। उनके इस काम से समाज में एक सकारात्मक संदेश गया है और लोगों को प्रेरित किया है। इस मौके पर राहुल जायसवाल ने गरीबों के बीच साड़ियों का वितरण भी किया। इससे महिलाओं में खुशी की लहर दौड़ गई। सुखमनी देवी, रीता केरकेट्टा, शोभा बड़ा, रंजीता टोप्पो, केरेसेंसिया टोप्पो, अंजली कुजुर, अरुणा टोप्पो, प्रभा बाड़ा, अमिता कुजुर सहित कई महिलाएं मौजूद थीं। इन महिलाओं ने राहुल जायसवाल को ढेर सारा आशीर्वाद दिया और उनके इस काम की सराहना की।

## मिशन बदलाव नशामुक्त अभियान को लेकर ग्रामीणों के साथ बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** मिशन बदलाव के सोनामती कुमारी एवं आशा मिंज के नेतृत्व में नशा मुक्ति अभियान को लेकर मुरमकेला में ग्रामीणों के संग बैठक हुई। ग्रामीणों के साथ बैठक में गांव की महिलाएं उपस्थित हुई। गांव की महिलाओं ने एक स्वर में कहा है कि नशा को गांव से हटाना है क्योंकि नशा के कारण युवा और परिवार बर्बाद हो रहे हैं। मिशन बदलाव के सोनावती कुमारी ने कहा कि प्रतिदिन दुर्घटना मारपीट और अन्य उत्पीड़न से महिलाएं लगातार प्रभावित हो रही है और महिलाओं को हड़िया दारू और अन्य मादक पदार्थों के पीने वाले पुरुषों के द्वारा लगातार प्रताड़ित किया जाता है और मारपीट भी किया जाता है महिलाएं डर से सामाजिक लोक लज्जा के लिए अपने बातों को कहीं नहीं रख पाती हैं। मिशन बदलाव टीम के सोनामती कुमारी ने कहा जहां कहीं भी महिलाओं के साथ मारपीट हो और कुछ भी नशा से मादक पदार्थों की खुलेआम खरीद बिक्री हो तो मिशन बदलाव से संपर्क करें मिशन बदलाव प्रशासन तक सभी बातों को पहुंचायेगा। कहा कि नशा मुक्ति अभियान को लेकर डीसी से ग्रामीणों की बैठक होगी और डीसी को मामले को बहुत गंभीरता से बताया जायेगा और जल्द से जल्द पूरी टीम नशा मुक्ति अभियान में और गांव को जोड़ा जायेगा। डीसी से आग्रह किया जायेगा कि प्रशासन के द्वारा महत्वपूर्ण सहयोग किया जाये जिससे कि गुमला जिला को नशा मुक्त जिला बनाया जा सके।

## मंत्री चमरा लिंडा से ग्रामीणों ने की विद्यालय बंद होने की शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता



### जांचोपरांत की जायेगी करवाई : डीएसी

प्रखंड के लोदा पाठ विद्यालय में शिक्षक की अनुपस्थिति एवं विद्यालय बंद होने के कारण विद्यालय की स्थिति पर सवाल पूछने पर जिले के डीएसी नूर आलम ने कहा कि यह मामला उनके संज्ञान में है। और विद्यालय में जांच के लिए संबंधित बीओ को भेजेंगे। जांच के बाद लापरवाह शिक्षकों पर कार्रवाई होगी। वही जरूरत पड़ी तो दूसरे विद्यालय से शिक्षक का प्रतिनियोजन किया जायेगा। हर हाल में विद्यालय के स्थिति पर सुधार किया जायेगा।

**बिशनपुर।** बिशनपुर प्रखंड के पहाड़ी इलाके में आबाद लो दा पाठ मध्य विद्यालय की स्थिति इन दिनों ठीक नहीं है। विद्यालय प्रायः बंद रहता है। जिसके कारण बच्चे पलायन कर अंकुरी विद्यालय में पढ़ने को बिवस है। इस संबंध में अमती पानी मुखिया सुनीता देवी के साथ दर्जनों ग्रामीण ने विधायक सह कल्याण मंत्री चमरा लिंडा के पास पहुंचे और लोदा पाठ विद्यालय की स्थिति से अवगत कराया। ग्रामीणों ने कहा कि विद्यालय के प्रधानाध्यापक रंजीत खलखो की लापरवाही के कारण विद्यालय बंद रहता है और बच्चे मजबूरन पहाड़ का रास्ता तय करके पांच किलोमीटर दूर अंकुरी विद्यालय पढ़ने के लिए जा रहे हैं। इस पर मंत्री श्री लिंडा बेहद नाराज हुए और डीएसी नूर आलम से बात कर विद्यालय सुधारने का निर्देश दिया। इसके उपरांत बिशनपुर प्रखंड के सीआरपी दुर्गा कुमार के द्वारा बुधवार को उक्त विद्यालय का निरीक्षण किया गया। जिसमें विद्यालय बंद पाया गया और विद्यालय में शिक्षक नदारत थे। वहीं मध्यान भोजन भी नहीं बन पाया था। देखना दिलचस्प होगा कि मंत्री को शिकायत करने के बाद भी विद्यालय की स्थिति में सुधार होता है या बच्चों को पांच किलोमीटर दूर पैदल चलकर अंकुरी विद्यालय में ही पठन पाठन करने को बिवस होते हैं।

## जनजातीय कृषकों को श्री विधि और मडुआ की उन्नत खेती का दिया प्रशिक्षण



**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** बृहस्पतिवार को प्रखंड अंतर्गत आयल एवं नेचुरल गैस कॉरपोरेशन लिमिटेड लिमिटेड, नयी दिल्ली द्वारा प्रायोजित सांसदीय संकुल आधारित ग्राम विकास कार्यक्रम अंतर्गत प्रखंड के 35 जनजातीय कृषकों को श्री विधि और मडुआ की उन्नत खेती पर आइएसडीजी रिसर्च फाउंडेशन द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण उपरांत श्री विधि पद्धति द्वारा धान की खेती और मडुआ खेती करने के लिए इच्छुक किसानों को धान की हाइब्रिड बीज और मडुआ की बायो-फोर्टिफाइड बीज प्रदान किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य रूप से आइएसडीजी रिसर्च फाउंडेशन के कार्यकर्ता नीरज को शिवदत यादव सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।


## कविता आत्महत्या मामले की जांच के लिए झानद की टीम ने परिजनों से की मुलाकात



**गुमला (आजाद सिपाही)।** झारखंड नवनिर्माण दल के केंद्रीय संयोजक विजय सिंह के देखरेख में पांच सदस्यीय टीम टोटांबी निवासी 24 वर्षीय कविता देवी की आत्महत्या की खबर सुनकर मृतका के परिजनों से मुलाकात कर शोक संपत परिवार को ढांढस बंधाया और घटना के बाबत बातचीत की। घटना के बारे में गांव वालों से भी पूछताछ की गयी। परिजनों व गांव वालों तथा आत्महत्या की स्थिति के हर पहलू को देखने से कहीं से भी आत्महत्या नहीं लगता है बल्कि हत्या प्रतीत होती है। श्री सिंह ने मृतिका के पति कुलदीप गोप को आश्वासन देते हुए कहा है कि इस मामले में न्याय दिलाया जायेगा। 13 जून 2025 को पुलिस अधीक्षक गुमला को मामले से अवगत कराते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की जायेगी तथा जांच में दोषी पाये जाने की स्थिति में दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करायी जायेगी। श्री सिंह ने यह भी बताया कि 13 जून 2025 को महिला नेत्री पुष्पा उरांव के नेतृत्व में गुमला एसपी को पार्टी द्वारा गठित टीम की विस्तृत जांच रिपोर्ट दी जायेगी। इस मौके पर पुष्पा उरांव, बिलो भगत, कुसमा मिंज, सुखदेव कुमार, धर्मपाल उरांव के अलावे मृतिका के परिजन व दर्जनों की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## जिला को नशामुक्त बनाने की मांग को लेकर उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** झारखण्ड प्रदेश प्रतिज्ञा महिला एसोशिएशन की जिला अध्यक्ष सह प्रदेश सचिव देवकी देवी ने डीसी प्रेरणा दीक्षित को ज्ञापन सौंप कर गुमला को विभिन्न प्रकार के नशा से मुक्त जिला बनाने की मांग की है। डीसी को दिए ज्ञापन में देवकी देवी ने कहा है की पूरे गुमला जिला में कल के भविष्य युवक युवती विभिन्न तरह का नशा जैसे कि तम्बाकु, गुटखा, सिगरेट, डेट्राईट, अलकोहल युक्त खासी शिरप, ब्राउन सुगर एवं दारु हड़िया आदि का सेवन कर रहे है। इससे बूढ़े बुजुर्ग भी अछूते नही है। नशा के कारण उनका जीवन नर्क होते जा रहा है।लोगो का घर परिवार भी तबाह हो रहा है। साथ ही सामाजिक वातावरण दूषित हो रहा है। ऐसी परिस्थिति में सिर्फ एक दिन तम्बाकु निषेध दिवस मनाने से जिम्मेदारी खत्म नहीं होता है। पूरे सामाज को नशा मुक्त बनाने के उद्देश्य से उपायुक्त से आग्रह है कि गुमला जिला विभिन्न तरह का नशा सेवन से जिन्दगी को बचाने के लिए प्रशासन एवं समाज के तमाम राजनीति दल सामाजिक संगठन एवं जन प्रतिनिधि और पंचायत प्रतिनिधि के द्वारा पहल किया जाए तो विभिन्न तरह का नशा मुक्त व अपराध मुक्त गुमला जिला बना सकते है।

## धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान को लेकर बैठक

**गुमला (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित की अध्यक्षता में गुरुवार को धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों के साथ-साथ संबंधित विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे। बैठक का मुख्य उद्देश्य जनजातीय बहुल ग्रामों में संचालित सरकारी योजनाओं की गहन समीक्षा, जनजागरूकता की रणनीति तय करना तथा योजना आच्छादन सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस कार्ययोजना तैयार करना रहा। बैठक में उपायुक्त द्वारा अभियान के उद्देश्यों, लक्ष्यों एवं क्रियान्वयन की रूपरेखा विस्तारपूर्वक प्रस्तुत की गयी। उन्होंने निर्देश दिया कि 15 जून से 30 जून 2025 तक सभी चिन्हित ग्रामों में विशेष जागरूकता अभियान चलाया जायेगा, जिसके माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी दी जायेगी।

## बाल श्रम निषेध दिवस पर बच्चों को पोक्सो एक्ट के संबंध में दी जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**गुमला।** नालसा एवं जलसा कैलेंडर अनुसार एवं माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ध्रुव चंद्र मिश्रा के मार्गदर्शन पर विश्व बाल श्रम प्रतिशत दिवस के अवसर पर गुमला के उच्च विद्यालय मुरकुंडा में विधिक सेवा प्राधिकार के द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जहां बच्चों के अधिकार और उनसे संबंधित कानूनों के संबंध में बच्चों को जानकारी दी गयी। इस अवसर पर बोलते हुए प्रधान जिला न्यायाधीश ने कहा कि विश्व बाल श्रम निषेध दिवस हर वर्ष 12 जून को मनाया जाता है जिसका उद्देश्य बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कर उन्हें शिक्षा एवं स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना है बच्चों का सही स्थान स्कूल है। कामकाजी स्थल नहीं यह दिन बाल श्रम के खिलाफ संघर्ष की ओर एक कदम है। यह हमें प्रेरित करता है कि हम हर बच्चे को शिक्षा सुरक्षा और बेहतर जीवन देने के लिए मिलकर काम करें ताकि हमारे बच्चे पढ़ लिखकर अच्छे नागरिक बने और देश का नाम रोशन करें। शिक्षा का अधिकार के तहत 6 से 14 वर्ष के बच्चों को अनिवार्य रूप से मुक्त शिक्षा की व्यवस्था है तथा बच्चों के सुरक्षा एवं विकास के लिए सरकार द्वारा अनेक योजनाएं चलाई जा रही है तथा उनके हित के लिए अनेक कानून भी बने हैं। उन्होंने किशोर न्याय अधिनियम पोक्सो एक्ट आदि के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी तथा बच्चों को नशा से दूर रहने के लिए कहा उन्होंने कहा कि बच्चे किसी भी परिस्थिति में नशा का सेवन नहीं करें अन्यथा उनका भविष्य अंधकार में हो जाएगा। नशा से दिमागी स्थिति खराब हो जाएगी और पढ़ाई भी नहीं कर पाएंगे। सभी बच्चे मन लगाकर पढ़ाई करें पढ़ाई सफलता का सभी द्वारा को खोलता है भविष्य को उज्जवल बनाता है।

## रामनगर में नशेड़ियों की करतूत से प्रताड़ित वृद्ध पहुंचा थाना, की शिकायत

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला शहर से सटे रामनगर निवासी 60 वर्षीय जंगली उरांव गुरुवार दिन के 2 बजे नशेड़ियों की शिकायत लेकर गुमला थाना पहुंचा और लिखित आवेदन देते हुए कार्रवाई की मांग की है। थाना को दिए आवेदन के अनुसार रामनगर निवासी जंगली उरांव रिक्शा चलाकर अपने परिवार का पालन पोषण करता है। विगत एक माह से मोहल्ले के चार-पांच युवक जबरन घर में घुसकर ब्राउन शुगर पीते हैं। मना करने पर जान से मारने की धमकी देते हैं वहीं थाना जाने पर गोली मारने की धमकी भी देते हैं। तीन दिन पूर्व मोहल्ले के चार-पांच युवक घर में लगाए तीन ताले को तोड़कर अंदर घुस गए उस समय घर में कोई नहीं थे। और ब्राउन शुगर पीने लगे फिर लगातार वे लोग घर आकर अड्डा बाजी करते हैं। फिर देर रात को अपने घर चले जाते हैं। कई बार मना करने के बावजूद जबरन घर में घुस जाते हैं। वृद्ध ने बताया उन लोगों के व्यवहार से तंग आ चुका हूं। मैं सुबह रिक्शा चलाने निकल जाता हूं मेरा बेटा पिकअप चलाता है। छह सात माह पूर्व घर के आंगन में रखा रिक्शा भी चोरी हो गया। वृद्ध ने थाना प्रभारी से नशेड़ियों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# स्पोर्ट्स



यहां पर वह सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं जो किसी भी अच्छे स्तर के खिलाड़ी को अपने प्रतिभा को उभारने के लिए जरूरी है।


## रांची में वाइएमसीए क्रिकेट एकेडमी की शुरुआत

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** रांची के शहर के बीचों बीच वाइएमसीए रांची क्रिकेट एकेडमी, कांटा टोली, वाईएमसीए रांची के कैंपस मे पदार्पण हुआ है। इस मौके पर मुख्य अतिथि इंटरनेशनल इंद्रजीत सिंह विशिष्ट अतिथि संजय पांडेय, उपाध्यक्ष झारखंड क्रिकेट एसोसिएशन और लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद, चोन्हास कुजूर, जनरेल सेक्रेटरी, वाईएमसीए और आशीष टोप्पो, सचिव वाइएमसीए ने संयुक्त रूप से किया। यहां पर वह सभी सुविधाएं उपलब्ध हैं जो किसी भी अच्छे स्तर के खिलाड़ी को अपने प्रतिभा को उभारने के लिए जरूरी है। वहां मौजूद क्रिकेट एकेडमी के निदेशक मो वसीम और मो उजैर ने बताया कि बल्लेबाजों को प्रैक्टिस के लिए प्रैक्टिस पिच के साथ हमारा विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम उनकी तकनीक को निखारने और तकनीक में सुधार करने के लिए तैयार किया गया है। अधिक से अधिक उपलब्धियों के लिए प्रयास कर सकते है। इस कोचिंग मे मुख्य कोच मो वसीम, बीसीसीआइ लेवल ए कोच और एनआईएस सर्टिफाइड कोच, जावेद खान, पूर्व स्टेट प्लेयर और मो उजैर एनआईएस सर्टिफाइड कोच के द्वारा ट्रेनिंग दी जायेगी। इस मौके पर मनोज बागे, सौरभ, संतोष, आफताब आलम, शौकत अली, रणविजय सिंह, इमरान, जावेद और गुड्डू समेत कई लोग मौजूद थे।

## साप्ताहिक जन शिकायत निवारण शिविर में 47 आवेदन का निष्पादन



आजाद सिपाही संवाददाता

**सिसई।** 12 जून 2025 दिन गुरुवार को प्रखंड- सह -अंचल कार्यालय सिसई में आयोजित साप्ताहिक जन शिकायत निवारण कार्यक्रम में प्रखंड स्तर पर कुल 19 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 18 आवेदनों का निष्पादन त्वरित कार्यक्रम स्थल पर ही कर दिया गया। एवं 01 आवेदन को संबंधित कर्मी को त्वरित निष्पादन हेतु भेज दिया गया है। अंचल कार्यालय में कुल 35 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से कुल 29 आवेदनों का निष्पादन अंचल स्तर पर कार्यक्रम के दौरान ही कर दिया गया। ऑनलाइन पंजी -2 सुधार हेतु प्राप्त 04 आवेदनों को त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित कर्मचारी को दे दी गई है। साथ ही पीडीएस से संबंधित प्राप्त 02 आवेदनों पर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। कार्यक्रम के दौरान सभी प्रखण्ड व अंचल कर्मी उपस्थित थे।

## बाल श्रम के खिलाफ विद्यार्थियों ने निकाली रैली




**गुमला (आजाद सिपाही)।** बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर सिसई प्रखंड के राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय मकुंदा में एक्सेस टू जस्टिस प्रोग्राम के तहत लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान व शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में हाई स्कूल के बच्चों के बीच बाल श्रम को लेकर जागरूक सह रैली का गुरुवार दिन के 2 बजे आयोजन किया गया। बताया गया की 18 वर्ष से नीचे के बच्चो से काम कराना या काम पे रखना कानून अपराध है। शिक्षा का अधिकार बच्चो के पांच मूलभूत अधिकार के अंतर्गत आता है जिससे इन बच्चो को वंचित नही रखा जा सकता हे। मौके पर विद्यालय की प्रिन्सिपल दीप ज्योति गोप, शिक्षक विनोद उरांव, दिनेश मांझी, अनुपा वेक,रंजीता कुमारी, इळळ जसिंता कुजूर, स्कूल के बच्चे और लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान के क्षेत्रीय कार्यकर्ता बालो कुमारी और दिनेश गोप मौजूद थे।

आजाद सिपाही
रांची, शुक्रवार, 13 जून, 2025
www.azadsipahi.in



# फिरौती के लिए दोस्त का अपहरण रकम नहीं मिलने पर कर दी हत्या

## गला घोंटकर ली जान, फिर शव को दफनाया



आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** जिले के माराफारी थाना क्षेत्र में फिरौती की रकम के लिए एक छात्र का अपहरण कर उसके ही दोस्त द्वारा हत्या कर दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान देवाशीष कुमार के रूप में हुई है। वहीं, मृतक की मां रीता देवी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया। डीएसपी आलोक रंजन के नेतृत्व में एसआईटी का गठन कर जांच के बाद अमन कुमार वत्स (19) नामक किशोर को हिरासत में लिया गया। आरोप है कि अपहरणकर्ता अमन कुमार ने देवाशीष कुमार के परिजनों से 25 लाख रुपए की फिरौती मांगी थी। पैसे ना मिलने पर देवाशीष की गला घोंटकर और पत्थर से कुचल कर हत्या करने के बाद शव को गैमन कॉलोनी के क्वार्टर नंबर जी-9 में गड्ढा खोदकर दफना दिया था।

### वीडियो में देवाशीष रस्सी से बंधा दिखा

पुलिस ने आरोपी अमन कुमार को हिरासत में ले लिया। गुरुवार को एसपी हरविंदर सिंह ने प्रेस वार्ता कर बताया कि घटना 10 जून की है। अमन कुमार वत्स ने दोपहर 2.30 बजे देवाशीष को फोन कर बुलाया था। इसके बाद देवाशीष का मोबाइल बंद हो गया। अगले दिन यानी 11 जून की दोपहर 1.30 बजे अपहरणकर्ता ने देवाशीष के मोबाइल से उसके मामा के बेटे को एक वीडियो भेजा। वीडियो में देवाशीष रस्सी से बंधा दिखा। अपहरणकर्ता ने उसे छोड़ने के लिए 25 लाख रुपए की फिरौती मांगी। वहीं, पकड़े गये अमन कुमार वत्स से पूछताछ में पता चला कि वह साइबर क्राइम में शामिल था। उसका बैंक अकाउंट साइबर पुलिस ने फ्रीज कर दिया था। पैसों की जरूरत के चलते उसने दोस्त देवाशीष का अपहरण किया। बाद में उसकी गला घोंटकर हत्या शव को जमीन में दफना दिया। मौके से पुलिस ने लोहे का साबल, तीन मोबाइल, शराब की आधी भरी बोतल, मृतक का कपड़ा-चप्पल और आरोपी का जूता जब्त किया है। बतातें चलें कि देवाशीष बचपन से अपने मामा के घर रहकर पढ़ाई करता था। उसके पिता विजेंद्र कुमार छत्तीसगढ़ में एक प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं। पुलिस अन्य अपराधियों की संलिप्तता की जांच कर रही है।

# धनबाद पहुंचीं अन्नपूर्णा देवी ने विमान दुर्घटना पर जताया दुख

## जिले में आयोजित अपने सभी कार्यक्रमों को किया रद्द

आजाद सिपाही संवाददाता



धनबाद में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करतीं केंद्रीय मंत्री एवं अन्य।

**धनबाद।** केंद्र में मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित कई कार्यक्रमों में भाग लेने गुरुवार को केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी धनबाद पहुंची थीं। हालांकि उन्होंने लंदन के लिए उड़ान भरने वाले एयर इंडिया के ड्रीमलाइनर विमान की अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त होने और सभी यात्रियों के मारे जाने की घटना पर दुख प्रकट करते हुए जिले में आयोजित अपने सभी कार्यक्रमों को रद्द कर दिया। इस दिन आयोजित संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों से बात करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि घटना काफी दुखद है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद पूरी घटना पर नजर बनाए हुए है। साथ ही गृह मंत्री अमित शाह और उड्डयन मंत्री अहमदाबाद के लिए रवाना हो चुके है। गुजरात सरकार भी राहत कार्य में जुटी है। उन्होंने बताया कि सूचना है कि विमान हादसे में मरने वाले यात्रियों की सूची में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का नाम भी शामिल है। बताया कि घटना की पूरी जांच की जाएगी, लेकिन अभी राहत और बचाव कार्य ज्यादा जरूरी है, जिसपर केंद्र और राज्य सरकार दोनों मिलकर काम कर रहे हैं।

# आज से जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में धनबाद जिला तैराकी चैंपियनशिप




**धनबाद (आजाद सिपाही)।** जिला तैराकी संघ की ओर से जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में 13 और 14 जून को धनबाद जिला तैराकी चैंपियनशिप 2025 आयोजित होने जा रहा है। इस बाबत गुरुवार को 8 लेन स्थिति जॉय जंक्शन कांफ्रेंस हॉल में धनबाद जिला स्विमिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष संतोष सिंह एवं जॉइंट सेक्रेटरी हिमांशु डोकानिया आदि ने संवाददाता सम्मेलन कर चैंपियनशिप की विस्तृत जानकारी दी। पदाधिकारिओं ने बताया कि चैंपियनशिप में फ्रीस्टाइल 50 मीटर, 100 मीटर, 200 मीटर, 400 मीटर, बैकस्ट्रोक 50 मीटर, 100 मीटर, ब्रेस्टस्ट्रोक 50 मीटर, 100 मीटर, बटरफ्लाई 50 मीटर, 100 मीटर, व्यक्तिगत मेडली 100 मीटर, 200 मीटर, रिले 4*50 मीटर, फ्रीस्टाइल, 4*50 मीटर, मेडली प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। चैंपियनशिप में ग्रुप 4 में 8-10 वर्ष, ग्रुप में 11-12 वर्ष, ग्रुप 2 में 13-14 वर्ष और ग्रुप 1 में 15-17 वर्ष आयु के खिलाड़ी शामिल होंगें। चैंपियनशिप धनबाद जिले के सभी तैराकों के लिए खुला है, जो पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं। योग्य खिलाड़ियों को राज्य और राष्ट्रीय स्तर की चैंपियनशिप में भाग लेने के लिए चुना जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए धनंजय सिंह (पप्पू सिंह) तैराकी कोच धनबाद जिला तैराकी संघ से 13 जून को सुबह आठ बजे तक मोबाइल नंबर 9525111296 पर संपर्क किया जा सकता है। इस अवसर पर एसोसिएशन के प्रवक्ता ने बताया कि धनबाद जिला तैराकी संघ एक गैर-लाभकारी संगठन है, जो जिले में तैराकी को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। हमारा मिशन सभी आयु वर्गों और कौशल स्तरों के तैराकों को अपने कौशल विकसित करने और उच्चतम स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के अवसर प्रदान करना है। इस मौके पर स्विमिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष संतोष सिंह, संयुक्त सचिव हिमांशु डोकानिया, कोषाध्यक्ष कुणाल किशोर, आलोक अग्रवाल, डॉक्टर नीलम बाल, पप्पू सिंह और आलोक कुमार आदि उपस्थित थे।

# धनबाद में एके राय की प्रतिमा लगाने को लेकर डीसी से मिला प्रतिनिधिमंडल



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** एके राय स्मारक समिति के एक प्रतिनिधि मंडल ने गुरुवार को धनबाद के डीसी से मुलाकात की। इससे पूर्व स्मारक समिति की ओर से पूर्व सांसद एवं मजदूर नेता कॉमरेड एके राय की मूर्ति धनबाद में किसी भी जगह स्थापित करने का आग्रह निरसा विधायक अरुप चटर्जी एवं सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो से किया था। जिस पर अरूप चटर्जी एवं चंद्रदेव महतो ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मिलकर मांग पत्र सौंपा। इस पर मुख्यमंत्री ने धनबाद में किसी एक जगह मूर्ति लगाने की लिखित स्वीकृति दी है, जिसकी कॉपी इस दिन स्मारक समिति के प्रतिनिधि मंडल ने डीसी से मिलकर सौंपी। प्रतिनिधिमंडल में स्मारक समिति के अध्यक्ष हरिप्रसाद पप्पू, सचिव सतनारायण कुमार, सम्राट चौधरी, आरपी महतो, अजय महतो, राणा चट्टराज और भूषण महतो शामिल थे।

# बाघमारा विधायक प्रतिनिधि पर महिला से मारपीट-छेड़खानी का आरोप, मामला दर्ज

**महुदा (आजाद सिपाही)।** कुलटांड़ निवासी जितेंद्र कुमार ठक्कर की पत्नी काजल ठक्कर ने धनबाद महिला थाना में ऑनलाइन लिखित आवेदन देकर बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो के प्रतिनिधि अजय कुमार दास और सुनिल दास सहित चार अन्य लोगों के खिलाफ घर में घुसकर उसे एवं उसकी पुत्री के साथ मारपिट कर घायल करने और छेड़खानी करने का आरोप लगाया है। आवेदन में महिला ने बताया कि विगत आठ जून की रात करीब 8 बजे उसके पड़ोस में रहने नाले अजय दास, प्रेम दास, सोनू दास, दिला दास, कैलाश और सुनील दास अचानक उसके घर में घुस गये। उन लोगों ने मुझे एवं मेरी बेटी पूर्वी ठक्कर के साथ छेड़खानी करने लगे। ऐसा करने से मना करने पर उसके सिर पर डंडा से वार कर दिया। जिससे सिर फट गया और खून निकलने लगा। जब मैं चिल्लाने लगी तो वे सभी भाग गये। हालांकि जाते-जाते धमकी दी कि किसी को इसकी जानकारी दी तो जान से मार देंगे। महिला ने महिला थाना से दोषी व्यक्तियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। वहीं दूसरे पक्ष के अजय दास से पूछे जाने पर उन्होंने कुछ भी बताने से साफ मना कर दिया। उधर, इस संबंध में महुदा थाना प्रभारी देवानंद प्रसाद ने बताया कि घटना को लेकर कांड संख्या 80/25 के तहत भादवि की धारा 126(2), 115(2), 117(2), 329(4), 74, 351(2) दर्ज कर लिया गया है। जांच करने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# महुदा पुलिस ने जब्त किया कोयला लदा हाइवा

**महुदा (आजाद सिपाही)।** महुदा पुलिस ने गुरुवार की सुबह कार्रवाई करते हुए सड़क किनारे गड्ढे में फंसे कोयला लदे एक हाइवा को जब्त किया है। प्रारंभिक जांच में मामला कोयला चोरी से जुड़ा लग रहा। जिसे ट्रांसपोर्टिंग की आड़ में अंजाम दिया जा रहा था। जानकारी के अनुसार, हाईवा झरिया स्थित एना कोलियरी से कोयला लोड कर टाटा भेलाटांड़, सिजुवा की ओर जा रहा था। लेकिन निर्धारित मार्ग से हटकर कपूरिया मोड़ पार कर महुदा की ओर मुड़ गया। इसी दौरान वाहन सड़क किनारे गड्ढे में उतर गया। यह देख स्थानीय लोगों ने तुरंत महुदा थाना को सूचना दी। खबर पाते ही महुदा पुलिस मौके पर पहुंच गयी और क्रेन की मदद से हाईवा को गड्ढे से बाहर निकालकर जब्त कर लिया। वाहन मालिक एवं ट्रांसपोर्टर की पहचान झरिया निवासी श्रीकांत सिंह के रूप में हुई है।



## झारखण्ड सरकार, गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग
## झारखण्ड आन्दोलनकारी चिन्हितीकरण आयोग।

**74वीं औपबंधिक सूची**
**जिला–राँची (पार्ट–2)**

| क्र0 | आवेदनकर्त्ता की विवरणी | गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग, झारखण्ड, राँची के संकल्प संख्या–1938, दिनांक–20.04.2021 के आलोक में प्रदत्त कंडिका |
|---|---|---|
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी महावीर विश्वकर्मा द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 56. | 1. आवेदन क्र0–266/25 2. आवेदक–छोटु भगत , पिता–स्व0 नन्द किशोर भगत<br>3. ग्राम–काठीटांड पोस्ट–रातु , थाना–रातु., प्रखण्ड–रातु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें ओर पेट में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 57. | 1. आवेदन क्र0–267/25 2. आवेदक–सुकर मुण्डा , पिता–चुमनु मुण्डा<br>3. ग्राम–तिगरा , पोस्ट– गुडू , थाना–रातु., प्रखण्ड–रातु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–54वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ हाथ में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 58. | 1. आवेदन क्र0–268/25 2. आवेदक–राजेश तिर्की, पिता–स्व0 बन्धू उराँव<br>3. ग्राम–कोटा, पोस्ट– सपारोम , थाना–नगड़ी., प्रखण्ड–नगड़ी<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 59. | 1. आवेदन क्र0–269/25 2. आवेदक–सुरेश उराँव , पिता–सुका उराँव<br>3. ग्राम–गुडू, पोस्ट– गुडू , थाना–रातु., प्रखण्ड–रातु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 60. | 1. आवेदन क्र0–270/25 2. आवेदक–सोमरा उराँव , पिता–स्व0 विगलू उराँव<br>3. ग्राम–गुडू, पोस्ट– गुडू , थाना–रातु., प्रखण्ड–रातु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–77 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 61. | 1. आवेदन क्र0–271/25 2. आवेदक–जगरनाथ उराँव , पिता–स्व0 जतरू उराँव<br>3. ग्राम–गडरी , पोस्ट– गुडू , थाना–रातु., प्रखण्ड–रातु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना आँख में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 62. | 1. आवेदन क्र0–272/25 2. आवेदक–संतोष उराँव , पिता–सोमा उराँव<br>3. ग्राम–भोंडा सरना टोली , पोस्ट– गुडू , थाना–रातु., प्रखण्ड–रातु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–48 वर्ष, पहचान चिन्ह–जाँघ में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 63. | 1. आवेदन क्र0–273/25 2. आवेदक–जौरा उराँव , पिता–स्व0 मंगरा उराँव<br>3. ग्राम–भोण्डा सरना टोली , पोस्ट– गुडू , थाना–रातु., प्रखण्ड–रातु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ पैर तल्वा के नीचे तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 64. | 1. आवेदन क्र0–274/25 2. आवेदक–जतरू उराँव , पिता–स्व0 मंगरा उराँव<br>3. ग्राम–डंडई हेहल , पोस्ट–रातु , थाना–रातु., प्रखण्ड–रातु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–60 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ कान में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 65. | 1. आवेदन क्र0–275/25 2. आवेदक–मो0 हसन अंसारी , पिता–स्व0 रज्जाक अंसारी<br>3. ग्राम–लाईन मोहल्ला , पोस्ट–डोरण्डा , थाना–डोरण्डा प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–68 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथा के बीच में कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी मो0 एजाज एवं समसाद अहमद द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान तथा पहचान के आधार पर। | |
| 66. | 1. आवेदन क्र0–276/25 2. आवेदक–निखत परवीन (आश्रित पत्नी) , पति–स्व0 गुलाम साबीर (आंदोलनकारी)<br>3. ग्राम–इदरीश कॉलोनी कांटा टोली , पोस्ट–राँची , थाना–लोअर बाजार ,प्रखण्ड– राँची<br>4. लिंग–महिला , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 67. | 1. आवेदन क्र0–277/25 2. आवेदक–सोहिल अहमद , पिता–समी अहमद<br>3. ग्राम–बबलु पैंट , चर्च रोड राँची , पोस्ट–राँची , थाना–लोअर बाजार ,प्रखण्ड– राँची<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 68. | 1. आवेदन क्र0–278/25 2. आवेदक–नफीस अखतर , पिता–स्व0 मोहम्मद नेजाम<br>3. ग्राम–नदीम मंजिल आजाद बस्ती, राँची , पोस्ट–राँची , थाना–लोअर बाजार ,प्रखण्ड–राँची<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 69. | 1. आवेदन क्र0–279/25 2. आवेदक–फरहत आरा , पति–स्व0 अबू फतेह मोहम्मद ईमरान<br>3. ग्राम–मिल्लत कालोनी स्ट्रीट , पोस्ट–पत्थलकुदवा , थाना–लोअर बाजार ,प्रखण्ड– राँची<br>4. लिंग–महिला , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 70. | 1. आवेदन क्र0–280/25 2. आवेदक–मो0 शाहिद हुसैन , पिता–मो0 इदरीश<br>3. ग्राम–मिल्लत कालोनी, पोस्ट–काँके, थाना–काँके ,प्रखण्ड–काँके<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना गाल पर कट का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 71. | 1. आवेदन क्र0–281/25 2. आवेदक–मो0 जमीर , पिता–मो0 हुसैन<br>3. ग्राम–लोक विहार कॉलोनी, एच0बी0 रोड , पोस्ट–जी0पी0ओ0 , थाना–लालपुर, प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–44 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित एवं सुविख्यात झारखण्ड आन्दोलनकारी भौवा उरावँ एवं नीलमनी भगत के द्वारा पहचान तथा अलग राज्य आन्दोलन से संबंधित बैठक पंजी में नाम। | |
| 72. | 1. आवेदन क्र0–714/25 2. आवेदक–बन्धैन उराईन , पति–स्व0 महादेव उराँव<br>3. ग्राम–घाघरा , पोस्ट–पुसो सिसई , थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–महिला , आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 73. | 1. आवेदन क्र0–282/25 2. आवेदक–सीटू मुण्डा , पिता–स्व0 दुखन मुण्डा<br>3. ग्राम–गिसों ठाकुरगाँव , पोस्ट–ठाकुरगाँव , थाना–ठाकुरगाँव, प्रखण्ड–बुडमू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना साइड माथा में निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 74. | 1. आवेदन क्र0–283/25 2. आवेदक–लक्ष्मण भगत , पिता–स्व0 कौगले भगत<br>3. ग्राम–हर्री , पोस्ट–सिबनाथपुर , थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें नाक में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 75. | 1. आवेदन क्र0–715/25 2. आवेदक–घोन्जो देवी, पति–बुधराम उराँव<br>3. ग्राम–चैगरी, पोस्ट–पुटो दुको , थाना–घाघरा, प्रखण्ड–घाघरा<br>4. लिंग–महिला , आयु–61 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें चेहरा में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 76. | 1. आवेदन क्र0–716/25 2. आवेदक–तिलु उराँव , पिता–स्व0 सोमा उराँव<br>3. ग्राम–लरंगो डिम्बा टोली , पोस्ट–लरंगो , थाना–पुसो सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–73 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायाँ पैर में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 77. | 1. आवेदन क्र0–717/25 2. आवेदक–रातमुनी देवी , पति–सोमा उराँव<br>3. ग्राम–लरंगो डिम्बा टोली , पोस्ट–लरंगो , थाना–पुसो सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–महिला , आयु–41 वर्ष, पहचान चिन्ह–माथा पर घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 78. | 1. आवेदन क्र0–718/25 2. आवेदक–बुधु साहु , पिता–स्व0 मुट्टा साहू<br>3. ग्राम–पुसो , पोस्ट–पुसो , थाना–पुसो, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–चेहरा में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 79. | 1. आवेदन क्र0–284/25 2. आवेदक–शंकर मुण्डा , पिता–स्व0 दुखन मुण्डा<br>3. ग्राम–रामनीटांड , पोस्ट–गिजों ठाकुरगाँव, थाना–बुडमू, प्रखण्ड–बुडमू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना घुटना में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 80. | 1. आवेदन क्र0–719/25 2. आवेदक–बंधनु उराँव , पिता–स्व0 बिरया उराँव<br>3. ग्राम–कुर्गी , पोस्ट–शिवनाथपुर , थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–74 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं । | कंडिका–2(ix) |
| 81. | 1. आवेदन क्र0–720/25 2. आवेदक–मंगलदेव उराँव, पिता–स्व0 महावीर उराँव<br>3. ग्राम–नवाडीहा करंज टोली, पोस्ट–नवडीहा , थाना–घाघरा, प्रखण्ड–घाघरा<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें हाथ में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 82. | 1. आवेदन क्र0–285/25 2. आवेदक–मुन्नी देवी , पति–रामफल मुण्डा<br>3. ग्राम–गिजों ठाकुरगाँव , पोस्ट–ठाकुरगाँव , थाना–ठाकुरगांव, प्रखण्ड–बुडमू<br>4. लिंग–महिला , आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–गर्दन में मासा का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 83. | 1. आवेदन क्र0–721/25 2. आवेदक–बुधेश्वर उराँव , पिता–शाम उराँव<br>3. ग्राम–लरंगो डिम्बा टोली , पोस्ट–लरंगो , थाना–पुसो सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ पैर में तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 84. | 1. आवेदन क्र0–286/25 2. आवेदक–सुरेश मुण्डा , पिता–स्व0 दुखन मुण्डा<br>3. ग्राम–गिजों ठाकुरगाँव , पोस्ट–ठाकुरगाँव, थाना–बुडमू, प्रखण्ड–बुडमू<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–49 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना गर्दन में मासा का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 85. | 1. आवेदन क्र0–722/25 2. आवेदक–मंगरा उराँव , पिता–गान्द्रे उराँव<br>3. ग्राम–जतरगड़ी , पोस्ट–पाबेया , थाना–भरनो, प्रखण्ड–भरनो<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–55 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती पर घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 86. | 1. आवेदन क्र0–723/25 2. आवेदक–सुरेश साहू , पिता–धनी साहू<br>3. ग्राम–लरंगो बर टोली , पोस्ट–लरंगो , थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–70वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ पैर में घाव का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 87. | 1. आवेदन क्र0–729/25 2. आवेदक–भूखा उराँव , पिता–स्व0 कहरू उराँव<br>3. ग्राम–लरंगो डिम्बा टोली , पोस्ट–लरंगो , थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–दायाँ आँख के पर तिल का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 88. | 1. आवेदन क्र0–724/25 2. आवेदक–बनेश्वर उराँव , पिता–स्व0 चौथा उराँव<br>3. ग्राम–कुचा , पोस्ट–सिसई घाघरा , थाना–सिसई, प्रखण्ड–सिसई<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| 89. | 1. आवेदन क्र0–287/25 2. आवेदक–त्रिपुरारी तिवारी , पिता–स्व0 केशवराम तिवारी<br>3. ग्राम–सोनचिपी , पोस्ट–सोनचिपी , थाना–चान्हों, प्रखण्ड–चान्हों<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–कपाल में गढा का निशान । | कंडिका–2(ix) |
| 90. | 1. आवेदन क्र0–288/25 2. आवेदक–पीताम्बर महतो , पिता–स्व0 नन्दलाल महतो<br>3. ग्राम–करकट, पोस्ट–करकट , थाना–चान्हों, प्रखण्ड–चान्हों<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–62 वर्ष, पहचान चिन्ह–शरीर में छोटा–छोटा दाग का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 91. | 1. आवेदन क्र0–289/25 2. आवेदक–राम खाखा , पिता–बिरसा उराँव<br>3. ग्राम–सकरपुर , पोस्ट–सकरपुर , थाना–लापुँग , प्रखण्ड–लापुँग<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी गोविन्द महतो एवं मो0 माकसुद द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 92. | 1. आवेदन क्र0–290/25 2. आवेदक–अनिल चन्द्र महतो , पिता–स्व0 विश्वनाथ महतो<br>3. ग्राम–निलरतनस्ट्रीट अपर बाजार राँची , पोस्ट–कोतवाली , थाना–राँची , प्रखण्ड–राँची<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 93. | 1. आवेदन क्र0–291/25 2. आवेदक–विश्वम्भर महतो , पिता–स्व0 नन्दलाल महतो<br>3. ग्राम–सिटकाडीह , पोस्ट–टूटकी नवाडीह , थाना–सिल्ली , प्रखण्ड–सिल्ली<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–75 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल में काला तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 94. | 1. आवेदन क्र0–473/25 2. आवेदक–किशोर कुमार , पिता–स्व0 भजोहरि महतो<br>3. ग्राम–पारडीह , पोस्ट–मानगो , थाना–मानगो , प्रखण्ड–जमशेदपुर<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–69 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें गाल में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 95. | 1. आवेदन क्र0–292/25 2. आवेदक–दीपक कुमार साहु , पिता–मोती लाल साहु<br>3. ग्राम–कांके रोड डैम साइड राँची , पोस्ट–गाँधी नगर , थाना– कांके, प्रखण्ड–कांके<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–52 वर्ष, पहचान चिन्ह–सिर पर कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 96. | 1. आवेदन क्र0–293/25 2. आवेदक–प्रमोद कुमार कुशवाहा , पिता–स्व0 हरि महतो<br>3. ग्राम–लखराज रोड मोराबादी , पोस्ट–आर यू , थाना–बरियातु, प्रखण्ड–बरियातु<br>4. लिंग–पुरूष, आयु–50 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना भांव में कट का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी विनोद कुमार भगत एवं मानव घोष दस्तीदार द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 97. | 1. आवेदन क्र0–294/25 2. आवेदक–विशु प्रसाद , पिता–स्व0 मानकी प्रसाद<br>3. ग्राम–लालपुर , पोस्ट–लालपुर , थाना– लालपुर , प्रखण्ड– राँची सदर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–65 वर्ष, पहचान चिन्ह–गले में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी सुबोधकांत सहाय द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 98. | 1. आवेदन क्र0–295/25 2. आवेदक–शमशेर आलम , पिता–सगिरूल हक<br>3. ग्राम–नाला रोड हिन्दपिढ़ी , पोस्ट– हिन्दपिढ़ी , थाना– हिन्दपिढ़ी , प्रखण्ड– राँची सदर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायां कान के निचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरण :–चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी सुदामा खलखो एवं मुनेश्वर केवट द्वारा आवेदन पर दर्ज बयान का आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो द्वारा अनुमोदन के आधार पर। | |
| 99. | 1. आवेदन क्र0–296/25 2. आवेदक–छेनी देवी , पति–प्रभु भगत<br>3. ग्राम–सोपारम मेवार टोली , पोस्ट–चान्हो, थाना–चान्हों, प्रखण्ड–चान्हों<br>4. लिंग–महिला , आयु–45 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में घुटना के नीचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 100. | 1. आवेदन क्र0–297/25 2. आवेदक–धनिया देवी , पति–भदवा मुण्डा<br>3. ग्राम–बोड़ैया (चिरौंदी) , पोस्ट–बोड़ैया , थाना–बरियातु , प्रखण्ड–कांके<br>4. लिंग–महिला , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हथेली पर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 101. | 1. आवेदन क्र0–298/25 2. आवेदक–दुलारी खलखो, पति–स्व0 कुंवर खलखो<br>3. ग्राम–लालगंज , पोस्ट–सुगनू , थाना–सदर , प्रखण्ड–कांके<br>4. लिंग–महिला , आयु–54 वर्ष, पहचान चिन्ह–बायें आंख के नीचे तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 102. | 1. आवेदन क्र0–299/25 2. आवेदक–अनिल मुण्डा , पिता–स्व0 भुनू मुण्डा<br>3. ग्राम–बोड़ैया (चिरौंदी) , पोस्ट–बोड़ैया , थाना–बरियातु , प्रखण्ड–कांके<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–42 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में जला हुआ निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 103. | 1. आवेदन क्र0–300/25 2. आवेदक–सुकरा गाड़ी , पिता–स्व0 चुन्दा गाड़ी<br>3. ग्राम–पाहन टोली , होटवार , पोस्ट–होटवार , थाना–होटवार, प्रखण्ड–कांके<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–59 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना पैर में काला दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 104. | 1. आवेदन क्र0–301/25 2. आवेदक–गोविन्द महतो , पिता–स्व0 घिरेन महतो<br>3. ग्राम–बारेडीह , पोस्ट–बन्ता हजाम , थाना–सिल्ली, प्रखण्ड–सिल्ली<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–67 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना गाल पर काला दाग। | कंडिका–2(ix) |
| 105. | 1. आवेदन क्र0–302/25 2. आवेदक–काली पद महतो , पिता–राम महतो<br>3. ग्राम–बासुडीह , पोस्ट–बन्ता हजाम , थाना–सिल्ली, प्रखण्ड–सिल्ली<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–58 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 106. | 1. आवेदन क्र0–303/25 2. आवेदक–अशोक किस्पोटा (आश्रित पुत्र) , पिता–स्व0 अल्फ्रेड किस्पोटा<br>3. ग्राम–मकचुन्द टोली, चुटिया , पोस्ट–चुटिया , थाना–चुटिया , प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–37 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना हाथ में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 107. | 1. आवेदन क्र0–345/25 2. आवेदक–द्वारिका सिंह मुण्डा , पिता–स्व0 हरेकृष्ण सिंह मुण्डा<br>3. ग्राम–बाँकु , पोस्ट–सोनाहातु , थाना–सोनाहातु, प्रखण्ड–सोनाहातु<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–47 वर्ष, पहचान चिन्ह–छाती में तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| 108. | 1. आवेदन क्र0–346/25 2. आवेदक–अब्दुल कयूम, पिता–स्व0 मो0 कासिम<br>3. ग्राम–टांगर , पोस्ट–टांगर , थाना–चान्हों , प्रखण्ड–चान्हों<br>4. लिंग–पुरूष , आयु–57 वर्ष, पहचान चिन्ह–दाहिना आंख के उपर तिल का निशान। | कंडिका–2(ix) |
| | विवरणः– चिन्हित झारखण्ड आन्दोलनकारी पवन कुमार चौधरी एवं रमेश कुमार साहु के द्वारा आयोग के माननीय सदस्य श्री भुवनेश्वर महतो के समक्ष आवेदन पर दर्ज बयान एवं पहचान के आधार पर। | |
| 109. | 1. आवेदन क्र0–347/25 2. आवेदक–सज्जि कुमार बालकृष्णन नायर , पिता–पी0जी0बी0 नायर<br>3. ग्राम–श्यामली/मेकॉन कॉलोनी , पोस्ट–डोरण्डा , थाना–डोरण्डा , प्रखण्ड–सदर<br>4. लिंग–महिला , आयु– 63 वर्ष, पहचान चिन्ह–अंकित नहीं। | कंडिका–2(ix) |

नोट :–
1. यह सूची पूर्णरूपेण औपबंधिक है।
2. यह सूची आयोग के द्वय सदस्यों द्वारा स्थानीय जांच शिविर/कार्यालय में जांच कर आवेदन पर दर्ज बयान के आधार आवेदन प्रपत्र की कण्डिका 14(ग) के आलोक में प्रकाशित की गयी है।
3. इस सूची में किसी प्रकार की त्रुटि पाये जाने पर दस (10) दिनों के अन्दर आयोग को आपत्ति कर सकते हैं।
4. आश्रित होने पर मृत्यु प्रमाण पत्र तथा आश्रित संबंधी प्रतिवेदन संलग्न करना आवश्यक है।

| (भुवनेश्वर महतो) | (नरसिंह मुर्मू) | (दुर्गा उराँव) |
|---|---|---|
| सदस्य | सदस्य | अध्यक्ष |

PR 354693 Home(25-26)D

# मई में रिटेल महंगाई घट कर 2.82 फिसदी पर आयी

- खाने-पीने के सामान की कीमतों में नरमी से घटी महंगाई

## खाने-पीने के सामान की कीमत घटी

- महंगाई के बास्केट में लगभग 50% योगदान खाने-पीने की चीजों का होता है। इसकी महीने-दर-महीने की महंगाई 1.78% से घट कर 0.99% हो गयी है।
- अप्रैल महीने में ग्रामीण महंगाई दर 2.92% से घट कर 2.59% हो गयी है। वहीं शहरी महंगाई 3.36% से घट कर 3.07% हो गयी है।

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** भारत की रिटेल महंगाई मई में 2.82% पर आ गयी है। यह 6 साल का निचला स्तर है। इससे पहले मार्च 2019 में ये 2.86% रही थी। खाने-पीने के सामान की कीमतों में लगातार नरमी के कारण रिटेल महंगाई घटी है। इससे पहले अप्रैल में रिटेल महंगाई घट कर 3.16% पर आ गयी थी। वहीं मार्च महीने में रिटेल महंगाई 3.34% रही थी। ये महंगाई का 67 महीने का निचला स्तर था। 12 जून को रिटेल महंगाई के आंकड़े जारी किये गये हैं। रिटेल महंगाई फरवरी से आरबीआइ के लक्ष्य 4% से नीचे है। इससे पहले 4 से 6 जून तक हुई आरबीआइ मॉनीटरी पॉलिसी कमेटी की मीटिंग में भी वित्त वर्ष 2025-26 के लिए महंगाई का अनुमान 4% से घटा कर 3.7% कर दिया था।

# अहमदाबाद विमान हादसे पर लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने गहरा शोक प्रकट किया



राजधनवार (आजाद सिपाही)। भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व आइजी लक्ष्मण प्रसाद सिंह ने अहमदाबाद विमान हादसे पर गहरा शोक प्रकट किया है। साथ ही इस अकल्पनीय दुर्घटना में अपने निकट संबंधियों को खोनेवाले परिवारों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की है। उन्होंने कहा कि यह सबसे बड़े विमान दुर्घटनाओं में से एक है। मेरी संवेदना और प्रार्थना उन परिवारों के साथ है, जिन्होंने इस दुर्घटना में अपने करीबियों को खो दिया। उन्होंने असमय जान गंवानेवाले लोगों को श्रद्धांजलि दी है।

GURUCHARAN BOYS HOSTEL
BOOKING STARTED
LIMITED SEATS
ALBERT EKKA COMPOUND, NEAR KASHYAP EYE HOSPITAL PURULIA ROAD, DANGRATOLI, RANCHI - 834001
7004950653, 9708561747, 9334103248, 8340271211
FACILITIES AVAILABLE
GEYSER | WASHING MACHINE
FOODING | 24X7 COLD & NORMAL RO WATER
24 HOUR ELECTRICITY | FREE WIFI ZONE
PILLOW & MATTRESS | DAILY BATHROOM CLEANING
LOCKER | DAILY ROOM CLEANING
ALMIRAH | MEDICAL EMERGENCY
BOX BEDDING | 24 HRS GUARDING

THE DESERVE
Sri Karishna Mathura Tower, (Near Kaveri Restaurant), Circular Road, Lalpur, Ranchi
9835722261
निःशुल्क COMPUTER प्र० (DCA)
SPOKEN ENGLISH (GD +PD)
Other Courses
ADCA / DTP / C++
A+ / JAVA / PYTHON ect.
HINDI & ENGLISH TYPING
DFA - GET JOB
GST
D-4 MONTH MONEY BACK

पं० शम्भुनाथ उपाध्याय
इन्द्रजीत भवन, पहाड़ी मंदिर के सामने, बानों मंजिल रोड, रांची-834001
9431585446 | 7903633179

JOB चाहिए ? COMPUTER सीखिए !
The LINGO
Institute of English Language & Computer Education
धाराप्रवाह अंग्रेजी बोलना सिखें वैज्ञानिक एवं मनोवैज्ञानिक पद्धति द्वारा
OUR COURSES
ADCA, DCA, DTP, C++, Typing, Tally With GST, Advance Excel
सब पढ़ाते है हम सिखाते हैं।
Daily Practical LAB
Spoken English Basic & Advanced
9304108669
1st Floor, Anivash Complex, Opp. Dr. Amit Mukherjee Near Plaza Chowk, Ranchi - 834001 (Jharkhand)

आसान नहीं फौजी कहलाना दोस्त, जज़्बात पिघलाकर रगों में लोहा भरना पड़ता है,
YODDHA DEFENCE ACADEMY
NDA Target.
NDA Foundation (11th & 12th)
NDA Pre Foundation (8th & 10th)
CDS/MNS/AF
CPMF
Director & Mentor Brig. B.G. Pathak
Nurturing our youth Shaping new soldiers
9153595906
3rd Floor Avinash Complex, East Jail Road, Lalpur, Ranchi

KHAN ACADEMY
CLASSES FOR SCIENCE & COMMERCE
Admissions Going On
9th | 10th CBSE | ICSE | JAC
11th | 12th CBSE | ICSE | JAC
7529917589, 8294330776
2ND FLOOR AVINASH COMPLEX, EAST JAIL ROAD OPP - DR. AMIT MUKHERJEE HOSPITAL, RANCHI

Reg. no. JH-20-0100987
BUBU PLAY SCHOOL
ADMISSION OPEN
SESSION 2025-26
AGE GROUP
Play Group - 2 to 3 years
Nursery - 3 to 4 years
L.K.G - 4 to 5 years
U.K.G - 5 to 6 years
ADDRESS
NAGRI - BUKRU (NEAR JATRA MAIDAN) KANKE, RANCHI (JH.) 834006
REGISTER NOW
CONTACT NO. +91-9334814668 +91-9798295759
WEBSITE : bpsranchi.com
EMAIL ID : bubuplayschool2025@gmail.com

Saddam 7645010000
H.Q. MOTORS
Sale Purchase & Exchange of used Bike & Scooty
हमारे यहाँ सभी प्रकार के पुरानी मोटरसाईकिल एवं स्कूटी की खरीद और बिक्री होती है।
रिपेयरिंग और सर्विसिंग होती है।
फाइनेंस उपलब्ध है
Old Hazaribag Road, Near, Mangal Tower, Kanta Toli Ranchi

WELCOME TO KIDS SECOND HOME
LITTLE STAR KIDS PLAY SCHOOL
Your's Favorite Preschool
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG, CLASS 1,2
ADMISSION OPEN 8252797609
Chuna Bhatha Road, Near Dislreey Pull, H.B. Road, Kokar, Ranchi (Jharkhand)

EUROKIDS GLOBAL SCHOOL
PRE-SCHOOL
PLAY GROUP, NURSERY, LKG, UKG & CLASS 1 TO 5
AGE FROM-1.8 TO 11 YEARS
Heureka, Euphonics, Mathlab, Scientific-Spark, Eurofit, Yogakids, Euro-Music, Mindful+
ENROL NOW! 2025-26
Rims Road, Tunki Tola, Kokar Ranchi // Mob:-7903079507 / 8092334348

SACRED CHILD ACADEMY PLAY SCHOOL
Pre Nursery, Nursery, KG - I, KG - II
Tiril Road, Kokar, Ranchi | 9661169815

MEENA GENERAL HOSPITAL
(A Unit of Meena Hospital Pvt.Ltd.)
SPECIALTIES
Anesthesiology. Critical Care. Dental. Internal Medicine. Lab & Radiology. Obstetrics & Gynecology. Ophthalmology. Pediatrics & Neonatology. Urology. General Surgery. Orthopedics & Trauma. Physiotherapy.
Ambulance Facilities
Ghujadih, G.T.Road, Near Kulgo Toll Plaza, P.s.- Dumri, Giridih, (Jh.) 8969984705

ADMISSION OPEN
50 % OFF TILL JUNE 2025
L.P. PUBLIC SCHOOL
50+ Years of Trusted Early Education in KOKAR
Opposite Paridhan, Near Jeep Showroom KOKAR

EXPERIENCE Happy Riding
मात्र ₹ 38,000/- On Road
बैटरी स्कूटी, कम लागत, कम रखरखाव, लाइसेंस मुक्त, एक साल की वारंटी, 60 किलोमीटर रेंज
CONTACT FOR DEALERSHIP
J.K SALES
Pillar No. 83, In Between O.T.C. Ground & Piska More Ratu Road, Beside M-Bazar, Lakdi Tall, Ranchi
M.- 9386070011

Mob.: 9523367777 9931699449
SRI SAI ENTERPRISES
Khelgaon Chowk, Dipatoli, Ranchi - 834009

MAHAVIR DENTAL CLINIC
Dr. Anil Kumar B.Sc, B.D.S M.I D.A (New Delhi)
Fee Valid For 15 Days
Time : 10AM to 02:00PM & 04:00PM To 07:00PM
6206969366, 9934943989

JAISWAL CCTV
अपने शहर राँची में एक कॉल पर घर या ऑफिस में टेक्निशियन बुलाएं
ऑफिस घर या दुकान में CCTV कैमरा लगवाएं
INTERCOM, BIOMETRICS, CCTV
9431584423
Raj Complex, Radium Road, Kutchery Road, Ranchi

TEXMO Borewell Submersibles
AQUATEX Agricultural Monoblocks Open-well Submersibles Pumps Pressure Boosting Systems
Eleven Times Export Award Winner
Manufactured Exclusively by AQUASUB ENGG. COIMBATORE
Authorised Dealer : PUMPS & PRIMOVERS
Dr. Fateullah Road, Ranchi-834001, Jharkhand
Ph.: 0651-3580818, Mob.: 9431108785, 9334702026, 9234300862
Website : www.pumpsandprimovers.co.in, Email : jai.kissan553@gmail.com

Glossy Jewels
अब आपके शहर राँची में स्टर्लिंग सील्वर ज्वेलरी और प्रीमियम आर्टिफिशियल ज्वेलरी का विशेष संग्रह अब एक छत के नीचे।
Special offer :
Flat 20% off on Sterling Silver Jewellery
Flat 50% off on Artificial Jewellery
Glossy Jewels.com
Near Satyabhama Tower, Hazaribagh Road, Lalpur, Ranchi-834001
Team of Glossy Jewels @glossyjewels Contact@glossyjewels
7667873439

PROPERTIES DEALER
जमीन, फ्लैट, मकान
खरीदने व बेचने एवं अपनी जमीन में बिल्डर द्वारा फ्लैट बनवाने के लिए संपर्क करें
मो. 8102553784 9308973643
WATER WORLD
बोरिंग के लिए संपर्क करें ।
Lower P.P. Compound Near Gurunanak, School, Ranchi

प्रकाशित
Verma's Today CHAPTER WISE CLASS - XI 2025
ARTS, SCIENCE, COMMERCE
All Subjects Combined in ONE BOOK
मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!
VERMA PRESS PVT. LTD. 4, R. G. STREET, THARPAKHNA RANCHI (JHARKHAND) - 834 001

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. RN/249/2019-21